

अमित शाह का दावा, भाजपा पहले चरण की 110 सीटें जीतेगी - 12



अनिश्चितता से घिरे शेयर बाजार में फिर बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,000 अंक टूटा- 12



इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था के लिए नाबालिग को बाध्य नहीं कर सकते : सुप्रीम - 13



दिग्गज तेंदुलकर ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन - 14


आज का मौसम | $43.0^0$ अधिकतम तापमान | $28.0^0$ न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 05.37 | सूर्यास्त 06.43

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी 06:28 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 25 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 150, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# आप के केजरी की ढही 'वॉल'

## राघव चड्ढा, मालीवाल समेत सात राज्यसभा सांसद आप का दामन छोड़ भाजपा में शामिल | चड्ढा बोले- जिस पार्टी को उन्होंने खून-पसीने से सींचा वह अपने सिद्धांतों से पूरी तरह भटकी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में सत्ता गंवाने के बमुश्किल एक साल बाद शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) को तब सबसे बड़ा झटका लगा जब राघव चड्ढा समेत उसके सात राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी। चड्ढा के अलावा 'आप' से इस्तीफा देने वाले अन्य राज्यसभा सदस्यों में संदीप पाठक, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, अशोक मित्तल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रम साहनी शामिल हैं।

उन्होंने कहा, आप, जिसे मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और जिसे मैंने अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिक मूल्यों से पूरी तरह भटक गई है। हाल ही में चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह मित्तल को नियुक्त किया गया था।

उन्होंने कहा, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सदस्य हैं। इनमें से दो-तिहाई से अधिक सांसद इस पहल में हमारे साथ हैं। चड्ढा ने कहा, उन्होंने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, और शुक्रवार सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्रों एवं अन्य औपचारिक दस्तावेज सहित सभी आवश्यक कागजात सौंप दिए हैं। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए चड्ढा ने कहा कि पार्टी अब देश के लिए नहीं, बल्कि अपने ही फायदे के लिए काम कर रही है। चड्ढा ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, मुझे यह महसूस होने लगा है कि मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं। आज, मैं आप से अलग होने और जनता के साथ अधिक निकटता से काम करने के अपने निर्णय की घोषणा करता हूं। इस दौरान राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होगी, लेकिन ऐसा हो गया है।

पाठक ने कहा, मैं दस साल तक इस पार्टी से जुड़ा रहा। और आज मैं आम आदमी पार्टी से अलग हो रहा हूं।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राघव चड्ढा।

**इन सांसदों ने छोड़ा आम आदमी पार्टी का साथ**



संदीप पाठक



अशोक मित्तल



हरभजन सिंह



विक्रजीत साहनी



राजेंद्र गुप्ता



स्वाति मालीवाल

### भाजपा बोली- भ्रष्ट आम आदमी पार्टी पर कोई भरोसा नहीं करता

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि राघव चड्ढा और संदीप पाठक सहित आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सदस्यों के इस्तीफा देने और भाजपा में शामिल होने की घोषणा के बाद आप पूरी तरह से बिखर गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भ्रष्ट आम आदमी पार्टी पर कोई भरोसा नहीं करता। यह पार्टी, जिसने खुद को एक अलग तरह की पार्टी होने का दावा करते हुए शुरुआत की थी, भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है। पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर कहा, आम आदमी पार्टी पूरी तरह से बिखर गई है। इसका टूटना अब अटकलबाजी नहीं रही, बल्कि यह वास्तविक रूप से हो रहा है। चड्ढा और पाठक ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे आप के पांच अन्य सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। चड्ढा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप के राज्यसभा के 10 में से 7 सदस्य भाजपा में शामिल हो रहे हैं। संविधान के अनुसार, किसी पार्टी के कुल सांसदों में से दो-तिहाई सांसद दूसरी पार्टी में विलय कर सकते हैं। हमने इस संबंध में आज राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक पत्र सौंपा है।

### केजरीवाल ने कहा-भाजपा ने पंजाब के साथ धोखा किया

**नई दिल्ली।** आप के सात राज्यसभा सदस्यों के पार्टी छोड़ने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा ने एक बार फिर पंजाब की जनता के साथ धोखा किया है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा ने एक बार फिर पंजाबियों के साथ धोखा किया है।



# टेक्नोलॉजी, वैल्यू एडिशन और किसानों की आय बढ़ाना लक्ष्य : शिवराज सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर राज्य को कृषि के लिए स्पष्ट रोडमैप के साथ फार्मर आईडी बनाने में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी, वैल्यू एडिशन और किसानों की आय बढ़ाना लक्ष्य है। किसानों को नई तकनीक, बेहतर बीज और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना ही सरकार की प्राथमिकता है। बिना लक्ष्य ठोस योजना के खेती और किसानों का समग्र विकास संभव नहीं है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को लखनऊ के एक होटल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र) का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी के साथ उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में फार्मर आईडी बनाने का काम तेजी से चल रहा है, जिससे किसानों को एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। इस आईडी के माध्यम से किसान विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने राज्यों से इस दिशा में तेजी से कार्य करने का आह्वान किया। चौहान ने कहा कि देश में अब 'लैब टू लैंड' की अवधारणा को तेजी से लागू किया जा रहा है, जिससे शोध सीधे खेत तक पहुंच रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि कृषि को वैल्यू एडिशन और प्रोसेसिंग से जोड़ना समय की आवश्यकता है। फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग नेटवर्क के विस्तार से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। कार्यक्रम में यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उद्यान मंत्री हिमाचल प्रदेश जगत सिंह नेगी, कृषि मंत्री उत्तराखंड गणेश जोशी आदि प्रमुख लोग शामिल रहे।



- केंद्रीय कृषि मंत्री और सीएम योगी ने किया क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का उद्घाटन, फार्मर आईडी पर फोकस
- रामनाथ ठाकुर बोले- कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्यों के साथ समन्वय जरूरी

### पहले औपचारिक आयोजनों तक सीमित थीं नीतियां: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले नीतियां केवल औपचारिक आयोजनों तक सीमित थीं, लेकिन अब किसानों को जानकारी, संसाधन और बाजार तीनों उपलब्ध हो रहे हैं। यही कारण है कि किसान नई तकनीकों को अपनाकर बेहतर परिणाम दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 'लैब टू लैंड' की अवधारणा अब धरातल पर उतर चुकी है, जिससे किसानों को सीधे वैज्ञानिक तकनीकों का लाभ मिल रहा है। वैज्ञानिक तकनीकों, एग्रो-क्लाइमेटिक जोन आधारित रणनीति और केंद्र-राज्य के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ा है, बहुफसली खेती का विस्तार हुआ है और वैल्यू एडिशन पर फोकस बढ़ा है।

**ब्रीफ न्यूज**

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि उसने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जारी किया गया बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। बैंक के मामले इस तरह से संचालित किए जा रहे थे, जो बैंक और उसके जमाकर्ताओं के हित के लिए हानिकारक थे। आरबीआई ने कहा, बैंक के प्रबंधन का सामान्य चरित्र जमाकर्ताओं के हित के साथ ही सार्वजनिक हित के लिए भी प्रतिकूल है। इसके चलते पेटीएम पेमेंट्स बैंक को किसी भी बैंकिंग व्यवसाय के संचालन से प्रतिबंधित कर दिया गया है। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह बैंक को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में एक आवेदन करेगा। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के पास बैंक के बंद होने पर अपनी पूरी जमा देनदारी चुकाने के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध है।

### राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो गिरफ्तार

**बिजनौर।** आपत्तिजनक सोशल मीडिया सामग्री और हथियारों के गैरकानूनी इस्तेमाल से जुड़ी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त दो लोगों को बिजनौर से गिरफ्तार किया गया है। यह मामला 23 नवंबर, 2025 को इंस्टाग्राम पर प्रसारित एक वीडियो से संज्ञान में आया, जिसमें आकिब 'लाइव सत्र' के दौरान अन्य लोगों के साथ हथियार प्रदर्शित करते हुए दिखाई दे रहा था। बाद में यह वीडियो मीडिया प्रोफाइल पर पोस्ट किया गया। जांच में कई की पहचान की गई। इनमें से उवैद मलिक, जलाल हैदर, समीर उर्फ रूहान और माजुल पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

# सीईसी ज्ञानेश को हटाने के लिए 73 सांसदों का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दलों ने राज्यसभा के महासचिव को सौंपा नया प्रस्ताव
- कांग्रेस ने कहा- सीईसी का पद पर बने रहना संविधान पर हमला

विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के संदर्भ में शुक्रवार को राज्यसभा को नया नोटिस सौंपा और उन पर सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता सहित कई आरोप लगाए। संसद के उच्च सदन के 73 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला यह नोटिस राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को दिया गया है।

राज्यसभा के महासचिव ने कहा कि यह मांग 15 मार्च 2026 को और उसके बाद उनके द्वारा किए गए कृत्यों और गलतियों के आधार पर सिद्ध दुराचार के आधार पर की गई है, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 324(5) को अनुच्छेद 124(4) के साथ पढ़ते हुए, साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) तथा न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत आता है। रमेश ने कहा कि अब मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ नौ विशिष्ट आरोप हैं, जिन्हें बेहद विस्तार से दर्ज किया गया है और जिन्हें न तो नकारा जा सकता है और न ही दबाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया, उनका पद पर बने रहना संविधान पर हमला है। यह पूरी तरह शर्मनाक है कि वह अब भी पद पर बने हुए हैं, ताकि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारों पर काम कर सकें। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव लाने का नया नोटिस देते हुए उनके विरुद्ध कई आरोप लगाए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता, आचार संहिता से जुड़ी कार्रवाइयों में पक्षपात और 'त्रुटिपूर्ण' एसआईआर को पूरे देश में क्रियान्वित करना प्रमुख हैं।

### विपक्ष बोला- बड़ी संख्या में मतदाता हुए वंचित

विपक्षी दलों ने एसआईआर का हवाला देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया तथा 90 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पश्चिम बंगाल में आयोग के अधिकारियों द्वारा अलग-अलग शिकायतों पर जानबूझकर कार्रवाई नहीं की गईं। विपक्षी सांसदों का यह दावा भी है, 'दोषपूर्ण एसआईआर को राष्ट्रव्यापी स्तर पर करने की संस्तुति दी गई।

**नौका विहार**



**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सुबह हुगली नदी में नौका की सवारी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नदी की दिव्य जलधाराएं एक पूरी सभ्यता की शाश्वत भावना को अपने अंदर समेटे हुए हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वह पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली लोगों की समृद्धि के प्रति प्रतिबद्ध हैं। ● अमृत विचार

# गन्ना किसानों की फसल का होगा जीपीएस सर्वे

- मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग ने शुरू की तैयारी

**लखनऊ।** सीएम के निर्देश पर प्रदेश में गन्ना किसानों की फसल का जीपीएस आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने इसके लिए नीति जारी कर दी है। सर्वे 1 मई से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। सर्वेक्षण की सूचना पंजीकृत किसानों को तीन दिन पहले मोबाइल एसएमएस के जरिए दी जाएगी।

सर्वे टीम में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और एक चीनी मिल कर्मचारी शामिल होंगे, जिन्हें पहले से प्रशिक्षित किया जाएगा। सर्वे के दौरान किसान की मौजूदगी अनिवार्य होगी और टीम खेत पर पहुंचकर जीपीएस के माध्यम से डेटा सीधे विभागीय सर्वर पर दर्ज करेगी। सर्वे पूरा होने के बाद खेत का क्षेत्रफल, गन्ने की किस्म किसानों को एसएमएस के जरिए भेजे जाएंगे। वीना कुमारी ने बताया कि पेराई सत्र 2026-27 के लिए यह सर्वेक्षण नीति लागू की गई है और आंकड़े ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## अमेरिका से शांति वार्ता को इस्लामाबाद जाएंगे अराघची

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के साथ दूसरे दौर की शांति वार्ता के लिए ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार रात इस्लामाबाद आ सकता है। अमेरिका की साजो-सामान और सुरक्षा टीम पहले से ही इस्लामाबाद में मौजूद है। यह घटनाक्रम उस फोन कॉल के कुछ घंटे बाद सामने आया है, जिसमें पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार तथा अराघची ने अमेरिका-ईरान संघर्षविराम एवं पाकिस्तान के कूटनीतिक प्रयासों पर विचार-विमर्श किया। वहीं, ईरानी दूत काजेम जलाली ने कहा है कि ईरान मामलों को कूटनीति से सुलझाना पसंद करेगा लेकिन अगर बात बिगड़ती है, तो वह युद्ध जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने इस्लामिक गणराज्य के कई मर्तबा धोखा खाने के बावजूद कभी भी कूटनीति का साथ नहीं छोड़ने की भी बात कही।

# एनआईए को आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

**मालदा मामला**

- न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिए आदेश

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में एक अप्रैल को हुई उस सनसनीखेज घटना की जांच पूरी होने पर एनआईए को आरोप-पत्र दाखिल करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी, जिसमें मालदा जिले में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बना लिया था।

प बंगाल, ओडिशा और झारखंड के कुल 700 न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में तैनात हैं, ताकि मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की 60 लाख से अधिक आपत्तियों का निपटारा किया जा सके। एनआईए की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ को बताया कि जांच एजेंसी ने अब तक की जांच का विवरण देते हुए एक नयी स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। पीठ ने विधि अधिकारी की दलीलों का संज्ञान लेते हुए कहा, एनआईए को सक्षम क्षेत्राधिकार वाली अदालत में आरोप-पत्र दाखिल करने की स्वतंत्रता होगी।

### न्यायाधिकरणों को तत्काल सुनवाई करने के आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अपीलीय न्यायाधिकरणों से कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के बाद जिन लोगों का नाम जोड़ने के लिए तत्काल सुनवाई का मामला बनता है, उनकी याचिकाओं पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाए। सुनवाई की शुरुआत में भारत सीजेआई सूर्यकांत ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में भारी मतदान पर खुशी जताई। सीजेआई ने कहा, भारत के एक नागरिक के रूप में, मैं मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुश हूं।

# गाजियाबाद में मासूम से दुष्कर्म कर हत्या मामले में डीजीपी को महिला एसआईटी बनाने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- एसआईटी में पुलिस आयुक्त या महानिरीक्षक रैंक की एक महिला अधिकारी होंगी शामिल

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी के डीजीपी को निर्देश दिया कि वह पिछले महीने गाजियाबाद में चार साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में समयबद्ध जांच के लिए किसी आयुक्त या महानिरीक्षक रैंक की अधिकारी के नेतृत्व में पूरी तरह से महिला अधिकारियों की एसआईटी का गठन करें।

कोर्ट ने मामले की जांच के प्रति गाजियाबाद पुलिस की टालमटोल को लेकर चिंता जताई थी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एसआईटी का गठन शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक अधिसूचित किया जाए। संबंधित घटना 16 मार्च को हुई थी जब एक पड़ोसी दिहाड़ी मजदूर की बेटी को चॉकलेट दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब बच्ची वापस नहीं लौटी, तो उसके पिता ने उसकी तलाश शुरू की और बच्ची को खून से लथपथ एवं बेहोश पाया। मामले में चौंकाने वाली बात यह रही कि जब बच्ची मिली थी तो वह जीवित थी, लेकिन दो निजी अस्पतालों ने उसका इलाज करने से इनकार कर दिया जिसके कारण बाद में गाजियाबाद जिला अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

### एसआईटी दो सप्ताह के जांच पूरी करे : पीठ

पीठ ने निर्देश दिया कि एसआईटी बिना देरी के जांच शुरू करे और अधिमानत: दो सप्ताह के भीतर जांच पूरी करने का प्रयास करे। इसने कहा कि एसआईटी बच्ची के माता-पिता द्वारा की गई सभी शिकायतों की जांच करेगी। पीठ ने कहा, जांच के परिणाम के आधार पर, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पीठ ने आदेश दिया कि एसआईटी में महिला पुलिस अधिकारी शामिल होंगी, जिनमें उप्र कैडर की पुलिस आयुक्त या महानिरीक्षक रैंक की महिला अधिकारी भी शामिल होंगी, लेकिन जिनका राज्य से कोई संबंध नहीं होगा।

**भरोसा** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा-निरंतर प्रयासों और सामूहिक अनुशासन से ही साकार होगा सपना

# भारत का विश्वगुरु बनना तय, देश के भविष्य पर संदेह न करें

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत निश्चित रूप से विश्वगुरु बनेगा और देश के भविष्य के बारे में किसी को भी कोई संदेह नहीं रखना चाहिए। भागवत ने कहा, पहले लोगों को संदेह था कि राम मंदिर कभी बनेगा भी या नहीं, लेकिन उसका निर्माण हुआ। इसी तरह, भारत का विश्वगुरु बनना भी तय है।

आरएसएस प्रमुख ने नागपुर शहर के बाहरी इलाके जामथा में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) के परिसर में 'भारत दुर्गा शक्ति स्थल' के भूमि पूजन के बाद यह बात कही। भागवत ने कहा कि भारत के विश्वगुरु बनने का सपना निरंतर प्रयासों और सामूहिक अनुशासन के माध्यम से साकार होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि इस तरह का परिवर्तन वर्तमान पीढ़ी में देखा जा सकता है। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत के भविष्य को लेकर किसी भी तरह का संदेह मन से निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत के भविष्य पर संदेह न करें। साहस और आत्मनिर्भरता के साथ जिएं तथा इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। भारत मजबूत बनेगा और दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। भागवत ने राम मंदिर आंदोलन का उदाहरण देते हुए कहा, लोगों को संदेह था कि राम मंदिर बनेगा या नहीं, लेकिन यह बना। इसी तरह, भारत का विश्वगुरु बनना तय है। इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि कोई चीज होगी या नहीं होगी। जो होना तय है, वह होकर रहेगा। उन्होंने कहा, यदि हम अपने संकल्प के अनुसार कदम दर कदम कार्य करते रहें, तो भारत मजबूत, सदाचारी और वैश्विक मार्गदर्शक बनेगा। भागवत ने कहा कि भारत को सही मायने में समझने के लिए लोगों को पहले भारत में गहराई से झांकना होगा।



### भारत माता की पूजा करने के लिए हमें खुद भारत बनना होगा

उन्होंने कहा, भारत माता की पूजा करने के लिए हमें खुद भारत बनना होगा। भागवत ने कहा कि देश को उसके सभ्यतागत मूल्यों के आधार पर समझा जाना चाहिए, न कि 150 वर्षों में विकसित औपनिवेशिक या पश्चिमी दृष्टिकोण से। उन्होंने नागरिकों से पश्चिमी सोच को त्यागने और विचार एवं आचरण के मामले में भारतीय परंपराओं से फिर से जुड़ने का आग्रह किया। भागवत ने कहा कि यह परिवर्तन दैनिक जीवन में छोटे, लेकिन सार्थक बदलावों से शुरू होगा, जैसे कि भाषा, पहनावा, खान-पान की आदतें और सांस्कृतिक प्रथाएं। उन्होंने कहा कि भारत माता की पूजा का विचार केवल अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए व्यक्तियों को अपने जीवन में स्वयं को भारत के स्वरूप में ढालने की आवश्यकता होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवार को सुबह 4 बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री शौच करने के लिए गयी थी, जो घर वापस नहीं आई। उसको पूरे दिन तलाश किया और पता नहीं चला। महिला को जानकारी हुई कि गांव का डीपी उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। उसकी बेटी घर से कुछ रुपये व जेवर ले गयी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भाई-भाभी ने मिलकर दंपती को पीटा

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव कुदरासी में पारिवारिक विवाद के चलते भाई-भाभी द्वारा दंपती के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। अमर सिंह ने बताया कि वह तीन भाई हैं और पिता भाई विनय के पास रहते हैं। आरोप है कि जब पिता को भाई की पत्नी ने खाना नहीं दिया तो उसने पिता को खाना खिला दिया। इसी बात से नाराज होकर भाई और भाभी ने उस पर फावड़ा और बांस से हमला कर दिया। अमर सिंह की पत्नी खुशबू बचाने आई तो उसे भी पीट दिया गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर के सामने शौच से मना करने पर युवती को पीटा

**कलान, अमृत विचार :** फूलमती पत्नी नंदराम ने बताया कि पड़ोस के बच्चे घर के सामने शौच कर गंदगी फैलाते थे, जिसका उसने विरोध किया। इसी बात को लेकर आरोपी महिलाओं ने उसे लात-घूंसों और डंडों से पीट दिया। घटना के समय उसका पति बाहर मजदूरी करने गया था। शुक्रवार को परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उसका उपचार कराया गया। पीड़िता ने तहरीर दी है। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने बताया कि अजय पाल सिंह को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बरात के पंडाल से बाइक चोरी

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सैदापुर में बरात पंडाल के पास खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। लेखराज वर्मा ने बताया कि उसकी भतीजी की 23 अप्रैल की रात बारात आई थी और उसने अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक पंडाल के पास खड़ी कर दी। वह बरात के स्वागत में लग गया। 24 अप्रैल की सुबह जब वह अपनी बाइक लेने पहुंचा तो बाइक वहां से गायब थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

# लाल इमली चौराहे से आवास विकास तिराहे तक जाम

## शहर में जाम की समस्या से हर रोज परेशान होते हैं राहगीर, होटल के बाहर खड़े वाहनों और अतिक्रमण भी जाम की वजह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में जाम की समस्या दिन पर दिन गंभीर होती जा रही है। लाल इमली चौराहे से सुभाष नगर तिराहे तक जाम में निकलना मुश्किल हो जाता है। जाम लगने का कारण पीली मस्जिद से पहले सड़क पर नीम का पेड़, सड़क की पटरी पर लगे बिजली के खंभे, पटरी पर ठेले और दुकानदारों ने अपना सामान आगे बढ़ा रखा है, लेकिन इस रूट पर नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने इस मार्ग पर कोई ठोस राहत नजर आई है।

लाल इमली चौराहे से सुभाष नगर नगर तिराहे तक दिन भर जाम लगा रहता है। साथ ही शाम आठ बजे के बाद जाम और अधिक हो जाता है।

शाम को जाम लगने का मुख्य कारण है कि लाल इमली चौराहे से मात्र 100 गज की दूरी पर कई होटल है। होटल पर खाना खाने वाले लोग अपने चार पहिया और दो पहिया वाहन होटल के बाहर सड़क पर खड़ा कर देते है। जाम लगने का एक कारण ओर है, जो पीली मस्जिद के पास नीम का पेड़ है। नीम का पेड़ सड़क के एक साइड में झुका हुआ है, जिस कारण भारी वाहन निकलने में दिक्कत होती है और जाम लग जाता है। इसके अलावा दुकानदारों ने अपनी दुकान का सामान दुकान के बाहर पटरी पर रख रखा है और सड़क की पटरी पर शाम को अधिक ठेले लगते है।

साथ ही ई बसों के निकलने से और जाम लग जाता है। इसके अलावा कुम्हारों वाली गली के पास मंदिर के निकट सड़क काफी सिकुड़ी है और सड़क पर खंभा लगा हुआ है। कुम्हारों ने अपनी दुकानें सड़क की पटरी पर लगा रखी है। यहां पर भी जाम की स्थिति बनी रहती है। लाल इमली चौराहे पर लोगों ने दुकानें नाले पर बना रखी है और सड़क को घेर लिया, जिससे वाहन में मोड़ने में काफी दिक्कत होती है। लोगों का कहना है कि सड़क पर नीम का पेड़, सड़क की पटरी पर लगे बिजली के खंभे और अतिक्रमण को लेकर जाम लगता है। नगर निगम की कार्रवाई सीमित नजर आ रही है और यातायात पुलिस जाम से छुटकारा नहीं दिला पा रही है।


लाल इमली चौराहे से आवास विकास तिराहे तक लगा जाम। ● अमृत विचार


सड़क पर नीम का पेड़ बना बाधक। ● अमृत विचार

### रोड के दोनों तरफ स्टील के बैरियर लगाने की मांग

क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि बहादुरगंज पचराहे की तरह लाल इमली चौराहे से आवास विकास कालोनी तिराहे तक दुकान के आगे स्टील के बैरियर लगने चाहिए। दुकानदार अपनी दुकान आगे न बढ़ा सके और सड़क की पटरी ठेले आदि न लग सके। होटल स्वामियों को चेतावनी देनी चाहिए कि दुकान के बाहर वाहन खड़ा न कराए।

> सड़क की पटरी पर नीम के पेड़ को कटवाने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा जा चुका है। नगर निगम ही इस पेड़ को कटवाएगा। होटल के बाहर खड़ी होने वाले वाहनों का चालान किया जाएगा। बच्चू सिंह, यातायात निरीक्षक

> लाल इमली चौराहे से आवास विकास कालोनी तिराहे सड़क की दोनों पटरी पर स्टील के बैरियर लगाए जाएंगे, जिससे लोग अपनी दुकान आगे बढ़ा सके। सड़क पर से बिजली के खंभे को हटाने के लिए बिजली विभाग को पत्र लिखा गया है। एसके सिंह, अपर नगर आयुक्त

### चलते ऑटो से गिरकर यात्री गंभीर रूप से घायल, रेफर

**तिलहर अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर चलते ऑटो से गिरकर एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद सवारियों ने तुरंत ऑटो रुकवाकर घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार को नगर के मोहल्ला इमली निवासी फिरोज हुसैन शाहजहांपुर से ऑटो के जरिए अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित कछियानी खेड़ा के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के पास अचानक चक्कर आने से वह संतुलन खो बैठे और ऑटो से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो में बैठी अन्य सवारियों ने तुरंत ऑटो रुकवाया और घायल फिरोज को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# ट्रक की टक्कर से ग्रामीण की मौत, एक गंभीर

- शादी के कार्ड बांटकर लौटते समय हाईवे पर हुआ हादसा

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों लोग बेटे के तिलक और शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया।


मृतक किशनपाल।

गांव कबरा सलेमपुर पूर्वी निवासी किशनपाल और कायमगंज टढ़ई निवासी राम रतन शुक्रवार को बाइक से नयागांव पटना देवकली गए थे। वहां से लौटते समय शाम करीब चार बजे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर विचोला गांव के पास पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में किशनपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राम रतन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राम रतन को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर फर्रुखाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि मृतक के पुत्र सचिन का एक मई को तिलक और 12 मई को बारात जानी थी, जिसके लिए किशनपाल कार्ड बांटने गए थे।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पत्नी कमला देवी, पुत्र रजनीश, सचिन, छोटू और पुत्री सफेदी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ईको गाड़ी की टक्कर से किशोर की मौत

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ईको गाड़ी की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम छिदकुरी के मजरा महानंद नगला निवासी रेखपाल ने तहरीर में बताया कि उसका 16 वर्षीय भतीजा अमित गुरुवार शाम 5 बजकर 40 मिनट पर साइकिल से आंधी देही बाजार जा रहा था। मरथरा गांव के पास कलान की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको गाड़ी ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल अमित को फर्रुखाबाद अस्पताल ले गए, जहां हालत में सुधार न होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार पुवायां हाईवे लक्ष्मीपुर मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर खुटार पुवायां हाईवे लक्ष्मीपुर गांव मोड़ के पास एक वैन कार ने सामने से आ रही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर दोनों की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताते चलें कि पुवायां थाना क्षेत्र के गांव गंगसरा निवासी श्यामू 30 वर्षीय अपने भतीजे अंश 11 वर्षीय को साथ लेकर खुटार मिडिल स्कूल के पास अपनी ससुराल आ रहे थे। वह जैसे ही खुटार पुवाया हाईवे लक्ष्मीपुर मोड़ के पास पहुंचे कि खुटार की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक मारुति वैन कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे श्यामू व बाइक पर पीछे बैठा भतीजा अंश बाइक से उछलकर रोड पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### गड्ढे में पहिया जाने से ई-रिक्शा पलटा महिला घायल

**तिलहर अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाजार बिरियागंज में सड़क पर बने गड्ढे के कारण एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक महिला घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

शुक्रवार को मुख्य बाजार बिरियागंज में चल रहा ई-रिक्शा अचानक गड्ढे में पहिया जाने से पलट गया। इस दौरान ई-रिक्शा पर सवार मोहल्ला बहादुरगंज निवासी सकीना गिरकर घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल महिला को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर बने गड्ढे के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# हत्या के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कलान क्षेत्र में एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी बंदूक और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

कलान थाना क्षेत्र के गांव दारानगर अर्थरी निवासी रामवीर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवार की शाम साढ़े छह बजे उसका भाई जयवीर अपने खेत से काम करके वापस घर आ रहा था। गांव के विपिन मानवेंद्र, सत्यपाल ने जान से मारने की नीयत से उसके भाई को ट्रैक्टर से टक्कर मार दी थी। उसके बाद आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर भा गए थे। कुछ देर बाद सत्यपाल, संतराम, सुनील, देवसिंह आए और उसके भाई जयवीर को गाली देने लगे। विरोध करने आरोपी उसके भाई के साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि सत्यपाल ने लाइसेंसी बंदूक से उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया, जिससे उसका भाई गोली से घायल हो गया था। पुलिस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने आरोपी सत्यपाल को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

# सेटेलाइट बस अड्डे से किराया लगेगा कम

- प्रत्येक बस की करानी होगी इंट्री कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे पर बस पकड़ने से किराया में 8 से 10 रुपये की कमी आएगी। डिपो की गुजरने वाली बस की सेटेलाइट बस अड्डे पर रजिस्टर में इंट्री होगी। टीआई समेत पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है।

यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने रोजा थाना क्षेत्र में अहमदपुर निवाजपुर सेटेलाइट बस अड्डे का लोकार्पण किया था। परियोजनाएं 47 करोड़ रुपये की लागत से बनी है। सेटेलाइट बस अड्डा न होने से लोगों को काफी दिक्कत होती थी और लॉन्ग रूट की बसें पकड़ने के लिए बरेली मोड़ जाना पड़ता था। डिपो से 251 बसों का नियम और अनुबंधित बसों का संचालन होता है। सेटेलाइट बस अड्डा बनने से लोगों को काफी राहत मिली है। यहां पर टीआई समेत पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। बस अड्डे से जो भी बस बरेली, सीतापुर, फर्रुखाबाद, दिल्ली, लखीमपुर खीरी, अजमेर आदि के लिए जाएगी, सेटेलाइट बस अड्डे से होकर जाएगी। चालक व परिचालक को रजिस्टर में इंट्री करनी पड़ेगी। यहां पर टिकट घर चालू हो गया है। सेटेलाइट बस अड्डे से बस पकड़ने से बस अड्डे से कम किराया लगेगा।

शाहजहांपुर से दिल्ली का किराया बस अड्डे से 581 रुपये और सेटेलाइट से बैठने से 573 रुपये, मुरादाबाद का बस अड्डे से किराया 305 रुपये, सेटेलाइट से 297 रुपये, बरेली का बस अड्डे से 138 रुपये, सैटेलाइट से 128 रुपये, फर्रुखाबाद का 129 रुपये, सेटेलाइट से 121 रुपये है। ई चार्जिंग स्टेशन सेटेलाइट बस अड्डे से अलग बनेगा।

वरिष्ठ डिपो प्रभारी सुशील त्रिवेदी ने बताया कि बस अड्डे और सेटेलाइट बस अड्डे से बस पकड़ने में किराया में अंतर होगा और पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गयी है।

### किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र की एक किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 4 अप्रैल को आंधी में घर के बाहर नीम के पेड़ की एक डाल टूटकर पड़ोसी के घर में गिर गयी थी। पड़ोसी उसके पिता का नाम लेकर गंदी गालियां दे रहे थे। मना किया तो अमित ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। पुलिस ने आरोपी बाबा, शिवओम, अमित, सुमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# संदिग्ध हालात में लगी आग कई बीघा गन्ना जलकर राख

- ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में गन्ने के खेत में आग लगने से कई बीघा गन्ना जलकर राख हो गया। आग लगने से गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी संजीव सिंह ने बताया कि उनके खेत में गन्ने का बीज तैयार करने के लिए गन्ना लगा हुआ था। बुधवार की सुबह अचानक खेत में आग लग गई, जिससे देखते ही देखते कई बीघा गन्ना जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलते ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंचे और मिलकर आग बुझाने में जुट गए। संजीव सिंह के अनुसार आगजनी से उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। चर्चा है कि कुछ लोगों को जंगली जानवर मारकर गन्ने के पास भूनते हुए देखा गया था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उन्हीं की लापरवाही के चलते खेत में आग लगी।

संजीव सिंह ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गांव वालों का कहना है कि खेतों में फसल होने के कारण लोग दहशत में रहते हैं। क्योंकि आग की घटनाओं से बड़ा नुकसान हो रहा है।

# रेल प्रशासन ने नहीं चलाई परीक्षा स्पेशल ट्रेन

- पीलीभीत के लिए ट्रेन सुबह साढ़े पांच चले
- परीक्षा में 32 हजार 544 परीक्षार्थी बैठेंगे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की ओर से होमगार्डस की परीक्षा के लिए जिले में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए है, जो शनिवार से तीन दिन परीक्षा होगी। परीक्षा में करीब 32 हजार 544 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मित होंगे, जो दूसरे जिले से आएगे। लेकिन रेल प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन नहीं चलाई है, जिससे ट्रेनों में मारामारी रहेगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की ओर से होमगार्डस के पद की परीक्षा 25 अप्रैल, 26 अप्रैल और 27 अप्रैल को होगी। जिले में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे और द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक होगी। प्रत्येक पाली में 5424 परीक्षार्थी होंगे। कुल दिवसों में करीब 32 हजार 544 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। यहां पर दूसरे जिले के परीक्षार्थी परीक्षा देने आएंगे। जो ट्रेन और बस से आएगे।

परीक्षार्थियों की संख्या देखते हुए डाउन व अप लाइन की ट्रेनों में भीड़ होने की संभावना अधिक है। जनरल कोच में भीड़ होने के कारण परीक्षार्थी स्लीपर कोच में घुस जाते है। रेल प्रशासन प्रत्येक परीक्षा में यात्रियों की सहूलियत के लिए परीक्षा स्पेशल चलाता है, लेकिन रेल प्रशासन ने होमगार्डस की परीक्षा को लेकर अभी तक परीक्षा स्पेशल ट्रेन नहीं चलाई जाए, जिससे ट्रेनों में मारामारी हो सकती है। कुछ परीक्षार्थियों की परीक्षा पीलीभीत जिले में है, लोगों की मांग है कि सुबह वाली ट्रेन को तीन दिन के लिए सुबह साढ़े पांच बजे पीलीभीत के लिए चलाया जाए।

परीक्षार्थियों की मांग है कि परीक्षा स्पेशल चलाई जाए। इधर स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ को अलर्ट कर दिया गया है।

### पीलीभीत सुबह 4 बजे जाएगी बस

वरिष्ठ डिपो प्रभारी सुशील त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार से होने वाली होमगार्ड की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए डिपो से सुबह चार बजे से पीलीभीत और बदायूं के लिए बसें प्रस्थान करेगी। इसके अलावा यहां परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के लिए उनके गंतव्य स्थान के लिए बराबर बसें मौजूद रहेगी। परीक्षार्थियों को किसी दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

# उम्रकैद की सजा काट रहे पांच दोषियों को हाईकोर्ट से राहत

- हत्या की धारा बदली, अचानक विवाद में हुई घटना को माना गैर-इरादतन
- धारा 302 की जगह 304 में बदली सजा, काटी गई सजा को माना पर्याप्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 के एक हत्या मामले में अहम फैसला सुनाते हुए पांच आरोपियों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा को संशोधित करते हुए कम कर दिया और मामले की धाराओं में बदलाव किया।

मामला जिले में वर्ष 2016 की उस घटना से जुड़ा है, जिसमें एक युवक की गोली मारकर और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। निचली अदालत ने पांचों आरोपियों को धारा 302/149 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से एडवोकेट रितेश सिंह ने दलील दी कि घटना पूर्व नियोजित नहीं थी, बल्कि मृतक द्वारा आरोपी की पुत्री के साथ दुष्कर्म के प्रयास से अचानक विवाद उत्पन्न हुआ था। इसी दौरान आवेश में घटना घटित हुई। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर माना कि हत्या की स्पष्ट मंशा सिद्ध नहीं होती है। कोर्ट ने इस आधार पर धारा 302/149 के स्थान पर धारा 304 भाग-1/149 लागू करते हुए सजा को परिवर्तित कर दिया। साथ ही निर्देश दिया कि आरोपियों द्वारा अब तक काटी गई सजा को ही पर्याप्त माना जाए, जबकि जुर्माना पूर्ववत रहेगा।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने का वांछित गिरफ्तार

**मीरानपुर कटरा अमृत विचार :** थाना कटरा पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर के मोहल्ला निवासी एक महिला ने बीते 12 अप्रैल 26 को उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर पुलिस ने यह कार्यवाही की है। मुकदमे में वांछित आरोपी करण सिंह पुत्र झब्बू उर्फ रामकिशोर निवासी ग्राम सारी नगला नवादा, हाल पता मोहल्ला रामनगर कॉलोनी कस्बा कटरा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में पॉस्को एक्ट की वृद्धि की गई। मुखबिर की सूचना पर 23 अप्रैल को रात्रि 7 बजकर 50 मिनट पर ग्राम सारी नगला में उसके घर के पास से आरोपी करन सिंह को गिरफ्तार किया गया।

# मारपीट में घायल महिला की मौत

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में मारपीट की घटना में घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बीते दिनों गांव नरायनपुर बैजू में नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने महिला उतरातन सहित अन्य लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान महिला को गंभीर चोटें आईं थीं। इस मामले में गांव के सब्बन अली ने कई आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद परिजनों ने घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं गांव में भी शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने कराया महिला और पोते का मेडिकल

**तिलहर, अमृत विचार :** कच्ची शराब बनाने का विरोध करने पर महिला और उसके पोते के साथ मारपीट की गई। शिकायत के बाद जब पुलिस ने अनदेखा कर दिया। इसके बाद विधायक ने नाराजगी जताई तो पुलिस हरकत में आई। घायलों का मेडिकल कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव धन्यौरा निवासी राम बेटी ने बताया कि उसके घर के पास कुछ लोग कच्ची शराब बनाने हैं। यहां रोजाना लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इससे बच्चों पर बुरा असर पड़ने की बात कहते हुए उसने सोमवार को इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे और उसके पोते गौरव को पीट दिया। इसमें गौरव का पैर टूट गया। राम बेटी का आरोप है कि वह पोते को लेकर कोतवाली पहुंची, लेकिन पुलिस ने न तो सुनवाई की और न ही मेडिकल कराया। बुधवार को विधायक अरविंद सिंह के साथ उसने डीएम और एसपी से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि एक ओर पुलिस महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम करती है, वहीं विरोध करने पर मदद नहीं मिल रही। साथ ही स्थानीय स्तर पर तैनात पुलिसकर्मियों पर कच्ची शराब के अवैध धंधे को संरक्षण देने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# वृद्ध की मौत के मामले में आरोपी पुत्र को जेल भेजा

- संपत्ति विवाद में झगड़े के बाद उठाया था कदम, पत्नी की तलाश जारी
- तहरीर के आधार पर गोद लिए पुत्र और उसकी पत्नी पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में जहर खाकर वृद्ध की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संपत्ति विवाद को लेकर परिवार में चल रहे झगड़े के बीच हुई इस घटना से इलाके में चर्चा बनी हुई है।

नगर के मोहल्ला केलरगंज निवासी सतीश चंद्र गुप्ता से संपत्ति को लेकर उनके गोद लिए पुत्र शोभित गुप्ता और पुत्रवधू का विवाद चलता था। बीते बुधवार की सुबह झगड़ा होने के बाद सतीश चंद्र गुप्ता कोतवाली पहुंचे और पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। चर्चा है कि कार्रवाई न होने से परेशान होकर उन्होंने जहर खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

इस मामले में सतीश चंद्र गुप्ता की पत्नी राम बेटी की तहरीर के आधार पर गोद लिए पुत्र शोभित गुप्ता और उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी शोभित को हिरासत में लेकर कई बिंदुओं पर पूछताछ की।

तिलहर कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि आरोपी शोभित गुप्ता को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है, जबकि उसकी पत्नी की पुलिस द्वारा तलाश लगातार की जा रही है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# संस्कृत बोर्ड परीक्षा : अतुल 10वीं और सारस्वत बने 12वीं के टॉपर

## शुक्रवार शाम जारी हुआ परीक्षा परिणाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का परीक्षा 2026 परिणाम शुक्रवार की शाम को घोषित किया गया। पूर्व मध्यमा द्वितीय दसवीं में लाला मथुरा प्रसाद संस्कृत विद्यालय जखिया के अतुल ने 87.29 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं) में सेठ गयादीन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय दाउदपुर के छात्र सारस्वत आर्य ने 74.75 प्रतिशत अंकों के साथ के जिला टॉप किया है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद ने शुक्रवार शाम को 2026 की पूर्व मध्यमा द्वितीय (10वीं) और उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं) की परीक्षा के परिणाम की घोषणा की। 10वीं में लाला मथुरा प्रसाद संस्कृत विद्यालय जखिया के अतुल ने 87.29 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। ब्रज किशोर व अमिता के पुत्र अतुल ने 700 में 611 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री विचार दास संस्कृत विद्यालय टॉपर शाहपुर जलालाबाद की छात्रा मीनाक्षी ने 87.00 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। राजीव कुमार मिश्र व रीता की पुत्री मीनाक्षी ने 700 में से 609 अंक प्राप्त किए हैं। 85.00 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर आदर्श शिशु निकेतन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढकिया तिवारी निगोही की छात्रा छाया देवी रही। अनिल सिंह व मंजू देवी की पुत्री छाया ने 700 में 595 अंक हासिल किए। श्रीमती सावित्री देवी धार्मिक संस्कृत विद्यालय तिलहर की छात्रा मुस्कान ने 84.71 प्रतिशत अंको के चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय के छात्र राजकुमार ने 83.71 प्रतिशत अंको के साथ पांचवा मकाम पाया। इसी तरह श्री केएल संस्कृत माध्यमिक विद्यालय जरौली के छात्र गुरदीप सिंह ने 83.57 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में छठा स्थान पाया है। श्री महर्षि वशिष्ठ संस्कृत विद्यालय नगरिया बुजुर्ग जलालाबाद की छात्रा आशा देवी ने 83.14 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में सातवां स्थान हासिल किया।

आठवें स्थान पर श्री शिव शंकर संस्कृत माध्यमिक विद्यालय दलेलगंज की छात्रा आंचल रही। उसने 82.86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 82.43 प्रतिशत अंकों के साथ चार छात्र संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहे। इनमें महर्षि दयानंद उमा संस्कृत विद्यालय रफियाबाद कलान के छात्र निर्देश कुमार, है। श्री महर्षि वशिष्ठ संस्कृत विद्यालय नगरिया बुजुर्ग जलालाबाद के छात्र आरेंद्र सिंह, आदर्श शिशु निकेतन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढकिया तिवारी निगोही की छात्रा काजल, दलजिंदर कौर आदि हैं। टॉप टेन में 10 वें स्थान पर श्रीमती सावित्री देवी धार्मिक संस्कृत विद्यालय तिलहर की छात्रा आरूषी रही। उसने 82.29 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप टेन में जगह बनाई।

### 12वीं में गजेंद्र सिंह 72.42 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर

उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं) की परीक्षा में सेठ गयादीन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय गुन्दौरा दाउदपुर के छात्र सारस्वत आर्य ने 74 .75 प्रतिशत अंकों के साथ के जिला टॉप किया है। सेठ गयादीन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय गुन्दौरा दाउदपुर के छात्र गजेंद्र सिंह ने 72 .42 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी विद्यालय के अर्पित मिश्रा ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा, श्री केएल संस्कृत माध्यमिक विद्यालय जरौली के छात्र राजेश कुमार सिंह ने 69 .75 प्रतिशत के साथ चौथा, स्व . त्रिलोक चंद्र गुरूकुल संस्कृत माध्यमिक विद्यालय सुरूक्कापुर निगोही की छात्रा अदिति शर्मा ने 67 .00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान हासिल किया। स्व . त्रिलोक चंद्र गुरूकुल संस्कृत माध्यमिक विद्यालय सुरूक्कापुर निगोही की छात्रा सपना गुप्ता ने 66 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान हासिल किया। श्री केएल संस्कृत विद्यालय जरौली के छात्र हिरदेश ने 65 .17 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां स्थान, श्री शिव शंकर संस्कृत माध्यमिक विद्यालय दलेलगंज के छात्र शेखर ने 64 .42 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान पाया। इसी तरह श्री परशुराम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद के छात्र अरविंद कुमार ने 61 .50 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां और इसी विद्यालय की छात्रा अंशिका मिश्रा ने 60 .58 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दसवां स्थान हासिल किया।

### 10 दिन में परीक्षा, दो महीने के अंदर परिणाम किया घोषित

डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि परिषद की 2026 की पूर्व मध्यमा, उत्तर मध्यमा प्रथम और उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षाएं 19 से 28 फरवरी तक जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर हुई थीं। मूल्यांकन 07 से 20 मार्च तक मूल्यांकन केंद्रों पर पूरा हुआ था। बोर्ड ने निर्धारित समय के अंदर परीक्षा परिणाम जारी किया। उन्होंने सफल होने वाले सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

## उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा से सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि 17 मई 2026 निर्धारित की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने सचिव के पत्र के हवाले से बताया कि सन्निरीक्षा शुल्क पांच सौ रुपये प्रति प्रश्नपत्र की दर से (लिखित एवं प्रयोगात्मक खण्ड हेतु पृथक-पृथक) निर्धारित है। सन्निरीक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर उपलब्ध है।

डीआईओएस ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित विषयों हेतु निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करेंगे। तत्पश्चात् ऑनलाइन भरे, सन्निरीक्षा आवेदन के विवरणों को डाउनलोड कर उसके प्रिंट आउट के साथ सन्निरीक्षा हेतु जमा किये गये सन्निरीक्षा शुल्क के मूल चालान पत्र को उसके सत्यापन हेतु संलग्न कर उसे रजिस्टर्ड डाक से परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को निर्धारित तिथि 17 मई 2026 तक प्रेषित करेंगे। ऑनलाइन के अतिरिक्त सीधे अथवा कोरियर/डाक से भेजा गया कोई भी आवेदन पत्र ऑफ लाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा। निर्धारित अन्तिम तिथि 17 मई 2026 के पश्चात् प्रेषित किये गये सन्निरीक्षा के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक



डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ



डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


# बयान में हेराफेरी पर विवेचक निलंबित

- नहीं शब्द जोड़कर युवक को बनाया आरोपी, कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज के दिए थे आदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जलालाबाद पुलिस द्वारा कागजी कार्रवाई में की गई हेराफेरी को कोर्ट ने गंभीरता से लिया। कोर्ट ने इस मामले में पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एएसपी ग्रामीण की जांच में विवेचक दोषी पाए जाने एसपी ने विवेचक को निलंबित कर दिया है।

जलालाबाद थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती अपनी मर्जी से एक युवक के साथ चली गई थी। पुलिस ने दोनों को तलाश किया। युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। 16 अप्रैल को जलालाबाद थाना के उप निरीक्षक ने युवक को रिमांड लेने के लिए एसीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट ने युवक और युवती के बालिग होने के कारण रिमांड देने से मना कर दिया। अभिलेख देखने पर कोर्ट ने पाया कि पुलिस ने युवती के बयान में हेरफेर किया है। पुलिस ने युवती से पूछा था कि क्या वह अपनी मर्जी से युवक के साथ गई है, इस पर युवती ने जवाब दिया था कि वह अपनी मर्जी से युवक के साथ गई है।

पुलिस ने युवक को फंसाने के लिए बयान में नहीं शब्द जोड़ दिया। इससे उसके बयान का अर्थ बदल गया। कोर्ट ने बयान की वीडियो रिकार्डिंग भी देखी। इससे सारा मामला सामने आ गया। कोर्ट ने इसे बेहद गंभीर और स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन मानते हुए, जलालाबाद के प्रभारी निरीक्षक, उप निरीक्षक संजीव कुमार व महिला सिपाही काजल के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने मामले की जांच की और जांच में विवेचक संजीव कुमार दोषी पाए गए। एसपी सौरभ दीक्षित ने विवेचक को निलंबित कर दिया है।

## सहयोग संस्था ने सीडीओ को दी विदाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** समाजसेवी संस्था सहयोग के पदाधिकारियों ने मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह के बुलंदशहर स्थानांतरण पर उन्हें सम्मान पत्र देकर भावभीनी विदाई दी। संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खां एडवोकेट ने कहा कि उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को जिला वासी हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी ने पूरे जिले में बहुत ही बेहतर तरीके से काम किया और किसी को शिकायत का मौका नहीं दिया, हर व्यक्ति की बात सुनकर समस्याओं का समाधान किया। संस्था के पदाधिकारियों ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने उन्हें एक बहन के रूप में पाया और आज उन्हें विदा करना पड़ रहा है।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत

- हथौड़ा चौराहे और पुवायां रोड पर हुए सड़क हादसे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव भावल खेड़ा निवासी 35 वर्षीय रेणुका के बेटे का मुंडन था। वह परिवार के साथ ट्रैक्टर-ट्राली से मुंडन कराने हथौड़ा चौराहे पर लंगोटी बाबा मंदिर पर कराने आई थी। वह मुंडन कराके शाम आठ बजे ट्रैक्टर-ट्राली से जा रही थी। मोहम्मदी रोड पर भावल खेड़ा गांव के सामने अचानक ट्राली से गिर गयी और दबकर मौत हो गयी। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला पक्का तालाब निवासी 30 वर्षीय अजय राठौर अपनी पत्नी शालू और बेटी के साथ शाम सात बजे शादी में सिंधौली बाइक से जा रहे थे। पुवायां रोड पर चकझाऊ के सामने वाहन ने वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। तीनों घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने अजय राठौर को मृत घोषित कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कर्मचारियों को नहीं मिला मानदेय

- पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी बोले- परिवार का पालन पोषण करना हो रहा मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम हाउस पर आउटसोर्सिंग पर काम करने वाले सात कर्मचारियों को पांच माह से मानदेय नहीं मिला है। इन कर्मचारियों का न ही मानदेय बढ़ाया गया है। कर्मचारियों को मानदेय न मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने हड़ताल की चेतावनी दी है।

लखनऊ की प्रसाद संस्था के माध्यम से पोस्टमार्टम हाउस पर सात कर्मचारी आउटसोर्सिंग पर लगे हुए है। इन कर्मचारियों को लगे कई साल हो गए है। इन कर्मचारियों का अभी तक मानदेय नहीं बढ़ाया गया है, जो शुरू में मानदेय मिल रहा था, वहीं मानदेय मिल रहा है। कम मानदेय में परिवार का पालन पोषण करने में दिक्कत हो रही है। बताते है कि अन्य जिले में पोस्टमार्टम हाउस पर आउटसोर्सिंग पर काम करने वाले कर्मचारियों का मानदेय बढ़ गया है, लेकिन इनका मानदेय नहीं बढ़ा है। यहां पर आउटसोर्सिंग पर काम करने वाले साम कर्मचारियों को पांच से मानदेय नहीं मिला है। इन कर्मचारियों के सामने काफी दिक्कत हो रही है और परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो रहा है, जबकि कर्मचारी कई बार सीएमओ से मिल चुके है, लेकिन हर बार आश्वासदन दिया जाता है कि इस माह मानदेय मिल जाएगा। आश्वासन पर करीब पांच हो गए है। कर्मचारियों ने सीएमओ से मांग की है कि उनका पांच माह का बकाया मानेदय दिलाया जाए। कर्मचारियों ने हड़ताल की चेतावनी दी है। सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि बजट आने पर उनको मानदेय शीघ्र मिल जाएगा। उनको मानदेय शीघ्र दिलाने का प्रयास किए जा रहे है।

न्यूज ब्रीफ

### पूर्व मंत्री ने शेखूपुर में किया पीडीए का प्रचार

**बदायूं, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व मंत्री व सपा के स्टार प्रचारक आबिद रजा ने पीडीए का प्रचार-प्रसार तेज कर दिया है। गुरुवार को वह शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव कादरचौक, नूरपुर, चैतू नगला, पीर बट्टू पहुंचे। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने पूर्व मंत्री से शेखपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि ऊपर वाला इज्जत और इज्जत की जगह दोनों खुद ही तय करता हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनवाने का आह्वान किया। पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी से मेहनत करने को कहा, ताकि जनाधार को मजबूत किया जा सके।

### जेठ पर कमरे में बंद करने का आरोप

**विजय नगला, अमृत विचार :** एक महिला ने जेठ पर कमरे में बंद करके अश्लीलता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि सूचना पर पहुंचे मायका पक्ष ने महिला को कमरे से बाहर निकाला था। बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार को वह अपने मायके जाने के बाद अगले दिन वापस आ गई थी। इसी बात को लेकर पति और जेठ नाराज हो गए। महिला के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने महिला से अश्लीलता की और कमरे में बंद कर दिया।

### भवन में घुसी ट्रैक्टर-ट्रॉली, युवक की मौत

**नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली का वजन कराते समय हादसा हो गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा थाना इस्लामनगर क्षेत्र के कस्बा नूरपुर पिनौनी में हुआ। उघैती क्षेत्र के गांव कोठा निवासी सचिन गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता (20) गुरुवार को नूरपुर पिनौनी स्थित धर्मकांटा पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदे गेहूं का वजन करा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर आगे दीवार में जा घुसा, जिससे युवक उसकी चपेट में आ गया।

# जिले में 26 और बनाए जाएंगे आयुष्मान आरोग्य मंदिर

## एनआरएचएम को मिली जिम्मेदारी, गांवों में भूमि होगी चिन्हित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला पंचायत कराएगा निर्माण हर गांव में सुलभ होगी सुविधा

**अमृत विचार :** जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने को लगातार काम किए जा रहे हैं। अब शासन से स्वीकृति मिलने के बाद 26 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाएंगे। इसके लिए जिला पंचायत को निर्माण का ठेका दिया गया है जबकि जिला प्रशासन गांव कस्बों में जमीन का चिन्हांकन करने में जुटा है।

शासन स्तर से स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की मंशा है कि हर गांव तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच सके। इसके लिए गांव-गांव स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। अब शासन से 26 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। नए वित्त वर्ष में काम शुरू कर दिया जाएगा। यह 26 आयुष्मान आरोग्य मंदिर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से बनाए जाएंगे। एनआरएचएम ने इसकी जिम्मेदारी जिला पंचायत को दी है। यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर कहां बनने हैं इसके लिए गांवों में भूमि चयनित की जा रही है। भूमि मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। एनआरएचएम प्रभारी अरविंद राणा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर देहात क्षेत्र में बनाए जाएंगे जहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। प्रशासन ऐसे ही गांव कस्बे चिन्हित कर रहा है। पिछड़े क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही, जो गांव जिला मुख्यालय से दूर हैं वहां पर इस तरह की सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। जैसे ही भूमि चयन का कार्य पूरा होगा, निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मोहन झा ने कहा कि जिस जगह पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होगा, उसके आस-पास जगह चिन्हित नहीं की जाएगी। जिस क्षेत्र में दूर दूर तक स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं उन क्षेत्रों में जमीन खोजी जा रही है। इस बात के निर्देश भी दिए गए हैं कि पिछड़े इलाकों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण कराया जाय।

#### साल के अंत तक पूरा होगा निर्माण

जनपद में बनाए जाने वाले 26 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निर्माण इस साल दिसम्बर तक पूरा करना है। कार्यदायी संस्था जिला पंचायत को निर्देशित किया गया है कि काम समय पर पूरा किया जाए। गुणवत्ता परखने को एनआरएचएम व अन्य विभागों के विशेषज्ञ बुलाए जाएंगे। गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। एनआरएचएम का कहना है कि सभी बिल्डिंग मानक के अनुरूप ही तैयार की जाएगी।

## जमीन के विवाद में सुखा दी आलू की फसल

**विजय नगला, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के नई सराय निवासी शाकिर अली पुत्र वहीद ने बताया कि उनके ससुर शाबिर ने उन्हें दातागंज मार्ग पर एचपी कॉलेज के पीछे छह बीघा जमीन दी थी। जिस पर खेती करके वह परिवार का पालन पोषण करते हैं। जमीन के पास में ही भवन बने हुए हैं। जमीन को लेकर शहर निवासी महिला समेत दो लोग ससुर की वजह से उनसे भी रंजिश मानते हैं।

वह लोग उनकी जमीन खरीदना चाहते हैं। आए दिन परेशान करते रहते हैं। शाकिर ने बताया कि उन्होंने खेत पर आलू की फसल की थी। दूसरे पक्ष ने पानी की पाइपलाइन तोड़ दी। जिससे वह सिंचाई नहीं कर सके और आलू की फसल सूख गई।

शिकायत के बाद भी चौकी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को वह फसल देखने गए तो आरोपियों ने गाली देते हुए मारपीट की। जवाहरपुरी चौकी प्रभारी अनंत मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बोर्ड परीक्षा में ग्रामीण छात्रों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परीक्षा परिणाम आते ही मोबाइल से चिपके रहे छात्र-छात्राएं
- इस साल हाईस्कूल 89.40 इंटरमीडिएट 80.23 प्रतिशत रहा परिणाम
- पिछले साल हाई स्कूल 89.94 और इंटरमीडिएट में 94.20 प्रतिशत रहा था परिणाम

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परिणाम गुरुवार को घोषित हो गया। जिले में हाई स्कूल 89.40 और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम 80.23 प्रतिशत रहा। इस बार ग्रामीण क्षेत्र से मेधावी निकले। हर बार की तरह इस बार भी निजी स्कूलों के बच्चों ने ही जिले की टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कराकर सफलता की कहानी लिखी है। इस बार पिछली बार की अपेक्षा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम में एक प्रतिशत की कमी रही। पिछली बार हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 89.94 प्रतिशत रहा था। इंटरमीडिएट में 14 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। गत वर्ष इंटरमीडिएट में 94.20 बच्चे उत्तीर्ण हुए थे। जबकि इस बार 80.23 बच्चे पास हो सके। बच्चों की सफलता पर परिजन तथा शिक्षकों ने खुशी का इजहार किया है। परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बच्चों ने माता पिता साथ मंदिर में पहुंचकर भगवान के आगे शीश झुकाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। परीक्षा में असफल रहने वाले बच्चे मायूस दिखे। जिन्हें शिक्षकों ने संयम बरतने की सलाह देते हुए पुनः तैयारी में जुटने का आवाहन किया।

जिले में 308 माध्यमिक स्कूल संचालित हैं। इनमें 41 राजकीय, 46 वित्त पोषित और शेष वित्त विहीन स्कूल शामिल हैं। इस बार हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा 98 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई थी। परीक्षा में कुल 67945 पंजीकृत थे। जारी हुए परीक्षा परिणाम में प्रदेश स्तर पर जिले का हाईस्कूल में 51 वां और इंटरमीडिएट 46 वां स्थान रहा है। 18 फरवरी से 12 मार्च तक चली परीक्षा में हाईस्कूल में पंजीकृत 37369 में से 34925 सम्मिलित हुए थे। वहीं इंटरमीडिएट में पंजीकृत 30736 में 29676 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। हाईस्कूल में 31223 और इंटरमीडिएट में 23808 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणाम की जारी सूची के अनुसार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में निजी स्कूलों के 23 बच्चों ने जिले की टॉप टेन सूची में नाम शामिल है। वहीं छह वित्त पोषित स्कूलों के बच्चों ने टॉप टेन की सूची में नाम दर्ज कराया है। हालांकि हाईस्कूल में वित्त पोषित स्कूल केदारनाथ और सिंगलर गर्ल्स के विद्यार्थी जिले में प्रथम और दूसरे स्थान पर रहे हैं। इस बार हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम पिछले साल से एक प्रतिशत कम रहा। जिले में हाई स्कूल 89.40 बच्चे पास हुए हैं। जबकि पिछले साल 2025 में 89.94 पास हुए थे। इंटरमीडिएट में 14 प्रतिशत की गिरावट आई।

#### एक कॉलेज के तीन से चार बच्चों ने टॉप टेन में बनाई जगह

इस बार एक ही कॉलेज के कई बच्चों ने टॉप टेन में स्थान हासिल किया है। इंटरमीडिएट में रुदायन स्थित पंडित भगवान दास मेमोरियल इंटर कॉलेज के चार, द्रोपदी देवी इंटर कॉलेज के तीन और शिवदेवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के दो छात्रों ने टॉप टेन में जगह बनाई है।

## किशोर लापता, परिजनों को अपहरण की आशंका

संवाददाता, विजय नगला

- तहरीर पर किशोर की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** ईंट भट्ठे से एक किशोर लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर अपहरण की आशंका व्यक्त की है। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है।



लापता अमित कुमार।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव महेरा निवासी राजेश ने पुलिस को बताया कि वह सैंजनी गांव पर बने ईंट भट्टे पर मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। साथ में परिवार भी काम करता है।

21 अप्रैल को वह रिश्तेदारी में गए हुए थे। ईंट भट्ठे से उनका 15 साल का बेटा अमित कुमार लापता हो गया। वह शाम को लौटे। अमित की तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र तोमर ने बताया कि मामला संज्ञान में है। किशोर की तलाश की जा रही है।

# दीपक पाल और कांक्षी सिंह ने किया स्कूल टॉप

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार:** सिद्ध बाबा इंटर कालेज में हाईस्कूल के छात्र दीपक पाल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कांक्षी सिंह इंटरमीडिएट में 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही है। कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा के अनुसार विद्यालय का इंटरमीडिएट परीक्षाफल 90 प्रतिशत व हाईस्कूल का परीक्षाफल 86 प्रतिशत रहा हैं। विद्यालय के प्रबंधक अमित पाठक ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी है। अच्छे परीक्षाफल के लिए शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी हैं।



प्रशांत



सुमित कुमार



दीपक पाल



अनामिका



झलक वर्मा



गुड्डू।



अक्षय।

### सुमित को मिले 86.16 अंक

**उझानी, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में एपीएस विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहिरवारा के कक्षा 10 के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र सुमित कुमार ने 86.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रशांत यादव ने 82.33 प्रतिशत, परवेंद्र ने 81.17 प्रतिशत, नीतेश कुमार ने 81 प्रतिशत तथा अनुराग यादव ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

### शिक्षकों में खुशी की लहर

**उसहैत, अमृत :** कस्बा स्थित श्रीमती चमेली देवी उ. मा. विद्यालय के छात्र गुड्डू ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। इनके साथ साथ स्कूल के छात्र अक्षय ने 84%, झलक वर्मा ने 84%, अनामिका ने 81.8%, जीतू सिंह ने 80.6%, अल्वी ने 79.8%, बुशरा ने 79%, शिदरा ने 78.3%, प्रियंका ने 78.8%, माही गुप्ता ने 77.6%, लवली ने 75.6%, अंक प्राप्त किए हैं।

### टॉप टेन में शामिल छात्र को विधायक ने किया सम्मानित

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र पवन श्रीवास्तव ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 92.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान हासिल किया है। उनकी इस सफलता विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक हरीश शाक्य ने फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया।




19 वर्ष विश्वस्तरीय एवं अत्याधुनिक कैंसर चिकित्सा में समर्पित


SRMS

आर.आर. कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर, बरेली

100 बेड का कैंसर हॉस्पिटल







आयुष्मान भारत योजना (PMJAY), मुख्यमंत्री राहत कोष, ECHS, CGHS द्वारा निशुल्क इलाज

समस्त कैंसर रोगों का विश्वस्तरीय इलाज एक छत के नीचे

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
- रेडियोथैरेपी - 2 लीनियर एक्सीलेरेटर (IMRT, IGRT, SRT, SRS, SBRT, VMAT)
- HDR ब्रेकीथैरेपी
- इंटरस्टेशियल इम्पलांट

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
- समस्त प्रकार की कैंसर सर्जरी
- ऑन्को रिकन्सट्रक्शन/कॉस्मैटिक सर्जरी
- गायनी ऑन्कोसर्जरी
- रोबोटिक सर्जरी

मेडिकल ऑन्कोलॉजी / क्लीनिकल हेमेटोलॉजी
- इम्युनोथैरेपी, टारगेटेडथैरेपी
- कीमोथैरेपी, हार्मोनलथैरेपी
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट

इंटरवेंशनल ऑन्कोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन एवं एडवांस इमेजिंग
- न्यूक्लियर मेडिसिन - PET CT SCAN ▪ 3 टैस्ला 48 चैनल एमआरआई ▪ 256 स्लाइस ड्यूल सोर्स सीटी स्कैन
- डिजीटल मैमोग्राफी ▪ DSA कैथ लैब ▪ सीटी/अल्ट्रासाउण्ड गाइडेड FNAC / BIOPSY ▪ डैक्सा स्कैन

अन्य अत्याधुनिक जांचें ▪ एण्डोब्रोन्कियल अल्ट्रासाउण्ड (EBUS) ▪ अपर जीआई एण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी ▪ वीडियो लैरोंजोस्कोपी ▪ कोल्पोस्कोपी ▪ अल्ट्रासाउण्ड डिराइव्ड फैटी फ्रैक्शन (UDFF) ▪ इम्युनोहिस्टोकैमेस्ट्री, ट्यूमर मार्कर

कैंसर विशेषज्ञों की टीम

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डॉ. पीयूष अग्रवाल
डॉ. अरविन्द चौहान
डॉ. पवन कुमार
डॉ. प्राची उपाध्याय
डॉ. हिमांशी खट्टर

मेडिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. अदादी श्रीनिवासा नायडू

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. शुभांशु गुप्ता

क्लीनिकल हेमेटोलॉजी
डॉ. दिशा सत्या

हैड एण्ड नैक ऑन्कोलॉजी
डॉ. रोहित शर्मा

गायनी ऑन्कोलॉजी
डॉ. मनोज कुमार तांगड़ी

रिकन्सट्रक्शन ऑन्कोलॉजी
डॉ. अपूर्व प्रताप सिंह

इंटरवेंशनल ऑन्कोलॉजी
डॉ. नम्रता सिंह

ऑन्को पैथोलॉजी
डॉ. तनु अग्रवाल

ऑन्कोफर्टिलिटी
डॉ. रुचिका गोयल

श्री राम मूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज
13 किमी०, बरेली-नैनीताल रोड, भोजीपुरा, बरेली
9458705555 www.srms.ac.in

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic




★ पतले-दुबले
★ गाल पिचके
★ कमजोर स्त्री-पुरुष
★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# सड़कों पर आया महिलाओं का आक्रोश, कांग्रेस-सपा का पुतला फूंका

## बदायूं में महिलाओं का बड़ा मार्च, कांग्रेस-सपा का पुतला दहन, नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा : गुलाब देवी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



दातागंज चुंगी पर कांग्रेस और सपा का पुतला फूंकती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महिला जन आक्रोश मार्च अभियान के अंतर्गत राज्यमंत्री से जिले की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से दातागंज चुंगी चौराहे तक मार्च मार्च निकाला गया। महिलाओं ने हाथ में तख्तियां लेकर नारेबाजी की। दातागंज चुंगी पर कांग्रेस और सपा के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए दोनों पार्टियों का पुतला फूंका।

राज्यमंत्री ने कहा कि बदायूं की सड़कों पर उमड़ी महिलाओं की यह भीड़ यह स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब नारी शक्ति अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह जागरूक है और किसी भी प्रकार के अन्याय को स्वीकार करने वाली नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं जिनसे उनके सम्मान और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिली है। इसके विपरीत कांग्रेस और सपा पार्टी ने हमेशा महिलाओं के मुद्दों को नजरअंदाज किया है। जब महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस निर्णय लेने का समय आया, तब इन दलों ने केवल विरोध और भ्रम फैलाने का काम किया। आज का यह जन आक्रोश उसी के खिलाफ एक सशक्त जवाब है।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने कहा इस जन आक्रोश मार्च ने साबित कर दिया कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के लिए खुलकर सामने आ रही हैं और किसी भी तरह की उपेक्षा को सहन नहीं करेंगी। कांग्रेस-सपा ने वर्षों तक सिर्फ वादे किए लेकिन जमीन पर कुछ नहीं किया। जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर ने कहा कि यह मार्च महिलाओं के आत्मसम्मान और अधिकारों की आवाज है, जो यह बताता है कि अब महिलाएं किसी भी अन्याय के खिलाफ खड़ी होने को तैयार हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं से महिलाओं को नई पहचान और आत्मविश्वास मिला है। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता उपाध्याय ने कहा आज जिस तरह बदायूं की सड़कों पर महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली है, वह यह बताने के लिए पर्याप्त है कि नारी शक्ति अब अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह सजग हो चुकी है। यह जनआक्रोश केवल विरोध नहीं, बल्कि एक सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत है। ब्लॉक प्रमुख वजीरगंज गुड्डू देवी, ब्लॉक प्रमुख अम्बियापुर रेखा देवी, ब्लॉक प्रमुख सालारपुर विचित्रा देवी, चेयरमैन बिल्सी ज्ञानवती सागर, चेयरमैन मुड़िया धुरेकी अनुपम पाठक, चेयरमैन गुलड़िया तारा देवी, चेयरमैन उसावां प्रियंका चौहान, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रेनू सिंह, क्षेत्रीय मंत्री रजनी मिश्रा, जिला मंत्री रचना शंखधार, आरती कश्यप, राजवती वर्मा आदि उपस्थित रहीं।

## महिला विरोधी कांग्रेस-सपा की दोहरी नीति, संसद में दिखा असली चेहरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सम्मेलन में विरोध के स्लोगन लिखी तख्ती दिखातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में जो घटनाक्रम हुआ, उसने स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस, सपा और उनके सहयोगी दल महिलाओं को उनका अधिकार देने के पक्ष में नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, तब विपक्ष ने उसका विरोध कर अपनी महिला-विरोधी सोच को उजागर कर दिया। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। पंचायतों से लेकर बड़े पदों तक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। ऐसे में उन्हें नीति-निर्माण में समान भागीदारी मिलना उनका अधिकार है, कोई दया नहीं। महिलाओं का विरोध करने वालों को आने वाले समय में इसका जवाब मिलेगा। जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि महिलाओं को नीति-निर्माण में भागीदारी देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक और स्वाभाविक अधिकार है। ऐतिहासिक निर्णय को आगे बढ़ाने का समय आया, तो विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी। समाजवादी पार्टी द्वारा धर्म आधारित आरक्षण की असंवैधानिक मांग उठाना और अन्य दलों द्वारा भ्रम फैलाना, केवल इस प्रक्रिया को टालने का प्रयास है।

### महिलाओं की आवाज को दबाने की कोशिश

**बदायूं, अमृत विचार :** महिला जन आक्रोश अभियान के संबंध में राज्यमंत्री गुलाब देवी ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि यह विषय सिर्फ राजनीतिक चर्चा का नहीं है, बल्कि देश की आधी आबादी, माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान, अधिकार और उनके भविष्य से जुड़ा हुआ है। पिछले कुछ समय में देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को लेकर जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उन्होंने कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस, सपा और विपक्ष ने महिलाओं की आवाज को दबाने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

## राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के तहत लगा जागरूकता शिविर

संवाददाता, बिल्सी



मरीज का दांत देखते डाक्टर।

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 'राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही दांतों की साफ-सफाई, नियमित ब्रश करने और संतुलित आहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि खराब दंत स्वास्थ्य कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है, इसलिए समय-समय पर जांच और सही देखभाल बेहद जरूरी है। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया। इस दौरान डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. अपूर्व राणा, डॉ. चारू गुप्ता, सुनील कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को आगे भी नियमित रूप से आयोजित किया जाए, ताकि आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## बिल्सी में आज होगा श्याम संकीर्तन तैयारियां पूर्ण

**बिल्सी, अमृत विचार :** शुक्रवार को लाडले खाटू वाले के सेवा समिति के तत्वावधान में तृतीय भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन नगर के रामलीला मंच पर किया जाएगा, जो शाम 6 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस भव्य संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायक हिमांशु राणा (रुद्रपुर, उत्तराखंड), कुमकुम सुरवंशी (बुलंदशहर) और राजेश राणा (अलीगढ़) अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। मुख्य संयोजक विकास वार्ष्णेय गुरुजी (बब्लू भैया) के नेतृत्व में तैयारियां जोरों पर हैं। समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मिली स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार।

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग ट्रिपिंग और अघोषित कटौती पर अंकुश लगाने के प्रयास में जुटा है। इन्ही प्रयासों के चलते विभाग ने ढाई सौ ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने की स्वीकृति दे दी है। 110 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जा चुकी है।

जनपद में जर्जर लाइनें और ओवरलोडिंग की समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है। ओवरलोडिंग के चलते ही समय ट्रिपिंग होती रहती है जिससे उपभोक्ताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर लाइनों के तार टूटने से कई-कई दिन तक बिजली गुल रहती है जिससे भीषण गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं लेकिन अब व्यवस्था सुधार का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विद्युत विभाग ने ढाई सौ ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने की स्वीकृति दे दी है जबकि 110 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जा चुकी है।

अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने शुक्रवार को बताया कि जनपद में करीब 47 हजार 800 ट्रांसफार्मर हैं। इनमें से अब 250 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी जबकि 110 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जनपद की भौगोलिक स्थिति के हिसाब से करीब दस बिजली घर और बनने चाहिए तब कहीं बिजली व्यवस्था में सुधार हो सकता है। जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार अभी तक जो भी बिजलीघर हैं वह पर्याप्त नहीं हैं इसलिए जगह-जगह ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत मिलती रहती हैं। ऐसी स्थिति में विभाग को भी दिक्कत होगी।

**क्षमता वृद्धि को भेजा पत्र**

बिजली विभाग ने जिले की बिजली व्यवस्था सुधारने को 16 सौ और ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराने को पत्र भेजा है। यदि स्वीकृति मिल जाती है तो काफी हद तक सुधार होगा।

### अघोषित कटौती पर नहीं लगी रोक, ग्रामीण परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद में बिजली कटौती से अब स्थिति बेकाबू होती जा रही है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बीस-बीस दिन से ट्रांसफार्मर फुके पड़े हैं जिससे हजारों ग्रामीण बिजली पानी को तरस रहे हैं। जिले भर में बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हर बिजलीघर से अघोषित कटौती की जा रही है। बिजली घरों पर मरम्मत किए जाने का हवाला देकर चार से छह घंटे की अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं। उझानी बिजलीघर से जुड़ा गांव संजरपुर में कई दिन से बिजली किल्लत बनी हुई है। ट्रांसफार्मर फुका पड़ा है जिससे गांव में बिजली पानी का संकट बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजलीघर पर जेई और लाइनमैन को इसकी सूचना दी जा चुकी है मगर वह लोग सुनने को तैयार नहीं है। आरोप है कि समस्या बताने पर बिजली कर्मचारी अभद्रता करते हैं और फिर आने की बात कहकर भगा देते हैं। गांव में बिजली नहीं है जिससे पानी की समस्या पैदा हो गयी है। स्कूली बच्चे महिलाएं किसी तरह बाहर से पानी लाकर काम चला रहे हैं। ग्रामीण अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। ग्राम सूरजपुर निवासी ग्रामीणों का कहना है कि आज सुबह चार घंटे की कटौती हुई। सुबह को पानी की समस्या से परेशानी हुई।

## दावत से लौट रहे पिता-पुत्र पर हमला, लूटपाट

**दातागंज, अमृत विचार :** दावत से घर लौट रहे पिता-पुत्र पर घात लगाकर बैठे बदमाशों ने दातागंज क्षेत्र में लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि बदमाशों ने सोने की चेन, अंगूठी और 50 हजार रुपये लूटकर भाग गए।

दातागंज क्षेत्र के कस्बा समरेर निवासी मानबहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने पिता राजेंद्र पाल के साथ गुरुवार रात लगभग 8 बजे गांव दियूणी में दावत खाने गए थे। रात लगभग साढ़े 10 बजे वापस लौट रहे थे। रास्ते में गंदाह पुलिया के पास कुछ बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला किया।

# गंगा सप्तमी पर श्रद्धा के सागर में डूबा कछला घाट

संवाददाता, बिल्सी



बिल्सी विधायक के साथ महंत को सम्मानित करते लोग।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मोक्षदायिनी मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा सप्तमी कछला स्थित भागीरथी घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्री बालाजी दरबार और दयालु मित्रगण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में भक्ति, सेवा और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ बेहद भव्य तरीके से हुआ। महोत्सव के मुख्य अतिथि बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और बालाजी दरबार के महंत मटरू मल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां गंगा का पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात विधायक और महंतों ने अटूट श्रद्धा के साथ 11 क्विंटल दूध की धारा से मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया। पूरा आकाश ''हर-हर गंगे'' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। दुग्धाभिषेक के बाद मां गंगा को 21 किलो शुद्ध देसी घी अर्पित किया गया और दोपहर के समय 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। साथ ही, जल-चरों के लिए भी विशेष भोग की व्यवस्था की गई।

**● विधायक व महंतों ने 11 क्विंटल दूध से किया मां गंगा का अभिषेक**

इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारा आकर्षण का केंद्र रहा, जहां समिति द्वारा विशेष रूप से कन्या भोज, सन्यासियों के लिए भोजन और कुष्ठ आश्रम से आए लोगों के लिए सेवा का संकल्प पूरा किया गया। गौ सेवा को सर्वोपरि मानते हुए गौशाला के लिए पशु आहार दान अभियान भी चलाया गया, जिसमें संचालक रामदास बाबा (एकादशी वाले) का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। महंत राजेश चंद्र जाजू और दयालु मित्रगण सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन समाज में समरसता और धार्मिक चेतना जगाने के उद्देश्य से किया गया है। कार्यक्रम के आयोजन में बिल्सी के गौशाला रोड स्थित मोहल्ला संख्या 6 की टीम और क्षेत्रीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। देर शाम तक चले इस भंडारे और धार्मिक अनुष्ठान में जिले समेत आसपास के अन्य जनपदों से भी श्रद्धालुओं ने आकर प्रसाद ग्रहण किया।

## विधवा ने कमरे के कुंडे में फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, दबतोरी



मृतक कश्मीरा

**अमृत विचार :** एक विधवा ने कमरे के कुंडे में दुपट्टा से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार महिला के पति दारोगा थे। चार महीने पहले उनकी मौत हो गई थी। पुलिस विभाग से मिले डेढ़ करोड़ रुपये को लेकर घर में कलेश होता रहता था। महिला के दो बेटे दूर रह रहे थे। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। कोतवाली बिसौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत दबतोरी निवासी कश्मीरा के पति की मौत हो गई थी जिसके बाद उनके पिता नवल किशोर ने उनकी शादी उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव मिगौना निवासी पुलिस विभाग में तैनात दारोगा प्रेमपाल से लगभग 16 साल पहले करा दी थी। प्रेमपाल की पहली पत्नी से दो बेटियां कल्पना व अंजलि थीं। जिनकी शादी हो चुकी है। प्रेमपाल और कश्मीरा से दो बेटे अंश व प्रशांत हैं। लगभग चार महीने पहले प्रेमपाल की बीमारी से मौत हो गई थी। जिसके बाद से कश्मीरा अपनी मायके दबतोरी में आकर रहने लगी थीं। वहीं उनके दोनों बच्चे कल्पना व अंजलि के पास रह रहे थे। पुलिस विभाग से मिली धनराशि बांट गई थी। बताया जा रहा है कि रुपयों का लेकर अक्सर कलेश होता रहता था। इसी बीच कश्मीरा अवसाद में आ गई थीं।

# टेरेसा हाउस ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

संवाददाता, उझानी



ट्रॉफी के साथ विजयी खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में गुरुवार को आयोजित इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट में छात्रों ने खेल भावना और उत्साह का प्रदर्शन किया। बुधवार को सेमीफाइनल मुकाबले आयोजित किए गए, जिसमें टैगोर हाउस ने राधा कृष्ण हाउस को हराया और टेरेसा हाउस ने विवेकानंद हाउस को पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। गुरुवार को खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में टैगोर हाउस और टेरेसा हाउस आमने-सामने रहे। बेहतरीन प्रदर्शन और मजबूत टीमवर्क के साथ टेरेसा हाउस ने जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की।

प्रधानाचार्य पुष्पराज सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उनकी खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की जीडी गोयनका ग्रुप व सीबीएसई की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार रहें। विद्यालय प्रबंधक शुभम गोयल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, समर्पण और जीत का जज्बा सिखाते हैं। लगातार मेहनत करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही, उन्होंने सभी बच्चों को और अभिभावकों को स्कूल द्वारा बच्चों के खेलों में विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और प्रशिक्षक देने की अपनी वचनबद्धता को दोहराया। अंत में विजेता और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। यह इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट स्पोर्ट्स विभाग के सुमित चौधरी, धीरज बिष्ट और उदित राणा के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आज पूर्ण होगा प्रगणकों का प्रशिक्षण

**बिसौली, अमृत विचार :** मकान गणना के लिये प्रशिक्षण कार्य 25 अप्रैल को पूरा हो जाएगा। इसके बाद प्रशिक्षित प्रगणक 22 मई से अपने निर्धारित क्षेत्र में मकानों, भवनों की गणना करने उतरेंगे। प्रत्येक छह प्रगणकों के साथ एक सुपरवाइजर को भी नियुक्त किया गया है। मदनलाल इंटर कोलज और सरस्वती विद्या मंदिर में अभी प्रगणकों का प्रशिक्षण चल रहा है। यहां करीब एक हजार अध्यापक, शिक्षामित्र और अनुदेशक प्रतिभाग कर रहे हैं।

प्रत्येक को तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लेना है। ये प्रगणक ग्रामीण क्षेत्र के मकान व भवन गणना करेंगे। नगर पालिका की जिम्मेदारी जिन प्रगणकों के ऊपर है उनका प्रशिक्षण बुधवार को पूर्ण हो चुका है। तहसील प्रशासन द्वारा अध्यापकों के प्रशिक्षण शेड्यूल में एक चूक देखने में आई है।

# गुगौआ की टीम ने लहराया जीत का परचम

संवाददाता, उघैती




विजयी टीम को पुरस्कार देते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम ग्राम गुगौआ में शुक्रवार को खेले गए रोमांचक क्रिकेट मुकाबले में गुगौआ की टीम ने आदमपुर को हराकर जीत का परचम लहराया। आदमपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो उनके लिए महंगा साबित हुआ।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुगौआ की टीम ने निर्धारित ओवरों में 130 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अनुराग ने सर्वाधिक 30 रन, सुंदरम शंखधार ने 27 रन, अमित ने 22 रन और जॉन्टी ने 20 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आदमपुर की टीम गुगौआ की धारदार गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी, पूरी टीम मात्र 78 रनों पर सिमट गई। आदमपुर की ओर से कप्तान रजत ठाकुर ने सर्वाधिक रन बनाए, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। गुगौआ की जीत के असली हीरो सुंदरम शंखधार और जॉन्टी रहे। सुंदरम ने न केवल 27 रन बनाए, बल्कि घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट भी झटके। वहीं जॉन्टी ने 20 रन बनाने के साथ 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सुंदरम शंखधार को ''मैन ऑफ द मैच'' चुना गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष अमन ठाकुर, मनीष ठाकुर, चमन, उत्कर्ष गुप्ता, प्रमोद यादव और अमित सागर, मौजूद रहे। मैच के दौरान भारी संख्या में स्थानीय और दूर-दराज के खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

न्यूज ब्रीफ

### विवाद के दौरान खौलता हुआ तेल डाला, हालत गंभीर

**कादरचौक, अमृत विचार :** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव ततारपुर में गुरुवार शाम मनोहर लाल के भतीजे के मंडप का कार्यक्रम चल रहा था। रिश्तेदार खाना खा रहे थे। घर के पास में दूसरे स्थान पर हलवाई खाना बना रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग नशे में धुत होकर आए और विवाद करने लगे। झगड़ा बढ़ गया। उन लोगों ने मनोहर लाल पर खौलता हुआ तेल डाल दिया और फरार हो गए। वह गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की है।

### नलकूप से चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 2540 रुपये बरामद हुए। शहर की विजय नगला कॉलोनी निवासी आशु पांडेय पुत्र उमाशंकर गौड़ ने 23 अप्रैल को तहरीर देकर बताया था कि चोर प्रोफेसर कॉलोनी स्थित नलकूप से बिजली का तार और स्टार्टर चोरी करके ले गए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। जिसके आधार पर मोहल्ला सय्यदगंज निवासी टीटू पुत्र रामबाबू और प्रमोद पुत्र हुमकी को कादरी दरगाह तिराहे से बाईपास जाने वाले मार्ग से पकड़ा।

### बछड़े पर किया हमला आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र में एक युवक ने बछड़े पर धारदार हथियार से वार करके गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। मामला गांव आमगांव के पास का है। 17 अप्रैल की रात गांव निवासी मनोज ने बछड़े पर धारदार हथियार से हमला किया था। बछड़ा लहूलुहान हो गया। ग्रामीणों ने घायल बछड़े का इलाज कराया था।

### गर्मी और लू से बचाव के दिए सुझाव

**म्याऊ, अमृत विचार :** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय म्याऊं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजनीश शर्मा ने मौसम जनित रोगों के उपचार एवं बचाव हेतु लोगों को होम्योपैथिक दवाएं वितरित करते हुए लू से होने वाले प्रकोप से अवगत कराया। डा. रजनीश शर्मा ने कहा कि अब गर्मी और लू शुरू हो चुकी है। ऐसे में धूप से बचाव रखें।

# अनदेखी की भेंट चढ़ गई सरकारी अमृत सरोवर योजना

## बदहाली और गंदगी का केंद्र बन चुके हैं अमृत सरोवर, अमृत सरोवरों में नहीं है पानी, पड़े हैं सूखे, उड़ रही है धूल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार के लिए जिले में शुरू की गई सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर विभागीय अनदेखी की भेंट चढ़ गई है। योजना के तहत तालाबों को बरसात के पानी का संचयन के साथ ग्रामीणों को आकर्षक पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाना था, आज वह बदहाली और गंदगी का केंद्र बनकर रह गए हैं। अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। उनके चारों ओर गंदगी पसरी पड़ी हैं। लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान बदहाल पड़े अमृत सरोवर की ओर नहीं जा रहा है। उनमें पानी की एक बूंद न होने के चलते भीषण गर्मी में पशु पक्षी तक व्याकुल हैं।

भूगर्भ जल को लेकर जिले की स्थिति बेहद खराब है। जिले के चार ब्लॉक डार्क जोन और तीन सेमी क्रिटिकल जोन में शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में गिरते भूगर्भ जल की स्थिति सुधारने और पर्यावरण संरक्षित के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने साल 2022 में अमृत सरोवर योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत जिले की सभी 1036 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर का निर्माण होना था। लेकिन योजना के प्रति लापरवाही रही। मात्र 237 अमृत सरोवर का निर्माण हो सका। अमृत सरोवर के निर्माण में करीब 2.24 करोड़ से अधिक धनराशि खर्च की गई।

पानी की तरह पैसा बहाने के बाद भी अमृत सरोवर की स्थिति बदहाल है। अधिकारियों की अनदेखी की वजह से लोगों ने तालाबों पर कब्जा कर लिया है। वह तालाब को अपने निजी उपयोग में प्रयोग कर रहे हैं। कई गांवों में अमृत सरोवरों में कूड़ा डाला जा रहा है। कुछ में पानी की एक बूंद तक नहीं है। इनमें धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं। किसी में पानी है भी तो उनमें जलकुंभी उग आई है। तालाबों की ऐसी स्थिति होने पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जिले में दम तोड़ गई है।


सूखा पड़ा गांव-गांव खंदक का अमृत सरोवर। ● अमृत विचार


झाड़ियों से घिरा ध्वजारोहण वाला स्थान। ● अमृत विचार

**रखरखाव व्यवस्था ठप**

सरोवरों में पानी के संचयन की जगह चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। आलम यह है कि जिस स्थान पर लोगों को शुद्ध हवा और हरियाली मिलनी चाहिए थी, वहां अब ग्रामीणों द्वारा धड़ल्ले से उपले पाथे जा रहे हैं। जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण सरोवरों का रखरखाव पूरी तरह ठप है। पिकनिक स्पॉट के लिए निर्धारित स्थान अब निजी कार्यों और गंदगी के लिए इस्तेमाल हो रहे हैं। न तो यहां वर्षा जल का संचयन हो पा रहा है और न ही यह स्थान घूमने लायक बचा है।

**गांव खंदक का सूखा पड़ा अमृत सरोवर**

ब्लॉक सहसवान की ग्राम पंचायत खंदक अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया था। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेख की वजह से इसकी स्थिति बहुत दयनीय हो चुकी है। अमृत सरोवर में पानी की एक बूंद भी नहीं है। वहीं यह चारों तरफ से कूड़े के ढेर से घिरा हुआ है। ना यहां नियमित रूप से साफ-सफाई की जाती है और ना यहां पिकनिक स्पॉट जैसा कुछ दिखाई देता है।

- सूखे पड़े अमृत सरोवर की वजह से पशु-पक्षियों को नहीं मिल रहा पानी

**हो जाएगा जल संकट**

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन सरोवरों पर ध्यान नहीं दिया गया तो इन पर खर्च किए गए लाखों रुपये खराब हो जाएंगे। इसके साथ ही ग्रामीणों के सामने जल संकट की समस्या भी पैदा हो जाएगी।

अमृत सरोवरों की साफ-सफाई के लिए सचिवों और ग्राम प्रधानों को कहा गया है। मानसून आने से पूर्व अमृत सरोवरों की साफ सफाई करा दी जाएगी।

**अखिलेश कुमार चौबे**, प्रभारी उपायुक्त मनरेगा

### गर्भवती महिलाओं को गर्मी से बचाव के बताए उपाय

**बिल्सी , अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की करीब 25 से अधिक गर्भवती महिलाओं का टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सलाह भी दी। शिविर के दौरान वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जयश्री शर्मा ने गर्भवती महिलाओं को गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मौसम में डिहाइड्रेशन, कमजोरी और संक्रमण का खतरा अधिक रहता है, इसलिए खानपान और दिनचर्या का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, ताजे फल व पौष्टिक आहार लेने तथा धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी। इस दौरान शिविर में आई महिलाओं को आयरन की कमी को दूर करने के उद्देश्य से केले सहित अन्य फलों का वितरण भी किया गया। ताकि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके।

## मंदिर जीर्णोद्धार कराने में पालिका की हीलाहवाली

संवाददाता, उझानी

- अक्टूबर 2025 में मिली थी स्वीकृति, जनवरी में हो चुका है टेंडर
- टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी शुरू नहीं हो सका काम

**अमृत विचार:** हनुमान गढ़ी मंदिर का जीर्णोद्धार कराने में नगर पालिका प्रशासन की हीलाहवाली जारी है। सात माह बीत जाने के बाद भी अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। जबकि जनवरी माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्यदायी संस्था नामित कर दी गई है। काम शुरू न होने से लोगों में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। वह धनराशि का दुरुपयोग करने का आरोप लगा रहे हैं।

हनुमान गढ़ी मंदिर का 1.22 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार होना है। इसके जीर्णोद्धार के लिए 2025 अक्टूबर माह में शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। लेकिन पालिका प्रशासन अब तक काम शुरू नहीं करा सका है। नगर पालिका के जिम्मेदार पहले टेंडर प्रक्रिया पूरी न होने का बहाना बनाया जा रहा हैं। अब जब जनवरी माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई तो अब समिति के सदस्यों की पर्याप्त संख्या न होने का बहाना बना रहे हैं। स्वीकृति मिलने के सात माह बाद भी मंदिर का जीर्णोद्धार न कराने से मंदिर के प्रति आस्था रखने वाले लोगों में आक्रोश है। लोगों ने धनराशि का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। मंदिर का जीर्णोद्धार करने के लिए नामित फर्म अग्रवाल कांट्रेक्टर के पदाधिकारियों का कहना है कि मंदिर कमेटी में 17 सदस्य हैं। सभी की सहमति आवश्यक है।

## स्थायी रूप से बंद किया गया ओवरब्रिज के नीचे का रेलवे क्रासिंग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के निकट बने अंडरपास से स्थानीय दुकानदारों को बड़ी समस्या पैदा हो गई है। रेलवे प्रशासन ने शुक्रवार को रेलवे फाटक बंद कर अंडरपास लोगों को आने-जाने को खोल दिया। अंडरपास शुरू होते ही धूल का गुबार दुकानों तक पहुंचने लगा जिससे दुकानदारों को भारी परेशानी हुई। साथ ही, दुकानों पर बिक्री ठप हो गई। आवागमन रुकते ही क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया।

रेलवे प्रशासन ने रेलवे स्टेशन और ओवरब्रिज के बीच में अंडरपास तैयार किया है। कई महीनों से बन रहे अंडरपास को शुक्रवार के लिए आम लोगों को अचानक खोल दिया गया। अंडरपास के मुहाने पर सड़क निर्माण न होने से इधर से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही से धूल का गुबार उड़ने लगा। धूल के कारण दुकानदारों का दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया। साथ ही, रेलवे फाटक बंद होते ही सड़क से आवागमन ठप हो गया। आज सैकड़ों वाहन चालक और पैदल आने जाने वाले लोग फाटक बंद देख वापस लौट गए। इस क्षेत्र में दुकानों पर सन्नाटा पसरा रहा। जहां दोपहर तक लाखों की बिक्री होती थी वहां आज कुछ सौ रुपए की बिक्री हुई जिससे दुकानदार मायूस दिखे। दुकानदारों ने कहा कि अंडरपास बनने से इस क्षेत्र का मार्केट खत्म हो गया। अब देहात के लोग इधर से नहीं गुजरेंगे जिससे बिक्री नहीं होगी।


अंडरपास से गुजर रहे वाहन।


रेलवे फाटक बंद।

**धूल मिट्टी से स्थानीय दुकानदार परेशान**

रेलवे का अंडरपास शुरू होते ही दुकानों पर धूल की परत जम गई है। दुकानों पर खरीदार नहीं पहुंच रहे हैं। अंडरपास के मुहाने पर मिट्टी का ढेर पड़ा होने से स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे ने न तो सड़क का निर्माण किया है और न ही मिट्टी हटाई है। जिससे वाहनों के आने-जाने से मिट्टी उड़ रही है। धूल के कारण यहां पर खड़े होने वाले फलों के ठेले भी आज हटा लिए गए।


रेलवे ने रेलवे फाटक बंद कर परेशानी पैदा कर दी है। अंडरपास भी मानक के अनुसार नहीं बना है। रेलवे ने हड़बड़ी में अंडरपास खोल दिया। अभी तक उद्घाटन भी नहीं किया गया है।

**अमित बंसल**- शहरी


रेलवे प्रशासन ने कई तरह से परेशान कर दिया है। पहले अंडरपास निर्माण किया जिससे धूल में परेशानी हुई। अब अंडरपास खोल दिया जिससे दुकान पर बैठना भी मुश्किल हो गया है।

**ओमकुमार**- दुकानदार


अंडरपास से आवागमन शुरू होने से भारी परेशानी होने लगी है। दुकानदारी ठप हो गई है। ग्राहक नहीं आ रहे हैं। सुबह से खाली हाथ बैठे हैं। इस क्षेत्र में अब और परेशानी होने वाली है।

**राकेश गुप्ता**- दुकानदार


रेलवे फाटक बंद होने से कई तरह से परेशानी पैदा हो गई है। इधर का रास्ता बंद हो गया। दुकानदारी ठप हो गई है। साथ ही अंडरपास से गुजरने वाले वाहन धूल उड़ा रहे हैं जिससे दुकान पर बैठना मुश्किल हो गया है।

**नवनीत गुप्ता**- जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी भदपुरा, बरेली

पत्रांक : 112/लेखा/क्षेत्र निधि/टे.नो./2026-27 दिनांक : 24.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/जिला पंचायत/राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भदपुरा बरेली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत क्षेत्र निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य करवाने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 11.05.2026 को समय 2 बजे तक सीलबन्द बाक्स में डाली जा सकती है। जो उसी दिवस में उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 2 बजे निर्धारित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पृथक-पृथक धरोहर धनराशि जमा करनी होगी। जिसकी जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. प्राक्कलन राशि (लाख में) | धरोहर राशि 05 प्रतिशत (रू.) | निविदा शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम धिमरी में मनोहर लाल के घर के पास पुलिया निर्माण एवं पुलिया से भगवान दास के खेत तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य | 9.967 | 50000 | 1500 | 3 माह |
| 2. | ग्राम क्योलड़िया में नकटीनारायनपुर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास लेखराज पुत्र श्री राम भरोसे लाल के खेत से रमेशचन्द्र के खेत तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य | 5.482 | 27500 | 1100 | 3 माह |
| 3. | ग्राम क्योलड़िया में थाने के पास वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.295 | 16500 | 660 | 3 माह |
| 4. | ग्राम कटैया बलदेव सिंह में बाबा जी वाली मढ़ी पर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 3.295 | 16500 | 660 | 3 माह |
| 5. | ग्राम बबुरी में राम कुमार के घर से छोटेलाल के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 0.872 | 4360 | 400 | 3 माह |
| 6. | ग्राम मधुनगला की मजरा फतेजगंज में स्थित ब्रहद गौशाला की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य | 7.382 | 37000 | 1480 | 3 माह |
| 7. | ग्राम नवदिया मोतीराम में के मजरा सिलरा में मेन रोड से रमेश की जगह से देवेश के खेत तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य | 7.884 | 39500 | 1500 | 3 माह |
| 8. | ग्राम बबुरी में मढी के पास शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण | 3.290 | 16500 | 660 | 3 माह |
| 9. | ग्राम अमसाह में श्री राम प्रताप गंगवार के घर से श्री गौतम के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 2.366 | 12000 | 480 | 3 माह |
| 10. | ग्राम नौगवां भगवतपुर में जरफा मोहनपुर संपर्क मार्ग पर आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य | 9.990 | 50000 | 1500 | 3 माह |

**नियम व शर्ते :-**

1. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का 05 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का डी.डी., एफ.डी.आर. अथवा एन.एस.सी. जो कि बंधक खण्ड विकास अधिकारी भदपुरा के नाम पृथक-पृथक बन्धक करा देनी होगी।
2. निविदा दाता को निविदा के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, आयकर एवं जी.एस.टी. पंजीकरण की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदा दाता को निविदा के साथ 100 रूपये के स्टांप पेपर पर स्वघोषण-पत्र/शपथ-पत्र संलग्न करना होगा तथा स्वीकृति के उपरान्त स्वयं के व्यय पर निर्धारित स्टांप पर अनुबन्ध गठित करना होगा। निविदा दाताओं को 100 रूपये के स्टांप पर फोटोयुक्त घोषण-पत्र इन शर्तो के साथ कि वह किसी भी संस्था से ब्लैकलिस्टिड नहीं हुये है।
4. ठेकेदार/फर्म को निर्माण कार्य को नियत समय सीमा के अन्दर एवं लो.नि.वि. की विस्तृत विशिष्टियों/मानक के अनुरूप पूर्ण करना होगा।
5. समस्त निविदादाताओं को उक्त सभी निविदाओं के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी विभिन्न शासनादेशों/नियमों/आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रोयल्टी का भुगतान किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या 3885/66-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।
7. उल्लेखनीय है कि कार्य धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही कराया जायेगा तथा शासनादेश संख्या 1639/33-3-2018-03/2015 पंचायती राज अनुभाग-3 दिनांक 19.06.2015 एवं समय-समय पर जारी शासनादेश एवं परिपत्रों का पालन किया जायेगा।
8. निविदा बिक्री की दिनांक 09.05.2026 तक की जाएगी।
9. निविदा दाता को शासन के निर्देशों के अनुरूप करों (यथा जी.एस.टी. आदि) की व्यवस्था लागू रहेगी।
10. सशर्त निविदा/डाक से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
11. निविदादाता किसी भी जनप्रतिनिधि या कार्यालय स्टाफ से पारिवारिक सम्बन्ध नहीं रखता है।
12. निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद का निस्तारण माननीय न्यायालय जनपद बरेली की मान्य होगा।
13. निविदा के स्वीकार्य करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी, भदपुरा, बरेली।**


## नाम बदलकर बनवाए पासपोर्ट, जांच पूरी

संवाददाता, दबतोरी

- नाम बदलकर बनवाए पासपोर्ट, जांच पूरी होने पर हो सकते हैं जब्त
- गांव लक्ष्मीपुर निवासी व्यक्ति ने युवक के खिलाफ पुलिस से की थी शिकायत

**अमृत विचार :** तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी युवक के नाम बदलकर अपना, पत्नी और बेटी का पासपोर्ट बनवाने कराने के मामले की जांच तेज हो गई है। जांच में नाम बदलकर पासपोर्ट बनवाने की पुष्टि हुई है। माना जा रहा है कि अब युवक समेत उसकी पत्नी व बेटी के पासपोर्ट जब्त किए जा सकते हैं। पासपोर्ट के लिए रिपोर्ट लगाने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

गांव निवासी कल्लू पुत्र मोहम्मद नवी के खिलाफ कोतवाली बिसौली समेत हरियाणा और अन्य शहरों में मुकदमे दर्ज हैं। आरोप है कि वह आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। इसके अलावा बिसौली की मुंसिफ कोर्ट में भी उस पर मुकदमा चल रहा है। जिसमें वह तलब हुआ था और जमानत पर है। उसने अब अपना मोहम्मद असलम खान पुत्र मोहम्मद नवी करके आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार करा लिए। लातूर की महिला से शादी कर ली। उसने साठगांठ करके अपने नए नाम और पत्नी मुस्कान व बेटी का पासपोर्ट बनवा लिया।

गांव लक्ष्मीपुर निवासी शमशाद खां पुत्र असरार अहमद ने 5 सितंबर 2023 को एसएसपी से शिकायत करके मामले से अवगत कराया था। कहा कि कल्लू नए पासपोर्ट पर पत्नी व बेटी समेत विदेश जाने की तैयारी में है। एसएसपी के निर्देश पर तत्कालीन सीओ बिसौली ने जांच की। जिसमें नाम बदलकर पासपोर्ट बनवाने का आरोप सही पाया गया। आख्या एसएसपी को भेज दी गई।


पुलिस की टोपी और बेल्ट लगाए कल्लू।

गांव लक्ष्मीपुर के कल्लू का असलम बनकर पासपोर्ट बनवाने का प्रकरण है। जांच में सभी आरोप सही पाए गए हैं। अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। अधिकारियों की ओर से निर्देश मिलने पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पासपोर्ट भी जब्त कराए जाएंगे।

## रिजल्ट से खुशी नहीं बच्चों को मिलेगा एक और मौका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्क्रूटनी के लिए यूपी बोर्ड ने 17 मई तक मांगे ऑनलाइन आवेदन
- आनलाइन आवेदन के लिए प्रति प्रश्न पत्र 500 रुप स्क्रूटनी शुल्क निर्धारित

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 23 अप्रैल को जारी हो चुका है। परीक्षा में ऐसे छात्र जो परीक्षा में मिले अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, उनसे 17 मई तक आवेदन मांगे गए हैं। छात्र-छात्राएं 500 रुपए फीस जमाकर आवेदन कर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा भेजे गए निर्देशों से डीआईओएस ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को आदेश जारी किया है।

परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होने के बाद भी तमाम बच्चे ऐसे रहे जो मिले अंकों से संतुष्ट नहीं हैं। उनके अनुसार उन्होंने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। नंबर कम मिले हैं। ऐसे असंतुष्ट छात्र-छात्राओं को यूपी बोर्ड की ओर से एक मौका दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा सचिव भगवती सिंह की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षकों को ऐसे निर्देश जारी किये गये हैं। सचिव का आदेश मिलने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को पत्र जारी कर रिजल्ट से संतुष्ट न होने वाले बच्चों को आवेदन कराने को कहा है। डीआईओएस लालजी यादव ने बताया कि बोर्ड द्वारा सन्निरीक्षा के लिए आवेदन की तिथि निर्धारित कर दी है। ऐसे विद्यार्थी जो रिजल्ट से संतुष्ट नहीं है, वह 500 रुपए फीस जमा कर 17 मई तक आवेदन कर सकते हैं। स्कूलों को भी पत्र जारी कर दिया है।

## सहसवान में ऑटो चालकों से अवैध वसूली का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान नगर में ऑटो चालकों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। खुद को ठेकेदार बताते हुए दलाल 50 से 100 रुपये तक वसूल कर रहे हैं। जिसका वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है।

सीएनजी ऑटो चालकों के अनुसार कुछ लोग नगर पालिका के नाम पर उनसे रुपये ले रहे हैं। जगह-जगह ऑटो रोककर उनसे रुपये लिए जाते हैं। सबसे ज्यादा वसूली अकबराबाद, बिसौली स्टैंड, कछला स्टैंड, हरदतपुर चौराहा आदि पर की जा रही है। रुपये देने पर वह लोग ऑटो चालक से अभद्रता और मारपीट तक करते हैं। अकबराबाद चौराहे पर कोई आधिकारिक स्टैंड न होने के बाद भी वसूली की जाती है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश पिता का नाम नियाज हुसैन के स्थान पर मुन्नू अंकित हो गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में पिता का नाम नियाज हुसैन अंकित है, जो सही है। अतः ड्राइविंग लाइसेंस में भी पिता का सही नाम नियाज हुसैन अंकित किया जाए। **गुड्डू पुत्र नियाज हुसैन निवासी ग्राम केसवापुर पोस्ट भल्लिया बुजुर्ग जिला खीरी**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अजय पांडे व पुत्रवधू झलक शुक्ला को इनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, यह दोनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे पुत्र रितिक पाण्डे से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। माया देवी पत्नी स्व. विनोद कुमार पांडे, रितिक पाण्डे पुत्र स्व. विनोद कुमार पांडे निवासी जोगी नवादा पुराना शहर थाना बारादरी बरेली।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : 275/न.पा.प.ब./2026-27 दिनांक : 24.04.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बहेड़ी स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर बोर्ड फण्ड/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है :-

| | |
|---|---|
| E-Tender Publish Date and Time | 25.04.2026 at 05:00 PM |
| Last Date and Time for Submission of e bid | 04.05.2026 at 05:00 PM |
| E-Tender opening Date | 05.05.2026 from 05:00 PM |
| Place of opening of E-bid | Nagar Palika Parishad Baheri (Baheri) |
| E-Tender Document Processing | टेण्डर हेतु आवश्यक प्रपत्रों हेतु अपलोड निविदा में देखें। |
| E-Tender Tender Fee | टेण्डर मूल्य/शुल्क हेतु अपलोड निविदा देखें। |
| E-Tender Security | 10 प्रतिशत |

नोट : सम्बन्धित निविदा शर्ते व विस्तृत विवरण एवं समस्त कार्यवाही ई-टेण्डर वेबसाइड http://etender.up.nic.in की जायेगी।

**(शशि प्रभा चौधरी)** **अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

**(रश्मि जायसवाल)** **अध्यक्ष** **नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

# जिले में आगमन पर मुकुल वर्मा का हुआ स्वागत

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



राष्ट्रीय अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष।

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसो. भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा सहित राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों का प्रथम बार आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के बाद सर्राफा मार्केट में एक ज्वेलर्स पर पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। टिकटगंज चैराहा, खोया मण्डी, शास्त्री चैक, मालवीयगंज बाजार, खैराती चैक, घण्टाघर, मढ़ई चैक, हलवाई बाजार, पुराना सर्राफा बाजार, खण्डसारी चैराहा, सुभाष चैक, आर्य समाज चैक पर सैकड़ों की तादाद में ज्वेलर्स एवं स्वर्णकार भाईयों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

रस्तोगी धर्मशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा एवं राष्ट्रीय संरक्षक लोकेश कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय संरक्षक महिला अंजू अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री जया वर्मा का गरमजोशी से बुके देकर माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर न मिलने पर रोड पर लगाया जाम

## लोगों के जाम लगाने से वाहनों की लगी कतार, परेशान हुए राहगीर

**संवाददाता, बिसौली**



लोगों को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तपती धूप में अव्यवस्थाओं के बीच उपभोक्ताओं ने लाइन में लगने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिला। आक्रोशित उपभोक्ताओं बदायूं फर्रुखाबाद हाईवे पर जाम लगा दिया। लोगों के जाम लगाते ही वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कर जाम खुलवाया। साथ ही एजेंसी संचालक को स्थल पर व्यवस्थाएं सही रखने और सिलेंडर मुहैया कराने को कहा।

सिलेंडर की बुकिंग कराने में लोगों को दिक्कत हो रही है। जैसे जैसे बुकिंग हो रही है, उसके बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को ऐसी ही स्थिति बनी। उपभोक्ता तपती धूप में लाइन में खड़े थे। न वहां पानी की व्यवस्था थी और ही छांव। पसीने से तरबतर लाइन में लगे उपभोक्ताओं ने सिलेंडर न मिलने पर रोड पर जाम लगा दिया।

● **पुलिस ने लोगों को शांत कर खुलवाया जाम**

जिसकी सूचना मिलते ही कोतवाल कमलेश मिश्रा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। इसके बाद लोग रोड से हटे। इस दौरान कोतवाल ने एजेंसी संचालक को पानी और छांव की व्यवस्था करने को कहा। वहीं दोबारा से लोग रोड जाम न कर दें। इसके लिए वहां पर पुलिस बल तैनात कर दिया। इधर जाम लगने के दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। लोगों के हटने के बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, ददरौल (शाहजहांपुर)

पत्रांक: सी-40/क्षे.पं./2026-27 दिनांक: 15.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम/केन्द्र वित्त (टाइड अनटाइड फण्ड) आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को कराये जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेंकेदारों से मोहरबन्द निविदायें दिनांक 03.05.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। जो कि दिनांक 03.05.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोली जायेंगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता जो कि आयकर, वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हों निविदा फार्म निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 03.05.2026 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक विकास खण्ड ददरौल-शाहजहाँपुर कार्यालय से निविदा फार्म शुल्क रू0 600.00 (छः सौ रू0) मात्र नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक व समय के उपरांत प्राप्त होने वाली निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरांत किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पंचम राज्य वित्त | खानपुर हकीमपुर सम्पर्क मार्ग से सुखविन्दर पंडित जी के झाले तक इंटरलाकिंग कार्य | 5.33 | 600 | 10000 | 02 माह |
| 02 | | खानपुर हकीमपुर मे मुख्य मार्ग से तरसेम सिंह के झाले तक इण्टरलाकिंग व नाली कार्य। | 6.50 | 600 | 13000 | 02 माह |
| 03 | | मौजमपुर मे मुख्य मार्ग से अशोक के घर तक खण्डंजा एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.24 | 600 | 7000 | 02 माह |
| 04 | | खानपुर मे दानवीर के घर से प्रा0वि0 तक इण्टरलाकिंग व नाली कार्य। | 9.99 | 600 | 20000 | 02 माह |
| 05 | | खण्ड विकास अधिकारी के आवास की बाउन्ड्रीवाल एवं गेट का निर्माण व रंगाई पुताई | 4.77 | 600 | 10000 | 02 माह |
| 06 | | सिरोवरनगर में वी0डी0सी0 के अनुसार हरिपाल की चौपाल से सुखपाल के घर तक नाली व इंटरलांकिग | 9.99 | 600 | 20000 | 02 माह |
| 07 | | ग्राम शहबाजनगर में मसीउल्ला के मकान से सोनू के मकान तक नाली व इंटरलांकिग कार्य | 9.98 | 600 | 20000 | 02 माह |
| 01 | केन्द्रीय वित्त (अनटाइड फण्ड) | ग्राम शहबाजनगर में जावेद के मकान से पुत्तन के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 9.05 | 600 | 20000 | 02 माह |
| 02 | | ग्राम गन्धार में ग्राम गौटिया मे रामसेवक यादव के घर से ज्वाला यादव के घर तक नाली व इंटरलांकिग | 9.99 | 600 | 20000 | 02 माह |
| 03 | | ग्राम शहबाजनगर में रामकिशन के मकान से शरीफ के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 6.46 | 600 | 13000 | 02 माह |
| 01 | केन्द्रीय वित्त (टाइड फण्ड) | ग्राम घुसगवां में वी0डी0सी0 के अनुसार वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 2.35 | 600 | 5000 | 02 माह |
| 02 | | ग्राम रसुलापुर में वी0डी0सी0 रामबहोरन के अनुसार वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 2.35 | 600 | 5000 | 02 माह |
| 03 | | ग्राम निवाडी में पूर्व प्रधान के अनुसार वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 2.35 | 600 | 5000 | 02 माह |
| 04 | | न्याय पंचायत चाँदापुर में 04 वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 9.40 | 600 | 18800 | 02 माह |
| 05 | | न्याय पंचायत घुसगवां में 04 वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 9.40 | 600 | 18800 | 02 माह |
| 06 | | न्याय पंचायत राईखेडा में 04 वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 9.40 | 600 | 18800 | 02 माह |
| 07 | | न्याय पंचायत पिपरौली में 04 वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 9.40 | 600 | 18800 | 02 माह |
| 08 | | न्याय पंचायत ददरौल में 04 वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 9.40 | 600 | 18800 | 02 माह |
| 09 | | न्याय पंचायत बमनुआ में 04 वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 9.40 | 600 | 18800 | 02 माह |
| 10 | | न्याय पंचायत खिरिया हीर में 04 वाटर कूलर की स्थापना कार्य | 9.40 | 600 | 18800 | 02 माह |

**मुख्य नियम व शर्ते:-**

1. प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी ददरौल-शाहजहाँपुर के पक्ष में बन्धक हो को संलग्न किया जाये।
2. निविदादाता को निविदा के साथ सौ रूपये के स्टाम्प पर स्व घोषणा पत्र/शपथ पत्र संलग्न करना होगा तथा निविदा स्वीकृति उपरान्त स्वयं के व्यय पर सौ रूपये के स्टाम्प पर अनुबन्ध गठित करना होगा व स्टाम्प पर फोटोयुक्त घोषणा पत्र इन शर्तो के साथ की वह किसी भी संस्था ब्लेकलिस्टेड नहीं हुए है ।
3. निविदादाता के किसी भी विवाद का निस्तारण माननीय न्यायलय जनपद शाहजहाँपुर को मान्य होगा।
4. जमानत धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी, जो कि निविदा स्वीकृति के उपरान्त धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत को समायोजित करते हुये शेष 8 प्रतिशत को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी ददरौल के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करना होगा।
5. धरोहर धनराशि एवं जमानत धनराशि को नगद व चेक के रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रेषित की जाने वाली निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
7. निविदादाता का विकास खण्ड ददरौल में पंजीकृत होना आवश्यक है अन्यथा की स्थिति में प्राप्त होने वाली निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
8. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
9. निविदा खोले जाने की तिथि को अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगीं।
10. समस्त कार्य उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही कराये जायेंगे। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त सम्बन्धित मद में धनराशि उपलब्ध होने पर ही कार्य आदेश जारी किये जायेंगे।

**खण्ड विकास अधिकारी** **ददरौल-शाहजहांपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत फाजिलपुर वि.खं. नवाबगंज जनपद बरेली

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फाजिलपुर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत फाजिलपुर को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) पंचम राज/छठा वित्त आयोग RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो जैसे इण्टरलॉकिंग कार्य (नवनिर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नवनिर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का कायाकल्प/नवनिर्माण, जन सेवा, केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य) रिसोर्स रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये, कार्यो की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाईब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्डपम्प रिबोर व मरम्मत पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, हयूम पाईप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी.सी. रोड निर्माण (नवनिर्माण एवं मरम्मत) डस्टबिन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिगों में मरम्मत एवं नव निर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सी.सी. कैमरे, फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, टोटी इण्टर लॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोह, टाईल, पाईप, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत फाजिलपुर पर दिनांक 25.4.2026 को 11 बजे से दिनांक 28.4.2026 शाम 3 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जोकि 28.4.26 को दोपहर 4 बजे फाजिलपुर ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान - मो. असलम** **सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा निगाही वि.खं. नवाबगंज जनपद बरेली

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिपरा निगाही की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत पिपरा निगाही को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) पंचम राज/छठा वित्त आयोग RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो जैसे इण्टरलॉकिंग कार्य (नवनिर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नवनिर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का कायाकल्प/नवनिर्माण, जन सेवा, केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य) रिसोर्स रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये, कार्यो की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाईब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्डपम्प रिबोर व मरम्मत पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, हयूम पाईप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी.सी. रोड निर्माण (नवनिर्माण एवं मरम्मत) डस्टबिन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिगों में मरम्मत एवं नव निर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सी.सी. कैमरे, फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, टोटी इण्टर लॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोह, टाईल, पाईप, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा निगाही पर दिनांक 25.4.2026 को 11 बजे से दिनांक 28.4.2026 शाम 3 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जोकि 28.4.26 को दोपहर 4 बजे पिपरा निगाही ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान - ओमप्रकाश** **सचिव**

# परेड ग्राउंड में हुआ पासिंग आउट परेड का अभ्यास



संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलातीं एसएसपी अंकिता शर्मा।

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

● **एसएसपी ने किया परेड का निरीक्षण, संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की दिलाई शपथ**

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का अभ्यास पूरी गरिमा, उत्साह और अनुशासन के साथ कराया गया। एसएसपी अंकिता शर्मा ने परेड की सलामी ली। जिसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। परेड की विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे परेड गठन, कमांड व कंट्रोल, ड्रेस, कदमताल, सुरक्षा प्रबंध का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम को भव्य, व्यवस्थित व त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने को निर्देशित किया। परेड में शामिल रिक्रूट आरक्षियों ने उत्कृष्ट तालमेल, अनुशासन और ड्रिल का प्रदर्शन किया। रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों को देश की सेवा, अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण और भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। जिससे उनके भीतर कर्तव्य बोध व राष्ट्रसेवा की भावना और सुदृढ़ हो सके। एसएसपी ने प्रशिक्षुओं को कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और जनसेवा के प्रति समर्पित पुलिसकर्मी बनने का आह्वान किया। इस दौरान वरिष्ठ मंच संचालक रविंद्र मोहन सक्सेना को मुख्य अतिथि बनाया गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पूरनपुर-पीलीभीत

संख्या : 55(C)/न.पा.परि.पू./2026-27 **नोटिस** दिनांक : 22.04.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, पूरनपुर जिला-पीलीभीत अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय पत्र/वारिसान/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार प्रकार परिवर्तन करना चाहती है अतः नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो तो वह व्यक्ति लिखित साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा, और तदानुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी विवरण निम्न प्रकार है :-

| भवन संख्या | मोहल्ले का नाम | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति स्वामी विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 831 | बमनपुरी | श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी सुनील कुमार व सौरभ जायसवाल व विपलव पुत्रगण सुनील कुमार व संगीता जायसवाल पत्नी नवीन जायसवाल व तेजस जायसवाल पुत्रगण जायसवाल व रोमी जायसवाल पत्नी स्व. संदीप कुमार | मो. सैफ कुरैशी पुत्र मो. अकरम कुरैशी | |

**अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद पूरनपुर (पीलीभीत)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पूरनपुर-पीलीभीत

संख्या : 45(C)/न.पा.परि.पू./2026-27 **नोटिस** दिनांक : 20.04.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, पूरनपुर जिला-पीलीभीत अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय पत्र/वारिसान/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार प्रकार परिवर्तन करना चाहती है अतः नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो तो वह व्यक्ति लिखित साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा, और तदानुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी विवरण निम्न प्रकार है :-

| भवन संख्या | मोहल्ले का नाम | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति स्वामी विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 831 | बमनपुरी | सुनील कुमार पुत्र नानक चन्द संदीप कुमार जायवाल पुत्र नानक चन्द | लक्ष्मी देवी पत्नी सुनील कुमार व सौरभ जायसवाल व विपलव पुत्रगण सुनील कुमार व दीक्षा जायसवाल पुत्री सुनील कुमार पत्नी विजय कुमार रोमी जायसवाल पत्नी स्व. संदीप कुमार जायसवाल | मृत्यु प्रमाण पत्र/ वारिसान प्रमाण |

**अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद पूरनपुर (पीलीभीत)**

## कार्यालय कृषि उत्पादन मंडी समिति दातागंज (बदायूं)

पत्रांक: कृ.उ.म.स./2026-27/147 दिनांक: 24.04.2026

**दुकान आवंटन/नीलामी सूचना**

कृषि उत्पादन मंडी समिति दातागंज (बदायूं) की रिक्त दुकानों का आवंटन/नीलामी दिनांक 08.05.2026 को पूर्वाहन 11:30 बजे मण्डी समिति दातागंज के कार्यालय में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म मण्डी समिति दातागंज के कार्यालय से रू. 295.00 नकद जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर न्यूनतम प्रीमियम की धनराशि का 05 प्रतिशत का नकद जमा/बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. संलग्न कर दिनांक 07.05.2026 को सायं 05:00 बजे तक मण्डी समिति दातागंज के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। दुकानों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | दुकानों का विवरण | कुल संख्या | दुकानों में आरक्षण का विवरण (दुकान संख्या) | | | | न्यूनतम प्रीमियम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु. जाति | अ.पि.वर्ग | सामान्य | दिव्यांग | |
| 3. | मण्डी स्थल 'स' श्रेणी की | 02 | - | 01 | 01 | | 872130.33 |

शेष शर्ते किसी भी कार्य दिवस में मण्डी समिति कार्यालय में देखी जा सकती है। सभी धनराशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगा।

**खडबिन्द प्रकाश** **सचिव**

**विनोद कुमार सिंह** **उपजिलाधिकारी/सभापति**

# दो वार्डों में 22.38 लाख के विकास कार्यों का चेयरमैन ने किया उद्घाटन



फीता काटकर विकास कार्यों का उद्घाटन करतीं नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने वार्ड 10 व 24 में 22 लाख 38 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सीसी सड़कों और नाली निर्माण कार्यों का फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के अभाव की शिकायतें सामने आ रही थीं। चेयरमैन ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हर वार्ड में समान रूप से काम कराए जा रहे हैं। वार्ड 10 में मछली बाजार क्षेत्र में शराफत सब्जी वाले से लेकर अनीस की दुकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य कराया गया था। जिसमें 6.45 लाख रुपये खर्च हुए। लोगों की शिकायत थी बारिश के दिनों में यहां पानी भर जाता है। वार्ड 24 में नत्थू के मकान से प्रीतम की पुलिया तक सीसी मार्ग और नाली निर्माण कार्य का भी उद्घाटन हुआ। इस निर्माण में 15.93 लाख रुपये खर्च हुए। चेयरमैन ने कहा कि नगर के विभिन्न हिस्सों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।

## सड़क किनारे खड़े 98 वाहनों के हुए चालान

बदायूं, अमृत विचार : एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम ने विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने मानकों को दरकिनार करके सड़क पर दौड़ रहे वाहनों के अलावा सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की है। बिना हेलमेट पहने, बिना सीट बेल्ट लगाए, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग और गलत दिशा में चलने वालों 98 वाहनों के चालान किए गए। एआरटीओ ने कहा कि सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन खडे.करने की वजह से सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है। सभी लोग निर्धारित पार्किंग में ही वाहन खड़ा करें। यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें।

**न्यूज ब्रीफ**

### डीएल में गलत जन्मतिथि सुधारने की सुविधा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अब ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) में गलत दर्ज जन्मतिथि को आसानी से सुधारा जा सकेगा। परिवहन विभाग ने संशोधन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है, जिससे आवेदकों को बड़ी राहत मिलेगी। विभाग के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के डीएल या आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत दर्ज है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत संशोधन करा सकता है। इसके लिए आवेदक को तीन मान्य दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही जन्मतिथि में बदलाव किया जाएगा। यह सुविधा Sarathi Parivahan Portal पर उपलब्ध है, जहां आवेदक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### शिक्षामित्रों के मानदेय को 250 करोड़ जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को बड़ी राहत देते हुए प्रदेश सरकार ने उनका मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया है। इसके लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है, जिससे इसी माह से बढ़े हुए मानदेय का भुगतान शुरू हो जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जारी यह बजट बेसिक शिक्षा निदेशालय के माध्यम से सभी जिलों को आवंटित कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह राशि केवल शिक्षामित्रों के मानदेय भुगतान के लिए ही उपयोग की जाएगी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि धनराशि का उपयोग निर्धारित मद में ही किया जाए। समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत भी मानदेय भुगतान की प्रक्रिया जारी रहेगी।

### बलिया में पर्यटन विकास के आठ प्रोजेक्ट मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास को गति देने के लिए बलिया में 9.08 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन राज्य पर्यटन विकास निगम के माध्यम से किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत आजमगढ़ मंडल में आने वाले बलिया जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए यह धनराशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत परियोजनाओं में रसड़ा क्षेत्र स्थित लखनेश्वर मंदिर (50 लाख), बांसडीह का काली मंदिर (60 लाख), सिकंदरपुर का शिव मंदिर (50 लाख) और बेल्थरा क्षेत्र के राम जानकी मंदिर (64 लाख) शामिल हैं। इसके अलावा बलिया नगर स्थित महर्षि भृगु आश्रम के लिए 437 लाख, फेफना क्षेत्र के बाबा मुक्तिनाथ धाम के लिए 101 लाख, बैरिया के खपड़िया बाबा आश्रम के लिए 51 लाख तथा नगरा (जमुआंव) के प्राचीन शिव मंदिर के लिए 55 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### सपा प्रमुख से उलेमाओं ने की मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिमी उप्र. के प्रमुख उलेमाओं के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। उलेमाओं का कहना था कि 2027 में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। देश को आज उनकी बहुत जरूरत है। सभी ने एकस्वर में कहा कि प्रदेश बचाना है, अखिलेश को लाना है। सय्यदना खालिद बिन वालीड ट्रस्ट देवबंद के निदेशक कारी मो. सलीम कासमी ने शेखुल हिंद मेडिकल कॉलेज सहारनपुर में चिकित्सा सुविधाओं का मसला उठाया। सपा प्रमुख ने आश्वासन दिया कि सपा सरकार बनने पर शेखुल हिंद मेडिकल कॉलेज में उच्चस्तरीय इलाज की व्यवस्थाएं की जाएगी।

## संस्कृत बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत विद्यार्थी रहे सफल

### कक्षा-10 में सृष्टि और कक्षा-12 में रजनीश यादव ने हासिल किया प्रदेश में पहला स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। पारदर्शी और नकलविहीन व्यवस्था के बीच आयोजित परीक्षा में इस बार 95 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी सफल रहे हैं।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सरकार की पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का परिणाम बताया। उन्होंने बताया कि



परिणाम के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव, माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव शिव लाल व अन्य। अमृत विचार

प्रदेश के 1091 संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया।

पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा-10) में सृष्टि ने 94.43 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। वहीं उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा-12) में रजनीश यादव ने 89.36 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया।

**तीनों स्तरों पर शानदार प्रदर्शन**

पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा-10) में 95.91 प्रतिशत, उत्तर मध्यमा प्रथम में 94.40 प्रतिशत और उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा-12) में 94.86 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं।

**आंकड़ों में सुधार के संकेत**

इस वर्ष परिणाम में भी सुधार दर्ज किया गया है। कक्षा-10 के उत्तीर्ण प्रतिशत में पिछले वर्ष की तुलना में 2.79 प्रतिशत और कक्षा-12 में 6.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## जेवर एयरपोर्ट पर सुलझा सीईओ विवाद, भारतीय को मिली कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नीतू समरा बनीं अंतरिम सीईओ नियम के अनुरूप बदलाव से सुरक्षा मंजूरी का रास्ता साफ

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानें शुरू होने में आ रही बड़ी बाधा अब दूर होती दिख रही है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने नेतृत्व ढांचे में बदलाव करते हुए भारतीय नागरिक नीतू समरा को अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। इससे सुरक्षा नियमों से जुड़ा विवाद सुलझने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

दरअसल, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के नियमों के अनुसार किसी भी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का सीईओ भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है, क्योंकि वही सुरक्षा समन्वयक की भूमिका निभाता है। इसी कारण एयरड्रोम सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) की मंजूरी अटकी हुई थी और उड़ानों की शुरुआत में देरी हो रही थी।

एयरपोर्ट संचालन कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. ने अब इस बाधा को दूर करते हुए नीतू समरा को अंतरिम सीईओ बनाया है। वह इससे पहले मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद पर कार्यरत थीं और परियोजना के विकास में अहम भूमिका निभा चुकी हैं। वहीं, पूर्व सीईओ स्विस नागरिक क्रिस्टोफ श्नेलमैन को कार्यकारी उपाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी दी गई है, ताकि प्रबंधन में निरंतरता बनी रहे।

इस बदलाव के बाद एयरपोर्ट के लिए आवश्यक एएसपी सुरक्षा मंजूरी मिलने की संभावना बढ़ गई है। एएसपी के बिना किसी भी एयरपोर्ट पर वाणिज्यिक उड़ान संचालन संभव नहीं होता था और सीईओ की विदेशी नागरिकता इस प्रक्रिया में प्रमुख बाधा बनी हुई थी।

## धर्मांतरण गिरोह को विदेशों से मिले थे अरबों रुपये

### छांगुर बाबा मामले में एटीएस और ईडी की चार्जशीट में खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के धर्मांतरण गिरोह के खिलाफ एटीएस कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने अरबों रुपये के विदेशी फंडिंग और धर्मांतरण के गिरोह संचालित करने वाले छांगुर बाबा की डिस्चार्ज अर्जी को हाल ही में खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद छांगुर व उसके साथियों के खिलाफ सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

ईडी और एटीएस की संयुक्त टीम ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुरबाबा के खिलाफ 1400 पन्नों की विस्तार से चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी फंडिंग, जमीन खरीद और संगठित तरीके से धर्मांतरण कराने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। चार्जशीट में फंडिंग, संपत्ति खरीद, बैंक ट्रांजैक्शन और आरोपियों के बीच संबंधों का विस्तृत विवरण दिया गया है। चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि आरोपी एक संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहे थे, जिनका उद्देश्य बड़े पैमाने पर धर्मांतरण गतिविधियों को अंजाम देना था। जांच एजेंसियों के अनुसार, इस पूरे मामले में सबसे बड़ा खुलासा विदेशी फंडिंग को लेकर हुआ है। ईडी की जांच में सामने आया है कि वर्ष 2015 से 2024 के बीच 100 करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन हुआ। यह रकम सऊदी अरब और दुबई समेत खाड़ी देशों से भारत लाई गई। एजेंसियों ने मनी ट्रेल को खंगालते हुए पाया कि यह पैसा अलग-अलग खातों और माध्यमों से ट्रांसफर किया गया, ताकि इसकी असल पहचान छिपी रहे।

**देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित करने और सरकार के खिलाफ साजिश रचने के आरोप**

**अमृत विचार :** ईडी ने अपनी जांच में एटीएस द्वारा जुटाए गए तथ्यों को आधार बनाया और दोनों एजेंसियों के बीच समन्वय से पूरे गिरोह के नेटवर्क का खुलासा किया। अधिकारियों का दावा है कि इस फंडिंग का उपयोग धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा देने, लोगों को प्रलोभन देने और नेटवर्क को मजबूत करने में किया गया। जांच में सामने आया है कि सह आरोपी बनाए गए नवीन और उसकी पत्नी नीतू ने इस फंड का इस्तेमाल कई जिलों में जमीन खरीदने के लिए किया। बलरामपुर के तरबगंज क्षेत्र समेत अन्य स्थानों पर खरीदी गई इन संपत्तियों का प्रयोग धर्मांतरण गतिविधियों के संचालन के लिए किया जाता था। लोगों को आर्थिक व सामाजिक प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जाता था। दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि कई संपत्तियां पत्नी के नाम से खरीदी गई। पूरे खरीद-फरोख्त में छांगुर बाबा को एक गवाह व संरक्षक के रूप में दिखाया गया है। मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों पर देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित करने और सरकार के खिलाफ साजिश रचने के आरोप हैं। इस मामले में सीरिया लिंक और स्विस बैंक खातों की जांच अभी बाकी है।

## जातिवाद के नाम पर देश लूटने वालों से रहें सावधान

### मुख्यमंत्री ने की 'रश्मिरथी पर्व' की शुरुआत, दिनकर की कृतियों को बताया राष्ट्र चेतना की मशाल



'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व महापौर सुषमा खर्कवाल।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने और विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा। उन्होंने ऐसे लोगों को राष्ट्रद्रोही बताते हुए जनता से सतर्क रहने का आह्वान किया।

शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय 'रश्मिरथी पर्व' के शुभारंभ और 'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि "ऊंच-नीच का भेद न जाने, वही श्रेष्ठ ज्ञानी है" जैसी पंक्तियां आज भी समाज को दिशा देती हैं। कालजयी कृति 'रश्मिरथी' को उन्होंने राष्ट्र निर्माण की प्रेरक धरोहर बताया। "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" जैसी पंक्तियों को उन्होंने लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'रश्मिरथी' के नाट्य मंचन की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और संस्कृति विभाग को ऐसी प्रेरक प्रस्तुतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**तीन दिन चलेगा साहित्य-संस्कृति का संगम**

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयोजन में 'रश्मिरथी' पर आधारित नाट्य मंचन के साथ ही स्वामी विवेकानंद, लोकमान्य तिलक और अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर विशेष प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कड़ी सुरक्षा में होमगार्ड लिखित परीक्षा आज से

### सीसीटीवी, ई-केवाईसी और डबल लॉक सिस्टम से नकल पर रहेगा कड़ा पहरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 41,424 पदों के लिए 25 लाख से अधिक अभ्यर्थी, 1053 केंद्रों पर तीन दिन परीक्षा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होमगार्ड एनरॉलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा शुक्रवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो रही है। 25, 26 और 27 अप्रैल को प्रदेश के 1053 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 25.32 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे, जबकि कुल 41,424 पदों के लिए भर्ती की जा रही है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर के अनुसार परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। हर जिले में अपर पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस उपायुक्त स्तर के नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। वहीं, प्रत्येक 240 अभ्यर्थियों पर एक निरीक्षक या उपनिरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है।

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों की चेकिंग अलग परिसर में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की जाएगी। सभी केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम में 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी रहेगी। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जबकि यूपी-112 की गाड़ियां और एम्बुलेंस अलर्ट मोड में रहेंगी। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी अफवाह पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

**डबल लॉक में सुरक्षित प्रश्नपत्र :** प्रश्नपत्रों को कोषागार में 'डबल लॉक सिस्टम' के तहत रखा गया है, जिसकी चाबियां अलग-अलग अधिकारियों के पास होंगी। स्ट्रॉन्ग रूम में बिजली, इंटरनेट और अग्निशमन की समुचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षित परिवहन के लिए रूट मैप तैयार कर पूर्वाभ्यास भी कराया गया है।

**ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक अनिवार्य :** अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। साथ ही केंद्रों पर आइरिस बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है, जिससे फर्जी अभ्यर्थियों और प्रतिरूपण (इंपर्सनेशन) पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

### 986 महिला आरक्षियों की दीक्षांत परेड कल, मुख्यमंत्री लेंगे सलामी

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजधानी में आयोजित 986 महिला आरक्षियों की दीक्षांत परेड में सलामी लेंगे। यह परेड रिजर्व पुलिस लाइंस, महानगर में आयोजित होगी, जिसमें पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त महिला रिक्रूट आरक्षी हिस्सा लेंगी।

आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2025 के तहत चयनित इन महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक पुलिसिंग, साइबर क्राइम, फॉरेंसिक साइंस और कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया गया है। कार्यक्रम सुबह करीब 8 बजे शुरू होगा और प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस लाइंस, पीएसी वाहिनियों और प्रशिक्षण संस्थानों में इसका लाइव प्रसारण किया जाएगा। 2017 से पहले यूपी पुलिस में महिलाओं की संख्या करीब 10 हजार थी, जो अब बढ़कर 44-45 हजार के आसपास पहुंच गई है। वर्तमान में पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य कर दी गई है।

महिला आरक्षियों को फिजिकल ट्रेनिंग के साथ सोशल पुलिसिंग, साइबर क्राइम, सीसीटीएनएस, हथियार संचालन, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण और संचार प्रणाली जैसे विषयों में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

## वक्फ संपत्तियों पर कब्जों के खिलाफ कोर्ट जाएगा बोर्ड: जैदी

### अनियमितताओं की खबरों पर चेयरमैन ने दी सफाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की तैयारी
- वक्फ संपत्तियों से कब्जे हटवाए मन्दिर व धर्मशालाओं को किया गया मुक्त

**अमृत विचार :** उप्र. शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि प्रदेश की बहुत सी वक्फ संपत्तियों पर भू-माफियाओं की नजर है। बोर्ड जल्दी ही उनके कब्जों के खिलाफ कोर्ट में पिटीशन फाइल करेगा। पिछले कुछ दिनों से बोर्ड अध्यक्ष द्वारा वक्फ संपत्तियों से अनियमितताओं को लेकर चल रही खबरों के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने ऐसी खबरें चलवाईं, वही जिम्मेदार हैं और उन्हें मेरा पक्ष भी पूछना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि मैं जब बोर्ड का अध्यक्ष बना तो कर्मचारियों का 37 महीने का वेतन बकाया था। मैंने बोर्ड की आमदनी बढ़ाकर बोर्ड के रिटायर हो चुके कर्मचारियों और काम कर रहे कर्मचारियों का लगभग 50 लाख रुपये का भुगतान कराया। मेरे कार्यकाल का 4 महीने का वेतन अभी भी बकाया है।



शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी

अली जैदी ने बताया कि वक्फ दरोगा मीर वाजिद अली की वजीरगंज, डालीगंज और सआदतगंज स्थित सम्पत्ति गैर मुस्लिम के नाम दर्ज थी, जिसे कब्जे से मुक्त कराया। इसी तरह से कुछ मन्दिर और धर्मशालाओं को वक्फ सम्पत्ति में दर्ज किया गया था, उसे वक्फ रिकार्ड से हटवाया और मन्दिरों व धर्मशालाओं को मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने लखीमपुर में इमामबाड़े को अतिक्रमण मुक्त कराकर वहां बाउंड्री कराई। बुलंदशहर में इमामबाड़े से अतिक्रमण हटवाया।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि जब उन्हें अध्यक्ष बनाया गया तब बोर्ड में सालाना एक लाख रुपये की आय वाले 38 वक्फ थे, मौजूदा समय में एक लाख आय वाले 81 वक्फ हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड में कुल 7785 अवकाफ रजिस्टर्ड है, जिसको नये वक्फ अधिनियम- 1995 (यथासंशोधित- 2025) के अन्तर्गत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए उम्मीद पोर्टल पर 21 अप्रैल 2026 तक लगभग 7647 अवकाफ मुतवल्ली/मेकर्स द्वारा अपलोड किये जा चुके हैं, जिसके सापेक्ष 3595 अवकाफ के सत्यापन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 2167 अवकाफ बोर्ड द्वारा अप्रूव्ड किये जा चुके हैं।

## प्रयागराज में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग के तहत चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों को प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है।

रेलवे के अनुसार 29 अप्रैल को 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया एक्सप्रेस मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग से चलेगी। वहीं 30 अप्रैल को 11072 बलिया-एलटीटी एक्सप्रेस जंघई-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-झांसी होते हुए बीना के रास्ते संचालित की जाएगी। इसके अलावा अहमदाबाद-दरभंगा, दरभंगा-अहमदाबाद, गोरखपुर-एलटीटी, रक्सौल-एलटीटी और पुणे-दरभंगा समेत कई ट्रेनों को भी परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

कार्य अवधि के दौरान कुछ ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाने का निर्णय लिया गया है। पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस लगभग 90 मिनट देरी से चलेगी, जबकि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस को दोनों जोनों में 120-120 मिनट नियंत्रित किया जाएगा।

**सुधार** राष्ट्रीय मंच पर एसीएस पार्थ सारथी सेन शर्मा ने रखा यूपी का पक्ष

## कॉन्क्लेव में छाया रहा शिक्षा का 'योगी मॉडल'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएनएल, एआई व एडटेक के साथ मूल्यांकन सुधार पर व्यापक चर्चा

**अमृत विचार:** देश में शिक्षा सुधार को लेकर दिल्ली में आयोजित एजुकेशन कॉन्क्लेव 2026 में उत्तर प्रदेश का 'योगी मॉडल' छाया रहा। सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय मंच पर अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश में हुए शिक्षा सुधारों को विस्तार से प्रस्तुत किया।

कॉन्क्लेव में विभिन्न राज्यों के नीति-निर्माताओं, शिक्षा विशेषज्ञों और प्रशासकों ने उत्तर प्रदेश के मॉडल पर विमर्श किया। खासतौर पर आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएनएल), प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एडटेक के उपयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। एसीएस सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा सुधार को स्पष्ट लक्ष्य, सतत मूल्यांकन और शिक्षक-केंद्रित दृष्टिकोण के आधार पर आगे बढ़ाया गया है। 'लक्ष्य आधारित शिक्षण' और निरंतर आकलन प्रणाली से शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार देखने को मिला है। एडटेक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से प्रशासन और शिक्षकों के बीच रियल-टाइम कनेक्टिविटी स्थापित हुई है, जिससे त्वरित निर्णय और बेहतर क्रियान्वयन संभव हो पाया है। प्रदेश का यह मॉडल शिक्षा के क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिए भी मार्गदर्शक बन सकता है, जहां नीतियों को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारकर ठोस परिणाम हासिल किए जा रहे हैं।

**शिक्षक बने बदलाव की धुरी**

प्रदेश में शिक्षकों को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) जैसे मेंटर कैडर, संकुल बैठकों और नियमित संवाद से शिक्षण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया गया है।

**मूल्यांकन में सुधारात्मक दृष्टिकोण**

मूल्यांकन प्रणाली को दंड या पुरस्कार के बजाय सीखने की कमियों की पहचान और सुधार के उपकरण के रूप में विकसित किया गया है। इससे छात्रों के वास्तविक अधिगम परिणामों पर फोकस बढ़ा है।

## निगेटिव बैलेंस पर भी 30 दिन की मोहलत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को कनेक्शन कटने से पहले पांच एसएमएस अलर्ट अनिवार्य

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन काटने से पहले पांच अनिवार्य एसएमएस अलर्ट भेजे जाएं, ताकि उन्हें भुगतान का पर्याप्त समय मिल सके।

नई व्यवस्था के तहत एक किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शनधारकों का बिजली कनेक्शन नेगेटिव बैलेंस होने पर भी 30 दिन तक नहीं काटा जाएगा। वहीं, दो किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को भी राहत देते हुए 200 रुपये तक के माइनस बैलेंस पर कनेक्शन न काटने का फैसला लिया गया है।

सरकार का कहना है कि यह कदम उपभोक्ताओं को आर्थिक दबाव से राहत देने और गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अचानक बिजली कटौती की समस्या में कमी आएगी।

# अमृत विचार

शनिवार, 25 अप्रैल 2026






मनुष्य का कर्तव्य है, प्रयास करना और मेहनत करना। सफलता संयोग और परिस्थितियों पर निर्भर करती है।

-शहीदे आजम भगत सिंह

## अशोभनीय टिप्पणी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत 'नरक का द्वार' है, जैसी टिप्पणी कूटनीतिक मर्यादाओं के विपरीत है, इस तरह की भाषा उस परिपक्व वैश्विक नेतृत्व की अपेक्षाओं पर प्रश्न चिह्न लगाती है, जिसकी जिम्मेदारी किसी भी महाशक्ति के नेता पर होती है। ट्रंप ने बात पलटते हुए भारत को महान बताया, यह बात अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कही और यह नहीं बताया कि ट्रंप ने कब और कहां कहा, इसकी प्रमाणिकता संदिग्ध है।

विदेश मंत्रालय द्वारा ट्रंप के बयान को 'अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और खराब सोच वाला' बताया जाना एक संतुलित और संस्थागत प्रतिक्रिया है, किंतु देश के बारे में ऐसी ओछी टिप्पणी के विरोध में उच्च राजनीतिक स्तर से प्रत्यक्ष टिप्पणी का अभाव भी अपने आप में अलग संकेत देता है। भारत की यह चुप्पी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी परिपक्व कूटनीति का हिस्सा मानी जानी चाहिए। भारत और अमेरिका के संबंध दशकों से साझा हितों, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक संतुलन पर आधारित रहे हैं। ऐसे में किसी एक व्यक्ति के विवादास्पद बयान को द्विपक्षीय रिश्तों के व्यापक ढांचे पर हावी होने देना व्यावहारिक नहीं होगा, इसीलिए भारत अक्सर 'व्यक्ति नहीं, नीति' के स्तर पर प्रतिक्रिया देता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ट्रंप का यह पहला विवादास्पद बयान नहीं है। उन्होंने पहले भी भारत के व्यापार, कश्मीर और आंतरिक राजनीति पर असामान्य टिप्पणियां की हैं, जिनमें कई बार बाद में यू-टर्न भी लिया गया। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा है, जहां तीखे बयान देकर घरेलू राजनीति में चर्चा बटोरी जाती है और फिर परिस्थितियों के अनुसार नरमी दिखाई जाती है। ट्रंप ने भारत जैसी ही टिप्पणी चीन के बारे में भी की, वहां की प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत अधिक तीखी और प्रत्यक्ष रही। यह दोनों देशों की कूटनीतिक शैली का अंतर दर्शाता है, जहां चीन सार्वजनिक आक्रामकता दिखाता है, वहीं भारत संयमित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाता है। ट्रंप के बयान अक्सर अगंभीर और विरोधाभासी होते हैं। एक ओर वे भारत के प्रधानमंत्री को 'अच्छा मित्र' बताते हैं, तो दूसरी ओर उनका राजनीतिक करियर 'तबाह करने' जैसी बातें करते हैं। यह असंगति उनके व्यक्तित्व और राजनीतिक रणनीति दोनों को उजागर करती है। कई अमेरिकी विश्लेषक इसे 'पॉपुलिस्ट पॉलिटिक्स' का हिस्सा मानते हैं, जहां उत्तेजक बयान देकर जनभावनाओं को भुनाया जाता है, खासकर तब जब घरेलू मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ रही हों।

भारत को चाहिए कि वह ऐसी परिस्थितियों में अपनी गरिमा बनाए रखते हुए अमेरिका और ट्रंप को स्पष्ट संदेश भी दे। सरकार आवश्यक होने पर अधिक मुखर और दृढ़ रुख अपनाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता भारत के प्रति इस तरह की टिप्पणी करने से पहले दो बार सोचे। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि द्विपक्षीय संबंध किसी व्यक्ति विशेष की बयानबाज़ी के बजाय संस्थागत मजबूती पर टिके रहें। कुल मिलाकर ट्रंप का बयान भारत-अमेरिका संबंधों की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करता। यह एक क्षणिक राजनीतिक अभिव्यक्ति है, न कि स्थायी कूटनीतिक दृष्टिकोण।

### प्रसंगवश

## सुकून की तलाश में रिवायत की ओर लौटता जीवन

मानव सभ्यता ने पिछले कुछ दशकों में जितनी तीव्र गति से प्रगति की है, उतनी शायद इतिहास के किसी अन्य कालखंड में नहीं हुई। आज मनुष्य सुविधा-संपन्न जीवन जी रहा है। आज पक्के मकान हैं, बिजली, पानी, वातानुकूलन, आधुनिक फर्नीचर, यातायात के लिए ट्रेन, बस, कार, स्कूटर, मोटरसाइकिल और विमान जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि संचार क्रांति ने आज पूरी दुनिया को एक छोटे से गांव में बदल दिया है।

इंटरनेट, मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी तकनीकों ने जीवन को तेज, आसान और बहुत ज्यादा सुविधाजनक बना दिया है। परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि इन सब उपलब्धियों के बीच मनुष्य के जीवन से शांति, संतोष और आत्मीयता कम होती चली गई है। सच तो यह है कि आज का मनुष्य जितना साधनों, मशीनों से समृद्ध हुआ है, उतना ही मानसिक रूप से वह व्यस्त, तनावग्रस्त और अकेला भी हुआ है। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि इन सबने मानव का चैन-सुकून छीन लिया है।



सुनील कुमार महला
लेखक

पहले के समय में मनुष्य का जीवन प्रकृति के अधिक निकट था। लोग पैदल चलते थे, खेत-खलिहानों से जुड़े रहते थे, दिन-भर अथाह परिश्रम करते थे और शारीरिक रूप से अधिक स्वस्थ रहते थे। गांवों में बच्चे कई-कई कोस पैदल चलकर स्कूल जाते थे। बाजार जाना हो, खेत जाना हो या किसी रिश्तेदार से मिलने जाना हो, पैदल चलना सामान्य बात थी। इस कारण मनुष्य का शरीर सक्रिय रहता था, बीमारियां कम होती थीं और जीवन में अनुशासन भी बना रहता था।

आशा की किरण यह है कि अब समाज धीरे-धीरे अपनी जड़ों की ओर लौटने लगा है। लोगों को समझ में आने लगा है कि केवल आधुनिक साधन जीवन का समाधान नहीं हैं, इसलिए मिलेट्स यानी मोटे अनाजों की ओर फिर से ध्यान बढ़ा है। बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा जैसे अनाज फिर से थालियों में लौट रहे हैं। दादी-नानी के घरेलू नुस्खों को महत्व दिया जा रहा है। आयुर्वेद, योग, प्राणायाम और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति रुचि बढ़ रही है।

सुबह-शाम टहलने, योग करने, व्यायाम करने और पार्कों में समय बिताने की प्रवृत्ति पुनः बढ़ी है। लोग जैविक खेती (आर्गेनिक खेती) की ओर आकर्षित हो रहे हैं। खेती के साथ आज पुनः पशुपालन को महत्व दिया जा रहा है। घरों में फिर से तुलसी, नीम, एलोवेरा, फूल-पौधे लगाए जा रहे हैं। पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए जा रहे हैं। मिट्टी के घड़े और पारंपरिक रसोई के साधनों का प्रयोग पुनः आरंभ हो रहा है।

भोजन में भी लोग पारंपरिक व्यंजनों की ओर लौट रहे हैं। दाल-बाटी-चूरमा, खीर, खिचड़ी, सत्तू, राबड़ी, दलिया, लस्सी, छाछ और घर के बने पकवानों का महत्व पुनः बढ़ा है। लोग समझ रहे हैं कि स्वाद और स्वास्थ्य का वास्तविक मेल घर के भोजन में ही है। वास्तव में मनुष्य को जीवन में केवल धन-पैसा नहीं चाहिए। धन आवश्यक है, पर पर्याप्त नहीं। यदि घर में शांति न हो, मन में संतोष न हो, संबंधों में प्रेम न हो और समाज में मानवीयता न हो, तो वैभव भी अधूरा है। आदमी को सुकून चाहिए, अपनापन चाहिए, चैन की नींद चाहिए, स्वस्थ शरीर चाहिए और ऐसा समाज चाहिए जहां संवेदना जीवित हो।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## बंगाल में ऐतिहासिक मतदान, तमिलनाडु भी पीछे नहीं






प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हुए बढ़-चढ़कर मतदान ने इतिहास रच दिया। इसे 'वोट क्रांति' कह सकते है। बंगाल में पहले चरण में 294 सीटों में से 152 सीटों पर मतदान हुआ। पहले चरण में 92.72 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 85.14 प्रतिशत मतदान ने पिछले सब रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मतदान 2011 में 78.29 प्रतिशत था, जबकि बंगाल में 2011 में 84.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। आजादी के बाद हुए निर्वाचन के इतिहास में किसी भी राज्य एवं केंद्र शासित राज्य में इतना मतदान पहले कभी नहीं हुआ। इससे पहले रिकॉर्ड पुडुचेरी में नौ अप्रैल 2026 को हुए विधानसभा चुनाव का मतदान 89.87 प्रतिशत रहा है। परिणाम जो भी आएं, इस मतदान से परिपक्व संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र की मजबूती दिखाई देती है।

दूसरे राज्यों में रह रहे मतदाता बड़ी संख्या में वापस लौटे और मतदान किया। खासकर मालदा, मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर पहुंचने वाले मतदाताओं की संख्या अधिक रही। मुस्लिम मतदाताओं ने भी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत और केरल से आकर बड़ी संख्या में वोट डाले। एसआईआर की प्रक्रिया के चलते मतदाताओं में यह धारणा बनी कि मतदान नहीं करने पर मतदाता सूची से नाम कट सकता है। इस कारण नागरिकता भी गंवानी पड़ सकती है। ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को बार-बार उछाला।

तृणमूल यहां मोदी और शाह के आक्रामक चुनाव प्रचार के आगे अस्तित्व बचाए रखने के लिए जूझ रही है। कांग्रेस और वाममोर्चा का प्रयास रहा है कि अपने-अपने पारंपरिक और छिटक चुके मतदाताओं तक पहुंच बनाकर वोट डलवा लें। गोया, इस बार सभी राजनीतिक दल पूरे समय अधिकतम मतदान के लिए सक्रिय रहे। इसी का नतीजा रहा कि रिकॉर्ड मतदान ईवीएम में कैद हो गया। यह मतदान उस गहरी राजनीतिक हलचल और विभाजित सामाजिक चेतना के संकेत हैं, जो इस बार के चुनाव को असाधारण बना रही हैं। यह रिकॉर्ड इसलिए भी बना, क्योंकि एसआईआर के चलते 91 लाख वोट हटाए गए हैं। ग्रामीण महिलाएं समूहों के रूप में मतदान के लिए आईं।

इसी तरह तमिलनाडु में भी पहली बार मतदाताओं ने बढ़े तापमान के बीच भारी मतदान किया। यहां सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ है। तमिलनाडु के 5.73 करोड़ मतदाताओं ने 85.14 प्रतिशत मतदान करके इतिहास रच दिया है। इसके पहले सर्वाधिक 78.12 प्रतिशत मतदान 2011 में हुआ था। तब एआईए-डीएमके की मुखिया रहीं जयललिता ने डीएमके को करारी शिकस्त देकर सत्ता के गलियारे से बाहर कर दिया था। यहां एसआईआर प्रक्रिया के जरिए 74 लाख मतदाता बाहर हुए हैं। अतिम शाह बंगाल में इस बढ़े मतदान को टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाने का आधार बता रहे हैं, हालांकि यहां अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच कड़ा मुकाबला है। बहरहाल, ऊंट किस करवट बैठता है, यह तो परिणाम के बाद ही पता चलेगा।

बड़े मत-प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालांतर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी, क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है, तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता, लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है।

कालांतर में यह स्थिति मतदाता को धन व शराब के लालच से भी मुक्त कर देगी, क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होता है? बावजूद इन चुनावों में जातीय और अल्पसंख्यक राजनीति सभी दलों की कार्यशैली में खुले रूप में दिखाई दी है। साफ है, जातीय कुचक्र का धरातल नीचे से नहीं, बल्कि ऊपर से बनाए रखने के उपाय किए जा रहे हैं।


बढ़ा हुआ यह मतदान विशुद्ध रूप से मतदाता की मनस्थिति से उपजा प्रतिशत है। कई मुद्दों पर वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकल गया तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहुति देकर ही लौटा। ज्यादातर चुनावों में कुलीन मतदाता इसलिए मतदान नहीं करते हैं, क्योंकि एक तो वे मौसम की मार झेलने में स्वयं को समर्थ नहीं पाते, दूसरे वे अपनी बड़ी हैसियत का ख्याल रखते हुए लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान से बचते हैं, लेकिन बंगाल और तमिलनाडु में हुए मतदान से पता चलता है कि इस बार कुलीन मतदाताओं ने भी चुनावी यज्ञ में मतदान की आहुतियां दी हैं। अन्यथा मतदान का प्रतिशत इतना ऊंचा नहीं पहुंचता।

यह स्थिति मतदाता में बढ़ती राजनीतिक चेतना का प्रतीक भी है। वैसे भी लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की अधिकतम भागीदारी में निहित है। बावजूद भारतीय लोकतंत्र की विशेषता है कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक और चुनावी सर्वे एजेंसियां परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाकर परिणामों के शत-प्रतिशत सटीक अनुमान नहीं लगा सकते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने कमाल कर दिया। उन्होंने आजादी के बाद अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग की है। बंगाल में 92.72 फीसदी वोट पड़े हैं, तो तमिलनाडु में 85.14 प्रतिशत।

### आमने सामने



यहां (अमेरिका में) पैदा होने वाला बच्चा तुरंत नागरिक बन जाता है, फिर वो चीन, भारत या धरती के किसी दूसरे नर्क से अपने पूरे परिवार को यहां ले आते हैं। ऐसे उदाहरण अब आम हो गए हैं और इसके कारण अमेरिका में भाषा और पहचान बदल रही है।

-डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

ट्रंप की टिप्पणियां अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और भद्दी हैं। ये बयान भारत और अमेरिका के मजबूत रिश्तों का सही चित्रण नहीं करते। ट्रंप का बयान न केवल भारतीयों के लिए अपमानजनक है, बल्कि यह अमेरिका के साथ भारत के संबंधों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

-रणधीर जायसवाल
प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय, भारत



## तपती धरती का असर अनौपचारिक श्रमबल पर



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिज़ाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है, जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है। आर्थिक मोर्चे पर भी यह संकट अदृश्य चोट की तरह गहरा असर डाल रहा है। लैंसेट काउंटडाउन 2025 के अनुसार 2024 में गर्मी ने भारत से करीब 247 बिलियन श्रम घंटे छीन लिए, जिससे लगभग 194 बिलियन डॉलर की आय हानि हुई। 2030 तक गर्मी से 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियां प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ती गर्मी ने श्रम उत्पादकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि काम की रफ्तार धीमी पड़ रही है, जिससे मजदूरों की कमाई घट रही है और देश की आर्थिक प्रगति भी बाधित हो रही है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है, जहां बीमारी के दौरान विश्राम या आय-सुरक्षा जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती, इसलिए वे मजबूरी में काम जारी रखते हैं और अपनी सेहत को और गहरे संकट में धकेलते जाते हैं।

इसके बावजूद, नीति स्तर पर यह संकट अब भी अपेक्षित प्राथमिकता हासिल नहीं कर पाया है। हीटवेव को अभी राष्ट्रीय आपदा का दर्जा नहीं मिला है, जिसके कारण राहत, पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्था सीमित और धीमी बनी हुई है। नतीजतन, सबसे अधिक प्रभावित वर्ग ही सबसे कम संरक्षित रह जाता है। यदि जलवायु परिवर्तन को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, तो संसाधनों का अधिक प्रभावी और त्वरित आवंटन संभव होगा, निर्णय प्रक्रिया मंस तेजी आएगी और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन मजबूत होगा। यह कदम औपचारिकता नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है।

गर्मी अब सहनशीलता की सीमा नहीं, बल्कि सीधे स्वास्थ्य पर प्रहार करने वाली ताकत बन गई है। बढ़ती हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता साफ दिखाती है कि यह अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी और गहराता संकट है। ऐसे में इसे केवल पर्यावरण का मुद्दा मानना भूल होगी। इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार करना अब न केवल आवश्यक, बल्कि अपरिहार्य हो गया है।

इस उभरते संकट की सबसे निर्मम मार उसी विशाल अनौपचारिक श्रमबल पर पड़ रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था की धुरी है, फिर भी नीतिगत प्राथमिकताओं में हाशिये पर रहता है। भारत में अनौपचारिक क्षेत्र के करीब 12.8 करोड़ कार्यकर्ता निर्माण स्थलों की धूल, सड़कों की तपिश, बाजारों की भीड़ और डिलीवरी के चक्र में जुटे मजदूर खुले आसमान के नीचे बिना सुरक्षा के काम करने को विवश हैं। उन्हें न पर्याप्त छाया मिलती है, न स्वच्छ व ठंडे पानी की नियमित उपलब्धता और न ही स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसेमंद तंत्र। यह विडंबना है कि जो हाथ देश की प्रगति को गति देते हैं, वही जलवायु संकट के सामने सबसे अधिक असहाय और असुरक्षित हैं।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभाव अब गहरे, व्यापक और चिंताजनक रूप ले चुके हैं। ऊंचा तापमान हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली मौतों के खतरे को बढ़ा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं में समय से पहले प्रसव का जोखिम 15-16 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट, गुर्दे की खराबी और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण अब अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सच्चाई बन रहे हैं। जो आंकड़े सामने आते हैं, वे इस संकट की केवल ऊपरी परत दिखाते हैं, असल तस्वीर कहीं अधिक भयावह है, जहां अनगिनत पीड़ाएं और मामले बिना दर्ज हुए चुपचाप दब जाते हैं।

गर्मी का प्रभाव अब केवल शरीर की सहनशक्ति तक सीमित नहीं रहा, यह बीमारियों की प्रकृति, उनकी गति और उनके फैलाव की दिशा तक को बदल रहा है। तापमान में निरंतर वृद्धि और वर्षा के अस्थिर पैटर्न ने मच्छरों के जीवनचक्र को इस तरह परिवर्तित किया है कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से नए भूभागों, यहां तक कि हिमालयी क्षेत्रों में भी पैर पसार रही हैं। जो संक्रमण कभी सीमित भौगोलिक दायरों में बंधे थे, वे अब उन क्षेत्रों में भी उभर रहे हैं, जहां पहले उनका नामोनिशान नहीं था। इस बदलाव ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर असामान्य दबाव डाला है। पहले से ही वंचित और कमजोर समुदाय और अधिक खतरे में आ गए हैं।

समाधान के स्तर पर अब आधे-अधूरे उपायों से आगे बढ़कर ठोस और व्यापक कार्रवाई की जरूरत है। अनौपचारिक मजदूरों के लिए हीट-सेफ्टी कानून लागू करना, हर कार्यस्थल पर छाया और स्वच्छ पानी की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा काम के घंटों को तापमान के अनुसार वैज्ञानिक ढंग से पुनर्निर्धारित करना बेहद जरूरी है। शहरी इलाकों में हरित क्षेत्र बढ़ाना, सुलभ कूलिंग सेंटर विकसित करना और जलवायु-लचीला स्वास्थ्य ढांचा तैयार करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिजाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है, जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है।

### सोशल फोरम

## परिवार में बुजुर्ग पुरुष

हर वृद्ध पुरुष को इसे पढ़कर चिंतन अवश्य करना चाहिए। पुरुष बूढ़ा होता है, जबकि स्त्री परिपक्व होती है। जैसे ही पुरुष अपने बच्चों की शादी कर देता है और परिवार की आर्थिक नींव मजबूत कर देता है, परिवार में उसका वरिष्ठ और सम्मानित स्थान धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। इसके बाद उसे बोझ समझा जाने लगता है। चिड़चिड़ा, गुस्सैल और अनिश्चित स्वभाव वाला बूढ़ा व्यक्ति। जिन कठोर निर्णयों से उसने कभी पत्नी और बच्चों के लिए व्यवस्था बनाई थी, आज उन्हीं निर्णयों की चीर-फाड़ होकर आलोचना होती है। एक न एक कारण से उसे दोषी ठहरा दिया जाता है और यदि वास्तव में उससे कोई गलती हुई हो तो भगवान ही रक्षा करे। वृद्ध स्त्री को इसके विपरीत, बच्चों और बहुओं से सहानुभूति मिलती है, क्योंकि उसके माध्यम से अभी भी कई काम करवाने होते हैं। सही समय आने पर वह समझदारी से पति के पक्ष से बच्चों के पक्ष में चली जाती है। जब पति उम्र में बड़ा हो, तो पत्नी बहू के साथ तालमेल बना लेती है, ताकि बेटा उससे दूर न हो और उसकी देखभाल करता रहे।



भूमिका पांडेय
राइटर

पुरुष ने जीवन में चाहे कितनी ही महान उपलब्धियां हासिल की हों, बुढ़ापे में वे किसी काम नहीं आतीं, जबकि वृद्ध स्त्री अपने पुराने पुण्यों का ब्याज जीवन भर पाती रहती है। जिन लोगों के पास पैतृक संपत्ति या खेती होती है (जिसकी बच्चों को अब भी इच्छा रहती है) उनकी स्थिति थोड़ी बेहतर होती है, लेकिन जिन्होंने भविष्य के झगड़ों से बचने के लिए समय से पहले संपत्ति बांट दी वे अक्सर उपरोक्त ही दुःखद स्थिति का सामना करते हैं, इसलिए संपत्ति समय से पहले न बांटना ही बेहतर है। किसी भी अस्पताल में चले जाएं, रिश्तेदारों की आंख देखकर ही पता चल जाता है कि भर्ती वृद्ध पुरुष है या वृद्ध स्त्री। यदि वृद्ध पुरुष हो, तो उसकी बेटी को छोड़कर शायद ही किसी की आंख नम होती है। जैसे ही पुरुष वृद्ध होता है, उसे सीख लेना चाहिए कि दूसरों से किसी भी प्रकार की अपेक्षा न रखे। याद रखें, मनुष्य जीवन भर विद्यार्थी है। समझ लें कि इस संसार में कोई किसी का नहीं है। विरक्ति, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के साथ जीना सीखें।

आपने दूसरों के लिए क्या-क्या किया, यह सोचना भी छोड़ दें और इस बारे में बात करना भी बंद कर दें। प्राचीन शास्त्रों में कहीं भी ऐसा उदाहरण नहीं मिलता कि किसी स्त्री ने वानप्रस्थ या संन्यास ग्रहण किया हो। ये आश्रम केवल पुरुषों के लिए निर्धारित थे। इनके महत्व को समझें, तब ज्ञात होगा कि हमारे पूर्वज कितने दूरदर्शी थे।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## यूपी: स्टार्टअप के क्षेत्र में महिलाओं का बढ़ता प्रभाव

उत्तर प्रदेश अब केवल पारंपरिक कृषि और उद्योग तक सीमित राज्य नहीं रहा, बल्कि तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इस बदलाव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। आज महिलाएं न केवल स्टार्टअप शुरू कर रही हैं, बल्कि उन्हें सफलतापूर्वक चला भी रही हैं, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक ढांचे दोनों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण अब केवल सामाजिक बदलाव का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक मजबूत इंजन बन चुका है। महिलाओं की उद्यमिता को जो प्रोत्साहन मिला है, उसने राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा दी है। आज महिलाएं न केवल नौकरी तलाशने वाली हैं, बल्कि रोजगार देने वाली भी बन रही हैं।



धनीश शर्मा
लेखक

जहां पहले उत्तर प्रदेश में महिलाओं की स्थिति काफ़ी दयनीय हुआ करती थी, वहीं अब प्रदेश की महिलाएं पुरुषों की भांति कंधे से कंधा मिलाकर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए मजबूती के साथ बढ़ रही हैं। एक वक्त वह था जब महिलाएं केवल घर तक ही सीमित थीं, लेकिन समय के बदलाव के साथ समाज में उनकी सोच और भूमिका दोनों में बड़ा परिवर्तन आया है।

किसी भी प्रदेश की महिलाएं तभी तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ सकती हैं, जब वहां उन्हें अवसरों के साथ-साथ सुरक्षा और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिले। यह कोई अनायास नहीं है कि जहां वर्ष 2017 में केवल 174 महिला-निदेशक स्टार्टअप्स थे, वही संख्या वर्ष 2025 तक बढ़कर 2525 हो गई है।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के आंकड़े इस बदलाव की स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं। यह वृद्धि सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि इसके पीछे सरकार की दूरदर्शी नीतियां, बेहतर निवेश माहौल और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता है।

राज्य सरकार ने महिला उद्यमियों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें आसान ऋण, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और मार्केट तक पहुंच जैसी सुविधाएं शामिल हैं। स्टार्टअप इंडिया जैसी पहल ने भी महिलाओं को अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए मंच दिया है। इसके साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना ने स्थानीय स्तर पर महिला कारीगरों और उद्यमियों को नई पहचान दिलाई है।

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक बदलाव भी तेजी से हो रहा है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो उनके परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार देखने को मिलता है।

इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और ई-कॉमर्स के विस्तार ने भी महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने का अवसर दिया है। अब गांवों और छोटे शहरों की महिलाएं भी अपने व्यवसाय को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जा रही हैं। यह बदलाव उत्तर प्रदेश को एक नए आर्थिक मॉडल की ओर ले जा रहा है, जहां विकास का केंद्र केवल बड़े शहर नहीं, बल्कि हर जिला और हर गांव है, हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। वित्तीय साक्षरता की कमी, सामाजिक बाधाएं और तकनीकी ज्ञान का अभाव कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर लगातार काम करने की जरूरत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# शब्द रंग

मध्य प्रदेश भारत के उत्तर और दक्षिण तथा पूर्व और पश्चिम का संधि-स्थल ही नहीं है, अपितु भौगोलिक दृष्टि से यहां पहाड़ पठार, घने वन, विस्तृत मैदान और नदी घाटियों का आकर्षक एवं समृद्ध प्रकृति का वरदान भी है। प्रकृति, कला और सौंदर्य की दृष्टि से यह पर्यटकों के लिए स्वर्ग है। ऐसा संयोग कम ही स्थलों को मिलता है, जहां प्रकृति की सुंदर छटा भी बिखरी हो और साथ ही धार्मिकता का पुण्य-लाभ भी प्राप्त हो, कदाचित मध्य प्रदेश का अमरकंटक ऐसा ही अनुपम स्थान है।



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

## प्राकृतिक सौंदर्य का दर्शनीय स्थल

# अमरकंटक



अमरकंटक में प्रकृति रोमांचित करती है। घने जंगल आनंदित करते हैं तथा अध्यात्म और धर्म इस नगरी को एक विशिष्ट पहचान दिलाते हैं। वास्तव में यह ऐसी जगह भी है, जो दो बड़ी नदियों नर्मदा और सोन का उद्गम स्थल भी है। पूर्व से पश्चिम की दिशा में बहने वाली देश की दो नदियों में एक नर्मदा का उद्गम एक छोटे कुंड से हुआ देखकर आश्चर्य होता है। पानी की झिर इस कुंड से होकर बड़े आयताकार कुंड में एकत्र होती है। इस जलसंरचना का निर्माण कल्चुरी काल में किया गया। इसी प्रकार सोनमूढ़ा नर्मदाकुंड से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर मैकल पहाड़ियों के किनारे पर है। सोन नदी 100 फीट ऊंची पहाड़ी से एक झरने के रूप में यहां से गिरती है। इनके उद्गम को देखेंगे, तो लगेगा ही नहीं कि छोटे-छोटे कुंडों से निकलकर काफी दूर तक बहुत पतली धारा में बहने वाली ये नदियां देश की संस्कृति और धार्मिकता एवं विकास को नए आयाम देती हैं।

### पहाड़ों पर बसावट

मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के बीच स्थित अमरकंटक को तीर्थराज की संज्ञा भी दी गई है। यह समुद्र तट से लगभग 1065 मीटर ऊंचाई पर स्थित हिल स्टेशन की अनुभूति कराता है। कल्चुरी कालीन प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध अमरकंटक घने जंगल तथा औषधीय गुणों से भरपूर पौधों की संपदा के लिए प्रसिद्ध है। यहां खदानें भी हैं और जलप्रपात भी, जल के अदृश्य स्रोत भी और सुंदर आश्रम तथा मंदिर भी। यहां का शांत वातावरण पर्यटकों को सहज ही आत्ममुग्ध कर देता है। अमरकंटक की यात्रा आध्यात्मिक स्पर्श कराती है। यहां आते ही हवा में ताजगी और शुद्धता का आभास होने लगता है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार माता सती के दो अंग इस क्षेत्र में गिरे थे, अतः यह क्षेत्र दो शक्तिपीठों का क्षेत्र होने के कारण अति पवित्र है। उन दो स्थानों में से एक सोनमूढ़ा सोन नदी के उद्गम स्थल के पास है और दूसरा मां नर्मदा के उद्गम के पास स्थित देवी पार्वती जी का मंदिर है। यहां से मनमोहक झरने, पवित्र तालाब, ऊंची पहाड़ियों और शांत वातावरण यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

### यहां कैसे पहुंचें

अमरकंटक जबलपुर और बिलासपुर के निकट है। शहडोल से भी सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। अमरकंटक का निकटतम हवाई अड्डा जबलपुर में है। यहां से अमरकंटक की दूरी 245 किमी है। जबलपुर - बिलासपुर ट्रैक पर पेंड्रा रोड स्टेशन अमरकंटक के सबसे समीपस्थ रेलवे स्टेशन है। बिलासपुर, अनूपपुर और जबलपुर जंक्शन से भी अमरकंटक पहुंचा जा सकता है। शहडोल रेलवे-स्टेशन से अमरकंटक से 80 किमी तथा अनूपपुर रेलवे-स्टेशन से 72 किमी दूर है, जहां से लगातार बसें और टैक्सियां चलती रहती हैं।

### प्रमुख स्थल

- **भगवान शिव का त्रिमुखी मंदिर** - अमरकंटक के प्रमुख मंदिरों में भगवान शिव का त्रिमुखी मंदिर है। इसे कल्चुरी शासक कर्ण देव महाचंद्र ने 1041-1073 ई. में निर्माण कराया था। मंदिर में कल्चुरी कालीन शिल्पकारों की बनाई आकृतियां सम्मोहित करती हैं।
- **कपिलाधारा**- अमरकंटक की यात्रा कपिलाधारा देखे बिना अधूरी रहेगी। यहां 100 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है। धर्मग्रंथों में कहा गया है कि कपिल मुनि यहां रहते थे। कपिल मुनि ने सांख्य दर्शन की रचना इसी स्थान पर की थी। कपिलाधारा के निकट ही कपिलेश्वर मंदिर भी बना है। इस जगह के आसपास कई गुफाएं हैं, जहां अब भी साधु-संत ध्यानमग्न देखे जा सकते हैं।
- **कबीर चबूतरा** - कबीरपंथियों के लिए इस स्थान का बहुत महत्व है। कहा जाता है कि संत कबीरदास संवत 1569 में बांधवगढ़ से जगन्नाथपुरी प्रवास के समय यहां लंबे समय तक रहे थे। उन्होंने यहां पर ध्यान लगाया था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर कबीरदास के प्रवास के बीच गुरु नानक देव जी उनसे मिलने आए थे। कबीर चबूतरे के निकट ही रानी झरना (कबीर झरना) भी है। कबीर चबूतरे के ठीक नीचे एक जलकुंड है, जिसके बारे में कहा जाता है कि सुबह की किरणों के साथ ही यहां के जलकुंड का पानी दूध की तरह सफेद हो जाता है।
- **धूनी पानी** - यहां गर्म पानी का झरना है। इसके बारे में कहा जाता है कि यह झरना औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें स्नान करने से शरीर के असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं।
- **दुग्धधारा** - दुग्धधारा एक ऐसा झरना है, जिसका जल दूध के समान प्रतीत होता है, इसीलिए इसे दुग्धधारा के नाम से जाना जाता है।
- **सोनमूढ़ा**- यह सोन नदी का उद्गम स्थल है। यहां से घाटी और जंगल से ढकी पहाड़ियों के सुंदर दृश्य देखे जा सकते हैं।
- **मां की बगिया**- यह माता नर्मदा को समर्पित है। कहा जाता है कि इस हरी-भरी बगिया से शिव जी की पुत्री नर्मदा पुष्पों को चुनती थीं। यह बगिया नर्मदा कुंड से एक किलोमीटर की दूरी पर है।



### सर्वोदय जैन मंदिर

यह मंदिर भारत के अद्वितीय मंदिरों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। इस मंदिर को बनाने में सीमेंट और लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है। मंदिर में स्थित मूर्ति का वजन 24 टन के लगभग है। भगवान आदिनाथ अष्ट धातु के कमल सिंहासन पर विराजमान हैं, कमल सिंहासन का वजन 17 टन है। प्रतिमा को मुनि श्री विद्यासागर जी महाराज ने 6 नवंबर, 2006 को विधि-विधान से स्थापित किया था।

### 100 फीट ऊंचा जलप्रपात

पहले अमरकंटक शहडोल जिले में था। अब यह अनूपपुर जिले में है। यह मैकल पर्वत श्रृंखला पर स्थित है। पत्थरों की चारदीवारी के अंदर पत्थर से निर्मित नर्मदाकुंड मंदिर, शिव परिवार, कार्तिकेय मंदिर, श्री सूर्यनारायण मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, ग्यारह रुद्र मंदिर, अन्नपूर्णा, गुरु गोरखनाथ, श्री रामजानकी, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री ज्वालेश्वर महादेव, सर्वोदय जैन मंदिर, कबीर चबूतरा, कपिलाधारा, माई की बगिया आदि स्थल सदियों पुरानी स्थापत्यकला को सहेजे हुए हैं, जहां धार्मिक पर्यटकों को आना उपकृत करता है। मंदिर परिसर के आसपास परिक्रमावासियों के समूह अमरकंटक को तपस्थली के रूप में प्रतिबिंबित करते हैं। नर्मदा विश्व की एक मात्र सरिता है, जिसकी परिक्रमा की जाती है। कुंड से आगे निकलकर नर्मदा कल-कल बहने लगती है। लगभग 6 किलोमीटर की यात्रा कर नर्मदा 100 फीट ऊंचा जलप्रपात बनाती है, जिसे कपिलाधारा के नाम से जाना जाता है। हरे-भरे वातावरण से घिरे इस झरने के आगे दूध धारा है, जो छोटा जलप्रपात है। यहां पर्यटक निडर होकर स्नान करते हैं। कालिदास भी यहां आए थे और वे यहां की सुंदरता में निमग्न हो गए। उनके मेघदूत के बादल इसी अमरकंटक नगरी के ऊपर से विचरण करते हैं। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने भी यहां आकर तप किया था।




### नर्मदा परिक्रमा

नर्मदा परिक्रमा विधि-विधान नियम से की जाए, तो 1300 किमी से भी अधिक लंबी परिक्रमा होती है, जो 3 वर्ष 3 महीने 13 दिन में पूर्ण होती है, किंतु आज के समय में मोटरसाइकिल या चौपहिया वाहन के द्वारा यात्रा को जल्दी पूरा कर लिया जाता है। नर्मदा परिक्रमा में नर्मदा नदी को पार नहीं किया जाता है। परिक्रमा में सभी स्थानों पर दर्शनीय स्थल देखने को मिलते हैं।

---

**बीती यादें**

# कहां खो गया इक्का!

पता नहीं इक्का कहां खो गया? पहले शहरों-कस्बों में आवागमन का यही मुख्य साधन हुआ करता था। बैलगाड़ी गांव-देहात में आवागमन और भार वाहन का साधन थी।





मोहनजोदड़ो, हड़प्पा की खुदाई में बैल की एक प्रतिमा मिली है। तांबे का एक इक्का मिला है। इससे प्रमाणित होता है कि इक्का भारत सहित एशिया के एक बड़े भूभाग में आवागमन का प्रमुख साधन था। अब करनाल की राखीगढ़ी की खुदाई में कुछ ऐसी ही चीजें मिल रही हैं। इक्का को एक घोड़ा या एक बैल खींचता था। एक धुरी पर दो पहिए लगे होते थे और ऊपर छाया के लिए एक छतरी। गाय दूध देती थी और उसके बछड़े खेत में हल चलाते थे। यही बैल गाड़ी भी खींचते थे। रथ, रब्बा, बहल, छकड़ा और सग्गड़ भी। प्राचीन काल में इक्का घोड़ा दौड़ और बैल और बैल गाड़ी की दौड़ प्रतियोगिता होती थी।



शिवचरण चौहान
लेखक

एक्का, तांगा, खड़खड़ा, टमटम, रथ, रब्बा, सग्गड़ और बैलगाड़ी यही आवागमन के प्रमुख साधन थे। जब तक डीजल और पेट्रोल की खोज नहीं हुई थी। बिजली और सौर ऊर्जा की खोज नहीं हुई थी। इन सबका बहुत महत्व था। गांव की बारात बैलगाड़ियों से जाती थीं। कतार में गाड़ियां कच्ची सड़कों पर चलती दिखाई देती थीं। गाड़ी वाले बैला धीरे हांक रे तथा जरा ललकार के बैला हांकों, मेरे सैंया गाड़ीवान जैसे गीत फिल्मों में लोकप्रिय होते थे।

फिल्म तीसरी कसम का गाड़ीवान बहुत लोकप्रिय हुआ था। टमटम चार पहियों की गाड़ी होती थी। जबकि इक्का दो पहियों की जिसमें सिर्फ एक सवारी बैठती थी। बग्घी भी चार पहियों की सवारी होती थी। पहले राजा महाराजा और बादशाह अमीर लोग बग्घी पर चला करते थे। बग्घी पर अभी भी बारातें निकलती हैं। डेकोरेटेड बग्घी कई शहरों में शादी-बारात के लिए बुक की जाती थी। अब सब बीती यादें हैं। चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी उसने कहा था में तांगे वाले का जिक्र आया है।

अब पेट्रोल-डीजल बैटरी और बिजली सौर ऊर्जा से चलने वाली कारें, बसें आ गई हैं, तो इक्के वालों को कौन पूछेगा? एक संस्कृति विलुप्त हो रही है। आवागमन के साधन इतिहास में पढ़ाए जाएंगे इक्का, तांगा, टमटम और बग्घी।

---

**जॉब का पहला दिन**

# एक नई सोच को स्थापित करने वाला पहला कदम

जीवन में कुछ पल ऐसे होते हैं, जो बिना किसी पूर्व सूचना के आ जाते हैं और आपने कभी सपने में भी नहीं सोचा होता है कि इसी राह पर आपका करियर बनेगा, पर नियति आपको उसी दिशा में मोड़ देती है, जिसके लिए आप बने हैं। बात उन दिनों की है जब मैं मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी कर नई दिल्ली में एक निजी कंपनी में अपना भविष्य टटोल रहा था। एक कंपनी में 15 दिन की ट्रेनिंग के लिए मैं दिल्ली में ही था। संयोग देखिए - 11 सितंबर 2001, जिस दिन न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर दुनिया का सबसे भीषण आतंकी हमला हुआ, उसी दिन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट से एक संदेश मिला: "आपका चयन मास्टर इन टूरिज्म मैनेजमेंट के पहले बैच में अतिथि शिक्षक के रूप में हो गया है।" वही क्षण मेरे जीवन का टर्निंग पॉइंट बना, जब मैंने अकादमिक जगत में पहला कदम रखा। मन में हलचल थी, 25 साल की उम्र और सामने लगभग हमउम्र विद्यार्थियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी, भीतर कहीं डर भी था, मगर पहली कक्षा के बाद संस्थान के वरिष्ठ शिक्षकों, खासकर निदेशक महोदय और वरिष्ठ प्रोफेसर ने जब कहा, "धीरे-धीरे सब परिपक्व होते हैं," तो उन्हीं शब्दों ने मेरे भीतर नई ऊर्जा भर दी।

नौकरी का पहला दिन था। पिताजी ने सहज भाव से कहा, "यह तो प्रोफेसर बन गया।" अगले दो दिन रिश्तेदारों के फोन आते रहे- सब यही दोहराते, "आपका बेटा प्रोफेसर हो गया।" किसी को यह एहसास ही नहीं था कि प्रोफेसर एक बड़ा पद होता है, जबकि मैं तो केवल पार्ट-टाइम गेस्ट फैकल्टी, यानी लेक्चरर के रूप में जुड़ा था। मैं जब स्वयं विद्यार्थी था, तभी से डायरी लिखने का शौक था। जब पुराने पन्ने पलटे तो कहीं नहीं लिखा था कि मुझे शिक्षक बनना है। मैं तो देश-शहर सुधारने के सपने देखता हुआ सिविल या डिफेंस सर्विस में जाना चाहता था। किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। बिना हिचक मैंने शिक्षण को अपनाया। पहले ही वर्ष संस्थान में पहचान बनने लगी और दो साल के भीतर मैं नियमित लेक्चरर के पद पर चुन लिया गया। जीवन अनिश्चितताओं और संघर्ष का ही दूसरा नाम है। मेरा जीवन भी उससे अलग नहीं था। इन्हीं संघर्षों ने मेरे व्यक्तित्व को तराशा, एक नई पहचान दी। वह दौर था जब कई युवा शिक्षक एक साथ आए थे, प्रतिस्पर्धा चरम पर थी। इन्हीं संघर्षों और मेरे शांत स्वभाव ने मुझे स्थायित्व दिया।



शुरुआत में लगता था कि सब पीछे खींचना चाहते हैं, पर वह केवल भ्रम था। पहले वर्ष से ही मैंने इसे स्वीकार कर अपने व्यक्तित्व को निखारना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नए पड़ाव आते गए। अपने शुरुआती विचारों को साकार करने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय के भीतर रचनात्मकता दिखाने का मौका मिला। विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल, काउंसलिंग सेल, होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग की स्थापना और राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे नए कॉन्सेप्ट स्थापित किए। एनएसएस ने समाज के प्रति मेरा दृष्टिकोण व्यापक किया। एक नई विचारधारा जन्मी-शैक्षिक दायित्व के साथ-साथ समाज के प्रति भी हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, इस सोच के साथ सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ी। कुछ ही वर्षों में पर्यटन, सामाजिक विकास और जन-जागरूकता जैसे विषयों पर पकड़ बनी। आज कानपुर शहर को केंद्र में रखकर हैप्पीनेस, स्वास्थ्य और विजन कानपुर पर काम हो रहा है। "मुस्कुराए कानपुर", "कानपुर हेल्थ कमेटी" और "कानपुर सुपर 100" जैसी संस्थाएं खड़ी कर शहर के हर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों को जोड़ते हुए "नव कानपुर, कुशल कानपुर" बनाने का प्रयास जारी है। सामाजिक दृष्टिकोण और प्रबंधन क्षमता के साथ जिला प्रशासन के साथ भी पर्यटन विकास और शहर के विकास में सलाहकार की भूमिका निभाकर आत्मिक संतुष्टि मिल रही है। हर इंसान के जीवन में अलग-अलग पड़ावों पर रोल मॉडल होते हैं। माता-पिता के बाद प्रारंभिक काल में एक सरकारी कार्यालय के अधीक्षक रोल मॉडल थे। सेवा भाव से भरे हुए, आज कुलपति महोदय की प्रशासनिक क्षमता, कार्य के प्रति समर्पण और दूरदर्शिता मुझे प्रेरित करती है।



डॉ. सुधांशु राय
असिस्टेंट प्रोफेसर
कानपुर

आज जहां भी खड़ा हूं, अपने परिवार के समर्पण एवं सहयोग से। मैं मानता हूं कि मैंने सब कुछ नहीं पाया, पर काफी हद तक जीवन में संतुष्ट हूं खुश हूं। शैक्षिक दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाते हुए समाज को नया नेतृत्व देने की कोशिश कर रहा हूं। ऐसा नेतृत्व जो अपने शहर कानपुर को "नया कानपुर, खुशहाल कानपुर" बनाने की दिशा में कुछ सार्थक कर सके।

---

# कालजयी उपन्यास 'देवदास' के रचयिता शरतचंद्र

भारत में कई ऐसे यशस्वी साहित्यकार हुए हैं, जिनकी कृतियां विश्व भर में पढ़ी जाती हैं। इन साहित्यकारों में शरत चंद्र चट्टोपाध्याय की गणना प्रथम पंक्ति में की जाती है। आम आदमी को केंद्र में रखकर सामाजिक और पारिवारिक ताने-बाने पर बुने उनके उपन्यास और कहानियां पाठकों में बहुत लोकप्रिय हुईं।

शरतचंद्र चट्टोपाध्याय, एक ऐसे उपन्यासकार हैं, जिन्होंने अपने शब्दों और कुछ अविस्मरणीय लेखन के कारण लोगों के मन-मस्तिष्क पर एक गहरी छाप छोड़ी। उन्हें पश्चिम बंगाल के लोगों के मनोभावों, उनकी रुचियों, परंपराओं तथा उनकी जीवन शैली की गहरी समझ थी। एक विख्यात लेखक, जिनकी स्पष्ट और अविस्मरणीय लेखन की सरल शैली उस समय के नियमित पाठकों को पढ़ने के लिए एक बेहतरीन समाग्री थी। शरतचंद्र ने अपने उपन्यास और कहानियों में बंगाल के ग्रामीण अंचल में प्रचलित संस्कृति और वहां की जीवन शैली को एक नया आयाम दिया। उनके उपन्यासों और कहानियों के अधिकांश पात्र समाज के सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनके आचरण तथा व्यवहार में सादगी तथा भोलापन स्पष्ट रूप से झलकता है।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

शरतचंद्र का जन्म हुगली जिले के देवानंदपुर गांव में हुआ था। उन्होंने अपना बचपन भागलपुर में अपने मामा के घर में बिताया। 1894 में, उन्होंने टीएन जुबली कॉलेजिएट स्कूल से प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की और उन्हें एफए क्लास में भर्ती कराया गया, लेकिन गरीबी के कारण अपनी आगे की शिक्षा जारी रखने में असमर्थ हो गए।

शरतचंद्र का व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा का धनी था, इसलिए उन्होंने जीवन के कई क्षेत्रों में कार्य किया। सबसे पहले उन्होंने बनाली एस्टेट में सहायक सेटलमेंट ऑफिसर के रूप में कार्य करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता के उच्च न्यायालय में एक अनुवादक के रूप में काम किया। फिर उन्होंने बर्मा रेलवे में लेखा विभाग में क्लर्क के रूप में काम किया। शरतचंद्र चट्टोपाध्याय बंगाल कांग्रेस के सक्रिय सदस्य भी रहे। वे भारतीय कांग्रेस द्वारा देश की आजादी के लिए चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन में भाग लेते थे। बाद में, उन्हें हावड़ा जिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।


शरतचंद्र चट्टोपाध्याय को एक ऐसा लेखक माना जाता है, जिन्होंने बंगाल के ग्रामीण परिवेश को अपने लेखन में अच्छी तरह से समाहित किया है। उनके कृतियों में ग्रामीण सार है, क्योंकि इनमें साधारण परिवारों, शहरों से बहुत दूर प्रकृति की गोद में, नदियों, पेड़ों और कृषि भूमि के बीच के जीवनकाल को कहानियों के रूप में दर्शाया गया है।

उन्होंने महिलाओं के बारे में बहुत अधिक लिखा और एक पितृसत्तामक समाज में उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट रूप से और ईमानदारी से बताया। उन्होंने धर्म के नाम पर हो रहे सामाजिक भेदभाव, अन्याय और अंधविश्वास के खिलाफ विरोध किया।

शरतचंद्र का पहला उपन्यास 'बड़ीदीदी' 1907 में प्रकाशित हुआ। यह उपन्यास पाठकों के मध्य बहुत लोकप्रिय हुआ। इसके बाद उनका उपन्यास 'बिंदुर छेले' सन् 1913 में और एक अन्य उपन्यास 'परिणीता' 1914 में प्रकाशित हुआ। उनके इन उपन्यासों को पाठकों ने हाथों-हाथ लिया और उन्हें अपार लोकप्रियता हासिल हुई।

सन् 2016 में उनका उपन्यास 'बैकुन्ठेर उइल' सन् 1917 में 'देवदास', 'श्रीकांत' और 'चरित्रहीन' प्रकाशित हुए। देवदास और चरित्रहीन उपन्यास के प्रकाशन के बाद शरतचंद्र की गणना देश के चोटी के उपन्यासकारों में होने लगी।

सन् 1926 में शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का उपन्यास 'पाथेर दाबी' प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास का कथानक क्रांतिकारी विषयवस्तु पर आधारित था और पाठकों को आजादी के लिए प्रेरित करता था, इसलिए ब्रिटिश सरकार द्वारा इसे प्रतिबंधित कर दिया गया। अपनी साहित्य यात्रा के दौरान शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने बच्चों के लिए कई कहानियां और उपन्यास लिखे। इनमें 'रामर शुमाती' तथा 'लालू और उनके दोस्त' जैसी लघु कथाएं शामिल हैं। उनके उपन्यास और कहानियों पर



सफल फिल्में भी बनाई गईं। इन फिल्मों में 'देवदास', 'परिणीता', और 'श्रीकांत' जैसी फिल्मों ने अपार सफलता अर्जित की और वे दर्शकों के मध्य बहुत लोकप्रिय हुईं। शरतचंद्र को बंगाली साहित्य में योगदान देने के लिए कई पुरस्कार मिले। इनमें सन् 1903 में उन्हें मिला 'कुंतालिन पुरस्कार' सबसे महत्वपूर्ण है। सन् 1923 में बंकिम चंद्र चटर्जी को 'जगत्तारिणी स्वर्ण पदक' से विभूषित किया गया। सन् 1934 में उन्हे 'बंगाली संगीत परिषद' की सदस्यता प्रदान की गई।

16 जनवरी 1938 को उनकी मृत्यु से बंगाल साहित्य को भारी नुकसान हुआ। उनके द्वारा लिखे गए उपन्यास हिंदी साहित्य की भी अनमोल धरोहर हैं। उनके विश्व प्रसिद्ध उपन्यासों के लिए उनका सदैव स्मरण किया जाएगा। यह देश और समाज उनका ऋणी रहेगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,664.21 | 23,897.95 |
| गिरावट | 999.79 | 275.10 |
| प्रतिशत में | 1.29 | 1.14 |

सोना 1,55,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,47,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 25 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13 किग्रा 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 किग्रा 2130, क्लासिक (किग्रा) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवाइन 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, **प्रति किलो :** लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किशमिश पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 11700, हरी पत्ती नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10700–12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000–11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**सोना प्रति 10 ग्राम :** पक्के जेवर 152800, गिन्नी जेवर 148800, **चांदी प्रति किलो :** पक्की 244000 अनुमानित

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3200, मसूरी 1000, बासमती 7200–8400, परमल 1000–3600

**दाल दलहन :** काला चना 2000–3000, साबुत चना दाल 1200, मूंग साबुत 5000, राजमा 7400–12200, दाल उड़द 4800, साबुत मसूर दाल 2000, मसूर दाल 1700, उड़द साबुत 10300, काबुली चना 5000–10200, अरहर दाल 10000 –12300, लोबिया/करमानी 1200–1400

# अनिश्चितता से घिरे शेयर बाजार में फिर बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,000 अंक टूटा

### तेल की बढ़ती कीमतों और आईटी शेयर में बिकवाली ने दिया झटका, निफ्टी भी 455 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और आईटी कंपनियों के शेयर में भारी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगातार व्यवधान से कारोबारियों के बीच निराशा का माहौल गहराया रहा। बीएसई सेंसेक्स 999.79 अंक यानी 1.29 प्रतिशत टूटकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 275.10 अंकों की गिरावट हुई।

कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,260.13 अंक यानी 1.62 प्रतिशत फिसलकर 76,403.87 अंक तक चला गया था। बीएसई पर कुल 2,905 शेयर में गिरावट आई जबकि 1,326 में बढ़त हुई और 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। पिछले सप्ताह सेसेंक्स 1,829.33 अंक या नी2.33 प्रतिशत गिरा जबकि निफ्टी में 455.6 अंक यानी 1.87 प्रतिशत की गिरावट आई। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर. ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों ने लगातार तीसरे सत्र में गिरावट दर्ज रही। जोखिम से बचने की भावना ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आईटी क्षेत्र में लगातार कमजोरी ने बाजार पर दबाव बनाना जारी रखा।



#### इन्फोसिस का शेयर 7.09 प्रतिशत टूटा

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस का शेयर सर्वाधिक 7.09 प्रतिशत टूटा। एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

**बढ़त के साथ हुए बंद :** ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक।

#### स्मॉलकैप 0.95, मिडकैप 0.91 प्रतिशत टूटा

बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.95 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट 0.91 प्रतिशत टूटा। बीएसई आईटी में 5.13 प्रतिशत, बीएसई फोकस्ड आईटी में 4.65 प्रतिशत, स्वास्थ्य देखभाल में 1.35 प्रतिशत, दूरसंचार में 1.33 प्रतिशत, रियल्टी में 1.30 प्रतिशत, सेवाओं में 1.17 प्रतिशत की गिरावट आई।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 107.3 डॉलर प्रति बैरल
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बेचे 3,254.71 करोड़ रुपये के शेयर
- दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ हुए बंद
- जापान का सूचकांक निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ हुआ बंद

#### रुपया 15 पैसे कमजोर 94.16 प्रति डॉलर हुआ

**मुंबई।** रुपये में भी शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 94.16 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से घरेलू मुद्रा दबाव में है। रुपये में पिछले पांच सत्रों से लगातार गिरावट जारी है। घरेलू बाजार से निरंतर निकासी का भी असर पड़ रहा है।

#### डॉलर के मजबूत होने से तीसरे दिन भी सोना, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना-चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर सभी करों सहित 1,55,900 रुपये 10 ग्राम रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ सभी करों सहित 2,47,000 रुपये किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



## भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण नहीं पूरे हो सके राजमार्ग निर्माण के लक्ष्य

- भूमि अधिग्रहण से पहले ही प्रोजेक्ट शुरू करना कारण

**नई दिल्ली।** देश में वित्त वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण 9,380 किलोमीटर रहा, जो 10,000 किलोमीटर के लक्ष्य से कम है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि लक्ष्य से पीछे रहने का मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में देरी और अन्य मंजूरियां मिलने में समय लगना रहा। पिछले वित्त वर्ष में राजमार्ग निर्माण की लंबाई 2017-18 के बाद से सबसे कम रही। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10,660 किलोमीटर, 2023-24 में 12,349 किलोमीटर और 2022-23 में 10,331 किलोमीटर राजमार्ग बनाए थे। निर्माण की रफ्तार में यह कमी मुख्य रूप से नई परियोजनाओं के आवंटन में गिरावट के कारण आई है। राजमार्ग परियोजनाओं के ठेके देने की गति वित्त वर्ष 2022-23 में 12,376 किलोमीटर से घटकर वित्त वर्ष 2024-25 में 7,538 किलोमीटर रह गई। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसका जिक्र किया था।

## सिफारिशः घरेलू कीटनाशकों पर जीएसटी घटाकर 5% करें

- ईवाई-एचआईसीए ने रिपोर्ट जारी कर जीएसटी परिषद से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** मच्छरों और कीटों से होने वाली बीमारियों से लड़ने और निवारक स्वास्थ्य देखभाल सेवा को मजबूत करने के लिए जीएसटी परिषद को घरेलू कीटनाशकों पर लगने वाले कर को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने पर विचार करना चाहिए। ईवाई-एचआईसीए ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में इस पर जोर दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार लिक्विड वेपोराइजर, कॉइल और एरोसोल जैसे घरेलू कीटनाशक भारत के निवारक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विशेष रूप से घरेलू स्तर पर जहां इन बीमारियों से सुरक्षा अभी भी असमान है। ईवाई और होम इंसेक्ट कंट्रोल एसोसिएशन की इस संयुक्त रिपोर्ट में इस बात की पड़ताल की गई है कि वर्तमान 18 प्रतिशत की जीएसटी दर इन उत्पादों की वहनीयता, पहुंच और उपयोग को खासकर संवेदनशील और उच्च जोखिम वाली आबादी के बीच किस तरह प्रभावित करती है। रिपोर्ट में इन उत्पादों पर कर को अन्य आवश्यक स्वच्छता और स्वास्थ्य-सुरक्षा उत्पादों की तर्ज पर पांच प्रतिशत करने का तर्क दिया गया है।

## पाकिस्तान ने यूएई को लौटाया 3.45 अरब डॉलर का कर्ज

- हाल ही में सऊदी अरब से मिली थी तीन अरब डॉलर की वित्तीय सहायता

**इस्लामाबाद।** वित्तीय संकट में घिरे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को बकाया 3.45 अरब अमेरिकी डॉलर का पूरा कर्ज लौटा दिया है। एक अरब डॉलर की राशि अबू धाबी फंड फॉर डेवलपमेंट को चुकाई गई, जबकि 2.45 अरब डॉलर का भुगतान पिछले सप्ताह कर दिया गया था।

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के मुताबिक यह भुगतान 23 अप्रैल को पूरा किया गया। इसके साथ ही यूएई को कुल 3.45 अरब डॉलर की जमा राशि की वापसी पूरी हो गई है। पाकिस्तान को हाल ही में सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की वित्तीय सहायता मिली है। यह राशि दो किस्तों में आई, जिसमें दूसरी किस्त के रूप में एक अरब डॉलर 21 अप्रैल को प्राप्त हुए। पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर अमेरिका-इजराइल के साथ बढ़े तनाव के बाद यूएई ने पाकिस्तान से यह धन तत्काल लौटाने को कहा था। यह राशि 2019 में यूएई द्वारा पाकिस्तान को उसके भुगतान संतुलन को स्थिर करने के लिए दी गई बाहरी वित्तीय सहायता का हिस्सा थी। इससे पहले मार्च में पाकिस्तान यूएई के साथ लगभग 3.5 अरब डॉलर की जमा राशि को आगे बढ़ाने का समझौता करने में नाकाम रहा था।

# 'महिला सामर्थ्य' योजना से एक लाख महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कानपुर नगर के 1550 गांवों का कायाकल्प
- एक लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं का डेयरी नेटवर्क तैयार, रोज चार लाख लीटर दूध का संग्रह

**अमृत विचारः** योगी सरकार की 'महिला सामर्थ्य' योजना अवध क्षेत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है। अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फतेहपुर और कानपुर नगर के 1500 से अधिक गांवों में इस योजना के तहत एक लाख से ज्यादा महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। वहीं लखनऊ, उन्नाव और बाराबंकी में इसका तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

योजना के तहत एक मजबूत डेयरी नेटवर्क खड़ा हुआ है, जिसमें जुड़ी महिलाएं रोज करीब 4 लाख लीटर दूध का संग्रह कर रही हैं। अब तक 1380 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है, जिससे उनकी आय में स्थायी वृद्धि हुई है। सुल्तानपुर के मुकुंदपुर गांव की अनीता वर्मा इस योजना की मिसाल बनकर उभरी हैं। दो गायों से शुरू किया गया उनका छोटा प्रयास आज उन्हें सालाना लाखों की आय दिला रहा है और वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। यह योजना साबित कर रही है कि सही अवसर और सरकारी सहयोग मिलने पर ग्रामीण महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर भी बदल सकती हैं।

#### आत्मनिर्भर महिला, सशक्त परिवार

मुख्यमंत्री योगी का मानना है कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही समाज की असली ताकत है। इसी सोच के साथ योजना में महिलाओं को उत्पादन, संग्रहण और विपणन की पूरी प्रक्रिया से जोड़ा गया है, जिससे वे खुद निर्णय लेने में सक्षम हो रही हैं।

#### 8000 से एक लाख तक का सफर

मार्च 2023 में 340 गांवों और 8000 महिलाओं से शुरू हुआ यह अभियान अब 1550 गांवों और एक लाख से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुका है। डेयरी व्यवसाय का यह विस्तार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए नया मॉडल बनकर उभरा है।

#### डीबीटी से खत्म हुआ बिचौलिया तंत्र

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए भुगतान सीधे महिलाओं के खातों में जा रहा है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है, जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

## संपर्क बनाए रखेंगे भारत और अमेरिका

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच तीन दिवसीय व्यापार वार्ता 23 अप्रैल को पूरी हुई, जिसमें दोनों पक्ष भविष्य में इस गति को बनाए रखने के लिए निरंतर संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुगमीकरण, निवेश प्रोत्साहन, आर्थिक सुरक्षा और डिजिटल व्यापार जैसे कई क्षेत्रों पर चर्चा की।

बयान में कहा गया, बैठकें सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में हुईं जिसमें प्रमुख मामलों पर प्रगति के लिए सार्थक और भविष्योन्मुखी चर्चा की गई। दोनों पक्ष आगे बढ़ते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए निरंतर संपर्क में रहने पर सहमत हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार के संबंध में एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे को अंतिम रूप देने के लिए संयुक्त बयान सात फरवरी को जारी किया था। यह ढांचा व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) वार्ता के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

#### व्यापार समझौते पर बातचीत

## एनएच पर दिसंबर से बाधामुक्त टोल प्रणाली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि देश के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिसंबर तक बिना रुकावट के टोल वसूली की नई व्यवस्था लागू की जाएगी। गडकरी ने लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट एंड अवॉर्ड्स- 2026 के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाकर परिवहन लागत घटाना जरूरी है।

गडकरी ने कहा कि इस नई प्रणाली के तहत वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। यह व्यवस्था उन्नत प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी, जिसमें वाहन नंबर पहचानने वाली प्रणाली और फास्टैग जैसी इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था शामिल होगी। इस प्रणाली में तेज गति वाले कैमरे और सेंसर के जरिए वाहनों की पहचान की जाएगी और उसी आधार पर टोल शुल्क वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों को डिजिटल रूप से नोटिस भेजा जाएगा। भुगतान नहीं करने पर फास्टैग बंद किया जा सकता है और वाहन से जुड़ी अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है।

## टेस्ला भारत में सुपरचार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करेगी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला भारत में अपने कारोबार को मजबूत करके के उद्देश्य से अपनी चार्जिंग सुविधा का विस्तार करेगी। कंपनी ने हाल ही में भारत में अपने वाहन पेश किए हैं और अब वह ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता को कम करना चाहती है।

टेस्ला ने हाल ही में मॉडल वाई के साथ भारत में प्रवेश किया था। इसके बाद बुधवार को उसने अपना दूसरा मॉडल मॉडल वाईएल पेश किया, जो तीन पंक्तियों और छह सीटों वाला वाहन है और जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है। साथ ही कंपनी ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता दूर करने के लिए चार्जिंग सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल भारत में कंपनी के पांच तेज चार्जिंग केंद्र हैं, जिन्हें ऐसे स्थानों पर बनाया गया है जहां लोग काम, खरीदारी, भोजन और यात्रा के लिए जाते हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# शाह का दावा, भाजपा पहले चरण की 110 सीटें जीतेगी

### कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को बताया दावे का आधार

**कोलकाता, एजेंसी**

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों में से 110 सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा है कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत हासिल कर वह राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सभी विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को इस दावे का आधार बताया।

उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत के साथ भाजपा पांच मई को राज्य में सरकार बनाने जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास की राह को चुना है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदान के सभी पुराने रिकार्ड टूट गये हैं और यह मतदान राज्य में सत्ता में परिवर्तन के लिए भाजपा के पक्ष में हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इन आरोपों पर कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में बाहर का व्यक्ति मुख्यमंत्री बनेगा इस पर शाह ने कहा , मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्म लेने वाला, बांग्ला माध्यम से पढ़ने वाला और बांग्ला बोलने वाला होगा लेकिन इतना जरूर है कि वह आपका भतीजा नहीं होगा बल्कि वह भाजपा का कार्यकर्ता होगा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।

# साजिश का मतदान से दिया है जनता ने जवाब : ममता

### दिल्ली से बंगाल चलाने के सपने कामयाब नहीं होंगे

**कोलकाता, एजेंसी**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में अपने विभाजनकारी एजेंडे को थोपने की कोशिश कर रही ताकतों को शुक्रवार को आगाह करते हुए कहा कि यह विधानसभा चुनाव राज्य को कमजोर करने और उस पर नियंत्रण करने के व्यवस्थित प्रयास का प्रतिरोध करने के लिए है।

ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कि बंगाल को कमजोर करने के हर प्रयास का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। दिल्ली में बैठे लोग बंगाल के अधिकारों को छीनने और अपना एजेंडा थोपने की साजिश रच रहे हैं, लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिए कि बंगाल की जनता सब देख रही है और वोट के जरिए जवाब देगी। यह चुनाव बंगाल को कमजोर करने के प्रयास का विरोध करने का है। मुख्यमंत्री का इशारा राज्य में मोदी, शाह प्रचार अभियान की ओर था।

ममता ने कहा, चौरंगी, भवानीपुर, यादवपुर और टॉलीगंज में मैंने लोगों को कड़े इरादे, दृढ़ संकल्प, एकता के साथ बंगाल, उसकी पहचान और भविष्य की रक्षा के लिए उमड़ते देखा। जो लोग यह मानते हैं कि वे दिल्ली से बंगाल चला सकते हैं, उसके लोगों को बांट सकते हैं और संस्कृति को विकृत कर सकते हैं, वे बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं। इस भूमि की स्मृति लंबी है और इसकी रीढ़ की हड्डी बहुत मजबूत है।



खिदिरपुर में ममता बनर्जी ने किया रोड शो।

## भाजपा के विभाग की तरह बर्ताव कर रहा चुनाव आयोगः वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग को भाजपा का एक विभाग करार देते हुए आरोप लगाया कि उसने कांग्रेस प्रमुख खरगे को तुरंत नोटिस जारी कर दिया, जबकि मोदी के संबोधन पर कोई कार्रवाई नहीं की। वेणुगोपाल ने दावा किया कि संसद में परिसीमन संबंधी विधेयक पारित न होने के बाद प्रधानमंत्री का हालिया सार्वजनिक संबोधन चुनाव नियमों और आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन था।

## भाजपा कार्यकर्ता को तृणमूल ने धमकाया

**कोलकाता।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दक्षिण कोलकाता में पार्टी की एक कार्यकर्ता को उसके आवास पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा धमकाया गया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# चुनाव में निर्वाचन अधिकारी मगर मतदाता सूची से बाहर

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कीं वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए दायर याचिकाएं**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव में निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत कई लोगों के नाम भी एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने भी इन लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और उन्हें अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष अपील करने का निर्देश दिया।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने सीजेआई सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ को बताया कि कई अधिकारियों के नाम बिना किसी कारण मनमाने ढंग से मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। न्यायमूर्ति बागची ने स्वीकार किया कि जिन लोगों की अपील अभी लंबित है, वे शायद पश्चिम बंगाल के मौजूदा विधानसभा चुनावों में मतदान नहीं कर पाएंगे, लेकिन वे अपनी अपील जारी रख सकते हैं ताकि भविष्य के लिए मतदाता सूची में उनका नाम बहाल किया जा सके।

#### सीजेआई ने पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड वोटिंग पर खुशी जताई

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने बृहस्पतिवार को राज्य में पहले चरण में भारी मतदान पर खुशी जताई। कहा, भारत के एक नागरिक के रूप में मैं मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुश हूं। जब लोग मतदान के अधिकार का प्रयोग करते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरणों से कहा कि एसआईआर के बाद जिन लोगों का नाम जोड़ने के लिए तत्काल सुनवाई की जरूरत है, उनकी याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाए।

# बंगाल में मतदान केंद्रों पर लगे कैमरों के डेटा की सुरक्षा के लिए कड़े निर्देश

- निर्वाचन अधिकारी के सामने कैमरों से निकाले जाएंगे एसडी कार्ड कैमरा उतारे जाने तक पोलिंग टीम नहीं छोड़ सकेगी मतदान केंद्र

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद नए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसमें मतदान समाप्त होने के बाद निगरानी कैमरों और वीडियो डेटा का सुरक्षा और प्रबंधन के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय किए गए हैं। इसके अलावा पोलिंग टीमों को तब तक मतदान केंद्रों को न छोड़ने का निर्देश दिया है, जब तक वहां से तय प्रोटोकॉल के मुताबिक सारे कैमरे न उतार लिए जाएं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को जारी नए दिशानिर्देशों के अनुसार, मतदान केंद्रों पर लगे कैमरों में उपयोग किए गए एसडी कार्ड मतदान समाप्त होते ही तुरंत नहीं निकाले जा सकेंगे। संबंधित अधिकारियों को केवल कैमरे उतारने की अनुमति होगी, जिसके बाद कैमरे सेक्टर अधिकारी की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा, एसडी कार्ड केवल निर्धारित डेटा संग्रहण और रिसीविंग सेंटर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ही निकाले जा सकेंगे। चुनाव अधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान रिकॉर्ड की गई सभी वीडियो फुटेज को सुरक्षित तरीके से संरक्षित किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, जब तक कैमरा उपकरण पूरी तरह नहीं उतार लिया जाता, तब तक मतदान दल का कोई सदस्य या बीएलओ मतदान केंद्र नहीं छोड़ सकता।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी को सम्मान

**वाशिंगटन।** भारत के थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के 'इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। वह यह सम्मान पाने वाले तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं। यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के विशिष्ट फेलो जनरल द्विवेदी, जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के तीसरे प्रमुख हैं। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज, कार्लाइल बैरक्स का दौरा किया, जहां उन्हें इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह सम्मान पाने वाले वह जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं।

### 250 भारतीय यहूदी इजराइल पहुंचे

**यरूशलम।** इजराइल सरकार की पिछले साल घोषित पहल के तहत पूर्वोत्तर भारत से लगभग 250 यहूदी यहां पहुंचे। पिछले साल नवंबर में सरकार ने अगले पांच वर्षों में इजराइल में आव्रजन के लिए हजारों यहूदियों को धन मुहैया कराने का वादा किया था, जिसके तहत बीने मनेशे समुदाय का पहला समूह बृहस्पतिवार को इजराइल पहुंचा। बीने मनेशे समुदाय मणिपुर और मिजोरम के कुछ हिस्सों में रहता है। समुदाय का दावा है कि उनका वंश बाइबिल में उल्लेखित मनेशे कबीले से है। यह समुदाय 1990 के दशक से धीरे-धीरे इजराइल पहुंच रहा है। पिछले तीन दशकों में समुदाय के लगभग 4,000 सदस्य इजराइल आ चुके हैं और लगभग 6,000 अन्य सदस्य इजराइल आने का इंतजार कर रहे हैं।

### दुष्कर्म केस में ब्रिटिश व्यक्ति को उम्रकैद

**लंदन।** ब्रिटेन के वॉल्सॉल में एक सिख महिला से बलात्कार के मामले में दोषी करार दिए गए 32 वर्षीय ब्रिटिश व्यक्ति को शुक्रवार को बर्मिंघम क्राउन अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई। जॉन एशबी नाम के ब्रिटिश व्यक्ति को पिछले साल अक्टूबर में उस हमले के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसने धार्मिक घृणा से प्रेरित वारदात कर वेस्ट मिडलैंड्स में समुदाय को सदमे में डाल दिया था। व्यक्ति ने शुरू में यौन उत्पीड़न, गला घोंटने, नस्ली रूप से शारीरिक नुकसान पहुंचाने और डकैती के आरोपों से इनकार किया था, लेकिन बाद में उसने अपराधों को स्वीकार कर लिया। दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई और पैरोल पर विचार से पहले उसे 14 साल जेल में रहना होगा।

## अल्जीरिया में नौका पलटने से 17 सोमाली प्रवासियों की मौत

मोगादिशु, एजेंसी

● मृतकों में 12 पुरुष और पांच महिलाएं शामिल

अल्जीरिया और स्पेन के बीच समुद्री क्षेत्र में एक नौका के पलट जाने के बाद कम से कम 17 सोमाली प्रवासी मारे गए। अल्जीरिया में सोमालिया के राजदूत ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राजदूत यूसुफ अहमद हसन ने सोमालिया की सरकारी मीडिया को बताया कि अपने परिचितों की तलाश कर रहे लोगों ने उनसे संपर्क किया। यूरोप की यात्रा के दौरान नौका के पलटने के बाद डूबने से 12 पुरुष और पांच महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मुझसे उन अभिभावकों ने संपर्क किया जो अपने बच्चों की तलाश कर रहे थे और उनके बारे में जानना चाहते थे। हसन ने बताया कि इसके बाद उन्होंने अल्जीरियाई विदेश मंत्रालय से संपर्क किया, जिसने उन्हें सूचित किया कि राजधानी अल्जीयर्स से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में एक तटीय प्रांत में अफ्रीकी प्रवासियों के एक समूह में शामिल लोगों की मौत हो गई है।

यूरोप जाने की कोशिश कर रहे प्रवासियों के लिए, उत्तरी अफ्रीका और स्पेन के बीच का मार्ग आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों में से एक है।

## पाकिस्तान में अल्पसंख्यक महिलाओं की स्थिति चिंताजनक

### संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा, कार्रवाई में कमी से बढ़ रहे धर्मांतरण और अगवा किए जाने के मामले

लंदन, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की लड़कियों और महिलाओं को अगवा किए जाने तथा जबरन शादी के जरिये उनका धर्मांतरण कराए जाने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है।

उन्होंने कहा है कि कार्रवाई की कमी" ऐसे मामलों में वृद्धि का कारण बन रही है। जेनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) के विशेषज्ञों ने बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, धर्म या आस्था में कोई भी बदलाव वास्तव में दबाव मुक्त होना चाहिए। साथ ही शादी दोनों पक्षों की पूर्ण एवं स्वतंत्र सहमति पर आधारित होनी चाहिए, जो कानूनी रूप से तब संभव नहीं है, जब पीड़ित नाबालिग हो।

विशेषज्ञों के मुताबिक, पाकिस्तान में 2025 में अपहरण, जबरन शादी और धर्मांतरण से पीड़ित लड़कियों एवं महिलाओं में से लगभग 75 फीसदी हिंदू और 25 प्रतिशत ईसाई समुदाय की थीं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं में 80 फीसदी घटनाएं सिंध प्रांत से दर्ज की गईं। विशेषज्ञों के अनुसार, कार्रवाई की कमी लगातार जारी इस कृत्य को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, 14 से 18 साल की उम्र की किशोरियों को खास तौर पर निशाना बनाया जाता है। गरीब और हाशिये पर रहने वाले परिवारों की लड़कियों और युवतियों के साथ ऐसे कृत्य होने की आशंका ज्यादा रहती है। विशेषज्ञों ने कहा कि पीड़ित लड़कियों और महिलाओं को न सिर्फ शारीरिक एवं यौन हिंसा, सामाजिक कलंक और गंभीर आघात का सामना करना पड़ता है, बल्कि धर्म और आस्था के पालन की उनकी आजादी भी छीन ली जाती है। उन्होंने कहा, ये महिलाएं और लड़कियां लगातार आतंक के साये में जी रही हैं... इसे रोकना होगा।

### गाजा युद्ध में प्रतिदिन औसतन 47 महिलाएं मारी गईं : संरा

**न्यूयॉर्क।** गाजा पट्टी में अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2025 के बीच इजरायल की सैन्य कार्रवाई में 38,000 से अधिक महिलाएं और लड़कियां मारी गयी हैं, जो इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 47 मौतों के बराबर है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महिला इकाई की रिपोर्ट गाज़ा में युद्ध की कीमत: महिलाओं और लड़कियों में कहा गया है कि यह संख्या उसी अवधि में दर्ज कुल मौतों के आधे से अधिक है। गाज़ा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजरायल के सैन्य अभियान में अब तक 71,200 लोगों की मृत्यु दर्ज की गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की कुल हिस्सेदारी सभी मृतकों में आधे से अधिक है। साथ ही यह भी संकेत दिया गया है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि मलबे में दबे शवों को निकालने में कठिनाई और स्वास्थ्य तथा सूचना तंत्र के बाधित होने के कारण कई मामलों की रिपोर्टिंग नहीं हो पाई है। आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों की मौतों में वृद्धि उन अवधियों में देखी गई जब नागरिक ढांचे जैसे घर, स्कूल और आश्रय स्थलों का व्यापक विनाश हुआ। अनुमान है कि गाज़ा में लगभग 11,000 महिलाएं, लड़कियां विकलांगता का सामना कर रही हैं।

# इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था के लिए नाबालिग को बाध्य नहीं कर सकते

### सुप्रीम कोर्ट ने सात महीने से अधिक प्रेग्नेंट लड़की को अबॉर्शन की दी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को 15 वर्षीय लड़की को सात महीने से अधिक की गर्भावस्था को चिकित्सीय समापन कराने की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला, विशेषकर नाबालिग को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था पूरी अवधि तक जारी रखने के लिए बाध्य नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि जन्म लेने वाले बच्चे की अपेक्षा गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि ऐसी गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा की संभावनाओं, सामाजिक स्थिति और समग्र विकास पर दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला की प्रजनन संबंधी स्वायत्तता को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। यदि किसी महिला को अवांछित गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जाता है, तो यह उसके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। पीठ ने कहा कि अपने शरीर से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार विशेषकर प्रजनन के मामलों में संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का अभिन्न हिस्सा है। यह अधिकार अव्यावहारिक प्रतिबंध लगाकर निष्प्रभावी नहीं किया जा सकता, खासकर नाबालिगों और अवांछित गर्भावस्था जैसे मामलों में। न्यायालय ने कहा कि किसी भी अदालत को किसी महिला और विशेष रूप से नाबालिग बच्ची को उसकी स्पष्ट इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था पूरी अवधि तक ढोने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। ऐसा करना न केवल उसकी निर्णय लेने की स्वतंत्रता की अनदेखी होगी, बल्कि यदि उसे बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाए तो उसे गंभीर मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक आघात भी पहुंचेगा। पीठ ने कहा कि राहत देने से इनकार नाबालिग को अपरिवर्तनीय परिणाम झेलने के लिए मजबूर करेगा और ऐसा दृष्टिकोण प्रजनन विकल्प को मौलिक अधिकार मानने वाले संवैधानिक तथा स्थापित सिद्धांतों के विपरीत होगा।

### गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण

न्यायालय ने कहा कि गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण है, न कि जन्म लेने वाले बच्चे की। पीठ ने कहा कि यह कहना आसान है कि यदि गर्भवती महिला बच्चे का पालन-पोषण नहीं करना चाहती तो वह उसे गोद दे सकती है, इसलिए उसे बच्चे को जन्म देना ही चाहिए। लेकिन यह विचार विशेषकर उन मामलों में स्वीकार्य नहीं हो सकता, जहां जन्म लेने वाला बच्चा अवांछित हो। ऐसी स्थिति में महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध बच्चे को जन्म देने और गर्भावस्था जारी रखने का निर्देश देना गर्भवती महिला के कल्याण को नकारना होगा और उसे अभी जन्म न लेने वाले बच्चे के हितों के अधीन कर देगा। संवैधानिक अदालतों को ऐसे मामलों में जन्म लेने वाले बच्चे के बजाय गर्भवती महिला के कल्याण को ध्यान में रखते हुए परिस्थितियों का मूल्यांकन करना चाहिए।

### गर्भसमापन के लिए सभी तथ्यों, परिस्थितियों पर देना होगा ध्यान

न्यायालय ने कहा कि संवैधानिक अदालत को उन सभी तथ्यों और परिस्थितियों को उस पक्ष के दृष्टिकोण से देखना चाहिए, जो गर्भसमापन चाहती है और चिकित्सकीय जोखिम उठाने को तैयार है, न कि गर्भावस्था पूरी कर अवांछित बच्चे को जन्म देने का निर्देश देना चाहिए। पीठ ने कहा कि यह चिंताजनक है कि यदि संवैधानिक अदालत यह कहे कि अवांछित गर्भावस्था भी जारी रखनी होगी, तो अनुमति लेने के लिए अदालत आने के बजाय लोग अवैध गर्भपात केंद्रों का रुख करेंगे या गुपचुप रूप से गर्भसमापन कराएंगे, जिससे गर्भवती महिला को अधिक खतरा होगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस मामले में लड़की 15 वर्ष की है और गर्भावस्था अवांछित है इसलिए इसे जारी रखना नाबालिग गर्भवती के हित में नहीं है, विशेषकर तब जब उसने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया है।

## पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां होने के उनके आरोपों से जुड़े मामले में दायर की गई थी। न्यायमूर्ति पार्थिव ज्योति सैकिया की एकल पीठ ने सोमवार को खेड़ा द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता को गुवाहाटी उच्च न्यायालय का रुख करने के लिए कहा था।

एक संवाददाता सम्मेलन में खेड़ा द्वारा लगाए इन आरोपों के बाद मुख्यमंत्री शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा ने कांग्रेस नेता और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गुवाहाटी अपराध शाखा पुलिस थाने में आपराधिक मामले दर्ज कराए थे। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि जो आरोप उन्होंने लगाए हैं, वे कुछ दस्तावेजों पर आधारित हैं, जो उनके पास हैं जबकि पुलिस ने दावा किया कि उन दस्तावेजों को पहले ही फर्जी साबित किया जा चुका है। अदालत ने कहा कि मामला दर्ज होने के बाद याचिकाकर्ता ने यह कहीं नहीं कहा कि पुलिस ने झूठे या मनगढ़ंत दावे किए हैं।

## 18 माह बाद 400 फिट ऊंचे टावर से उतारा गया युवक

समाना, एजेंसी

● गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर सख्त कानून की थी की मांग



पंजाब में बेअदबी की घटनाओं के लिए सख्त कानूनों की मांग को लेकर करीब 560 दिनों से 400 फुट ऊंचे मोबाइल टावर पर बैठे कार्यकर्ता गुरजीत सिंह खालसा को आखिरकार शुक्रवार सुबह नीचे उतार लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम के साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब के अपमान के लिए कड़ी सजा की मांग कर रहे खालसा (43) के अनूठे ढंग से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन का समापन हो गया।

उन्होंने 12 अक्टूबर 2024 को पटियाला के समीप समाना में स्थित टावर पर चढ़कर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। पटियाला के एक दमकल अधिकारी ने बताया कि दमकलकर्मियों, पुलिस और नगर निकाय के अधिकारियों की एक टीम ने विशेष 'क्रेन-लिफ्ट' की मदद से उन्हें नीचे उतारा। कार्यकर्ता को टावर से उतारते समय उन्होंने हाथ हिलाकर अपने उन समर्थकों का अभिवादन किया जो नीचे खड़े थे। इस बीच एक समर्थक ने चिल्लाकर कहा कि खालसा 'चढ़दी कला' (जोश) में हैं। खालसा को 'सिख जयकारा' और 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारों के बीच टावर से उतारने के बाद चिकित्सा जांच के लिए एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाया गया। इस बीच उनके समर्थकों ने उन पर फूल बरसाए। कई स्थानीय लोगों को अपने घरों की छतों से इस पूरी प्रक्रिया को देखते हुए देखा गया। पटियाला जिले के खेड़ी नगैयां गांव के निवासी कार्यकर्ता ने जमीन पर कदम रखते हुए कहा कि हम जीत गए हैं। खालसा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां को बेअदबी विरोधी कानून लागू करने के लिए धन्यवाद दिते हुए कहा कि गुरु की कृपा से मैं 18 महीने और 12 दिन बाद सुरक्षित वापस आ गया हूं। मैं पंजाब सरकार का आभारी हूं। पंजाब सरकार ने गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ संशोधित कानून जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' को हाल ही में अधिसूचित कर दिया है, जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के किसी भी कृत्य के लिए आजीवन कारावास और 25 लाख रुपये तक के जुर्माने समेत कठोर दंड का प्रावधान है।

## इजराइल-लेबनान संघर्ष विराम तीन सप्ताह के लिए बढ़ा

● ट्रंप बोले-दोनों देशों के राजदूतों के बीच सार्थक रही बैठक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस में हुई बातचीत इजराइल एवं हिजबुल्ला चरमपंथी समूह के बीच युद्धविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाने पर सहमति जताई है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि बृहस्पतिवार के बाद इजराइल और लेबनान ने ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में इजराइल और लेबनान के राजदूतों के बीच हुई बैठक सार्थक रही। राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में हुई एक बैठक के दौरान हालांकि ट्रंप ने स्वीकार किया कि उन्हें हिजबुल्ला के बारे में भी सोचना होगा। हालांकि ईरान समर्थित इस समूह ने वार्ता का विरोध किया है और पिछले शुक्रवार को प्रारंभिक युद्धविराम लागू होने के बाद से दोनों पक्षों द्वारा कई बार इसका उल्लंघन किया गया है। इजराइल और लेबनान के बीच दशकों में यह पहली सीधी राजनयिक वार्ता थी। दोनों पक्षों के बीच हुआ शुरुआती 10 दिवसीय युद्धविराम सोमवार को खत्म होने वाला था। ट्रंप ने सोशल पोस्ट में कहा कि लेबनान को हिजबुल्ला से रक्षा में मदद करने के लिए अमेरिका उसके साथ काम करेगा। बाद में ओवल ऑफिस में कहा कि ट्रंप उम्मीद है कि अगले कुछ हफ्तों में वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से वाशिंगटन में मुलाकात करेंगे।

## आरएसएस 'कु क्लक्स क्लैन' का भारतीय संस्करण नहीं : होसबाले

वाशिंगटन, एजेंसी

● सरकार्यवाह बोले-संगठन के बारे में कई हैं गलतफहमियां

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में कहा कि आरएसएस अमेरिकी श्वेत वर्चस्ववादी समूह 'कु क्लक्स क्लैन' का कोई भारतीय संस्करण नहीं है। साथ ही उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के कार्यों पर प्रकाश डाला।

हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 'न्यू इंडिया कॉन्क्लेव' में संवादात्मक सत्र के दौरान होसबाले ने कहा कि अमेरिका में भारत के बारे में गलतफहमियों की तरह ही आरएसएस के बारे में भी गलत धारणाएं हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को लेखक वाल्टर रसेल मीड के साथ चर्चा के दौरान कहा कि दशकों से जानबूझकर या अनजाने में अन्यथा किसी एजेंडा के तहत इस तरह की धारणा गढ़ी गई है कि आरएसएस



एक हिंदू वर्चस्ववादी संगठन है या यह ईसाई विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी, विकास विरोधी और आधुनिकीकरण का विरोधी है। होसबाले ने कहा कि इसलिए सकारात्मक कार्यों को कभी उजागर नहीं किया गया। इसके बजाय हमेशा गलत छवि का ही प्रचार किया जाता रहा है... जैसे हम 'कु क्लक्स क्लैन' का कोई भारतीय संस्करण हों, जो कि हम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू दर्शन और संस्कृति पूरे विश्व को एक परिवार की तरह देखती है और यह वर्चस्ववाद का समर्थन नहीं करती। आरएसएस सरकार्यवाह ने कहा, हम सजीव और निर्जीव, हर चीज में एकता देखते हैं। जब यही हिंदुओं का मूल दर्शन है, तो श्रेष्ठता का प्रश्न ही नहीं उठता। इतिहास में हिंदुओं ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया है। होसबाले ने आरएसएस को भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विचारधारा में निहित एक स्वयंसेवी आंदोलन के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि आरएसएस भारत के प्राचीन समाज की सांस्कृतिक और सभ्यतागत मूल्यों से प्रेरित एक जन स्वैच्छिक आंदोलन है जिसे सामान्यतः हिंदू संस्कृति के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि चरित्रवान, आत्मविश्वासी, समाज सेवा का भाव रखने वाले और समाज को संगठित करने में सक्षम स्वयंसेवकों को तैयार करने के लिए संघ एक घंटे की दैनिक और साप्ताहिक शाखाओं का आयोजन करता है।

## सीबीएसई 10वीं : दूसरी बोर्ड परीक्षा को 6.68 लाख से अधिक आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए 6.68 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें अधिकांश आवेदन मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों में सुधार के लिए हैं, जिसके परिणाम इस महीने की शुरुआत में घोषित किए गए थे। सीबीएसई के अनुसार, दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 6,68,854 नियमित उम्मीदवारों ने आवेदन किया है जिनमें से 5,25,655 ने सुधार के लिए, 85,285 ने कंपार्टमेंट श्रेणी के तहत तथा 57,914 ने कंपार्टमेंट तथा सुधार दोनों श्रेणियों के लिए आवेदन किया है। बोर्ड ने बताया है कि 2026 से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो बार कराई जा रही है। इसके तहत छात्रों को पहली (मुख्य) परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा।

## शरण देने के ट्रंप के प्रतिबंध को अवैध बताया

**वाशिंगटन।** एक अपीलीय अदालत ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी, जिसके तहत शरण देने की सुविधा को निलंबित कर दिया गया था। यह आदेश रिपब्लिकन राष्ट्रपति की अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर प्रवासन पर नकेल कसने की योजना का एक प्रमुख स्तंभ था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज निर्णय लेने से पहले स्थिति को पूरी तरह समझना जरूरी होगा। दिन के दूसरे हिस्से में चीजें स्पष्ट होंगी।

**वृष** – आज किसी बात को लेकर मन में दबाव रह सकता है। कारोबार में बड़ी साझदारी हो सकती है। धैर्य बनाए रखें।

**मिथुन** – आज का दिन अच्छा रहेगा। संपर्क आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। सही समय पर लिया गया निर्णय आपको आगे बढ़ाएगा।

**कर्क** – आज आपका ध्यान परिवार से जुड़े मामलों पर रहेगा। किसी जिम्मेदारी को निभाने का समय है। भावनाओं पर नियत्रंण रखें।

**सिंह** – आज आपके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई नया काम शुरू करने की सोच सकते हैं। दिन का दूसरा भाग आपके लिए अनुकूल रहेगा।

**कन्या** – आज आपको अपने कामों पर ध्यान देना होगा। किसी भी लापरवाही से बचें। छोटे-छोटे प्रयास ही आपको सही परिणाम देगा।

**तुला** – आज किसी नई योजना की शुरुआत हो सकती है। आपको अपने तरीके से काम करने का मौका मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज विदेश से जॉब के ऑफर मिलने की संभावना बन रही है। दूसरों के कार्यों में टांग न अड़ाएं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**धनु** – आज परिस्थितियों के लगातार अनुकूल होने से खुश रहेंगे। ऑफिस में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मकर** – आज कुछ लोग आपके कार्यों में अवरोध डालने का प्रयास कर सकते हैं। नया कार्य आरंभ करने में जल्दबाजी न करें।

**कुंभ** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। व्यवसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**मीन** – आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। प्रशासन से जुड़े लोग कार्यों से संतुष्ट रहेंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 18.27 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्लेषा 20.04 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

### सुडोकू -130

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 5 | | | | |
| 6 | | | 4 | | | 9 | | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| 9 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | 6 | | | 1 | 3 | | 5 |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| 5 | | | 1 | 3 | | | 2 | |
| | 7 | 1 | | | 4 | | | 9 |
| | | | 5 | 9 | | 6 | | |

## शोध

### नींद संबंधी समस्याओं का प्रभावी इलाज होने पर दूर हो सकते हैं डायबिटीज, हृदयरोग, अवसाद जैसे कई लक्षण

# अनिद्रा अपने आप में एक बीमारी, अलग से इलाज की जरूरत

ब्रिटेन, एजेंसी

अनिद्रा यानी नींद न आने की समस्या संभवतः प्राचीनकाल से ही इंसानों को परेशान करती आ रही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पिछले 20 वर्षों में इसकी समझ हासिल करने की कोशिशों में काफी प्रगति की है। आज अनिद्रा ब्रिटेन में लोगों के सामने सबसे आम मानसिक समस्याओं में से एक बन गई है।

इंग्लैंड में लगभग एक-तिहाई वयस्क अनिद्रा से जुड़े लक्षणों का सामना करने की बात स्वीकार करते हैं। अनिद्रा को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि ज्यादातर मामलों में इसकी शिकायत शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण उभरती है। अनिद्रा के शिकार अधिकांश लोगों को डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थॉयराइड, पेट से जुड़ी समस्याओं, लंबे समय से बरकरार दर्द, बेचैनी या अवसाद की शिकायत होती है। अनिद्रा जब किसी दूसरी बीमारी या समस्या का नतीजा होती है, तो उसे सेकेंडरी इंसोमेनिया कहा जाता है। यही कारण है कि पहले डॉक्टर अक्सर सिर्फ मुख्य बीमारी का इलाज करते थे और सेकेंडरी इंसोमेनिया का अलग से उपचार करने पर ध्यान नहीं देते थे। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में शोध और नैदानिक अनुभव, दोनों से पता चला कि यह तरीका सही नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ मामलों में अनिद्रा की शिकायत किसी मुख्य बीमारी के उभरने से पहले से ही हो सकती है, जबकि कुछ मामलों में यह उसके ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रह सकती है। प्राइमरी और सेकेंडरी इंसोमेनिया से चिकित्सकीय रूप से निपटने के तरीके में इस अंतर को त्यागना इस बात को स्वीकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम था कि अनिद्रा अक्सर अपने आप में एक स्वतंत्र बीमारी होती है, जिसका अलग से इलाज करना जरूरी है। शोधकर्ताओं ने इस बात के पुख्ता सबूत जुटाए हैं कि अगर लोगों की नींद संबंधी समस्याओं का प्रभावी इलाज किया जाए, तो उनमें मौजूद डायबिटीज, हृदयरोग, अवसाद, मनोभ्रंश, शराब की लत, बाइपोलर डिसऑर्डर आदि में सुधार हो सकता है।

### किसे होती है अनिद्रा की शिकायत?

पिछले दो दशक में दुनियाभर से अधिक सटीक आंकड़े मिले हैं, जो यह दर्शाते हैं कि अनिद्रा की समस्या कितनी आम है। यह लगभग सभी वर्गों को प्रभावित करती है, लेकिन महिलाएं, बुजुर्ग और गरीब एवं हाशिये पर पड़े लोग इसके प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं, क्योंकि उनमें अक्सर जैविक, मानसिक और सामाजिक, तीनों कारक मिलकर अनिद्रा की समस्या को जन्म देते हैं। महिलाओं के सामने हार्मोन में बदलाव, गर्भावस्था, शिशु का जन्म, स्तनपान, रजोनिवृत्ति, घरेलू हिंसा, दूसरों की देखभाल की जिम्मेदारी, चिंता और अवसाद जैसी स्थितियां आती हैं।

## बेयरबॉक 28 अप्रैल को भारत यात्रा पर आएंगी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की अध्यक्ष सुश्री एन्नालेना बेयरबॉक 28 अप्रैल को भारत की यात्रा पर आयेंगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बेयरबॉक की यह यात्रा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है और वह विदेश मंत्री के साथ आपसी हित के महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगी। बेयरबॉक महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। वह एआई पर इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक सत्र में भी भाग लेंगी।



> हमारा प्रदर्शन खराब इसलिए दिख रहा है क्योंकि हम हर मैच में लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। पिछले मैच में हमने एक ही ओवर में तीन विकेट गंवा दिए थे और हमारी बल्लेबाजी भी बहुत अच्छी नहीं रही थी।
>
> –ट्रिस्टन स्टब्स, दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज


# स्टेडियम

बरेली, शनिवार, 25 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

पंजाब किंग्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स

**समय** - दोपहर 3:30 बजे

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट

## भारत 2047 तक शीर्ष पांच खेल देशों में होगा शामिल : मांडविया

**बडगाम।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2036 तक दुनिया के शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में शामिल होगा और 2047 तक शीर्ष पांच देशों में अपनी जगह बना लेगा। मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने खेल प्रशासन को अधिक सुव्यवस्थित किया है और देश में एक संगठित खेल ढांचा तैयार किया गया है। उन्होंने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के ओमपोरा में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 30-बिस्तर वाले अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद कहा सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दे रही है।

## भारतीय पुरुषों ने कनाडा को हराया


**होर्सेंस (डेनमार्क)।** लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने शुक्रवार को यहां थॉमस कप फाइनल्स के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की। हालांकि महिला वर्ग में भारत को निराशा हाथ लगी। उबेर कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में भारत मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गया। लक्ष्य सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई व केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया।

## आत्मसम्मान बचाने उतरेगी महिला टीम

**जोहान्सबर्ग।** पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला गंवाने के बावजूद भारत के पास शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में बहुत कुछ दांव पर होगा, जिसमें अपनी प्रतिष्ठा बचाना, लय वापस पाना और इस प्रारूप के आगामी विश्व कप के लिए रणनीति तय करना शामिल है। मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही पांच मैचों की इस शृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है और टीम का लक्ष्य इस अभियान को जारी रखते हुए सूपड़ा साफ करना है।

# सुदर्शन के शतक पर भारी पड़ी विराट कोहली की पारी

## आईपीएल-2026 : बेंगलुरु ने गुजरात को 5 विकेट से हराया




विराट कोहली।

**बेंगलुरु एजेंसी**

विराट कोहली (81) और देवदत्त पड़िक्कल (55) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को सात गेंद शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

206 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज ने जेकब बेथेल (14) रन को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पड़िक्कल की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 115 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में राशिद खान ने देवदत्त पड़िक्कल को आउट कर इस साझेदारी क अंत किया। पड़िक्कल ने 27 गेंदों में दो चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 55 रन बनाये। अगले ही ओवर में जेसन होल्डर ने शतक की ओर बढ़ रहे विराट कोहली को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली ने 44 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 81 रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों ने टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया था। ऐसे समय में कप्तान रजत पाटीदार (आठ) और जितेश शर्मा (10) के विकेट गिरने के बाद आरसीबी पर संकट मंडराने लगा।

### गुजरात टाइटंस

**205/3** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का एवं बो हेजलवुड | 100 |
| शुभमन गिल का पडिक्कल बो सूयश | 32 |
| जोस बटलर का हेजलवुड बो भुवनेश्वर | 25 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 23 |

**अतिरिक्त** : 06, **विकेट पतन** : 1-128, 2-160, 3-177, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-31-1, हेजलवुड 4-0-40-1, रसिख सलाम 3-0-28-0, कृणाल पांड्या 4-0-50-0, शेफर्ड 1-0-17-0, सूयश शर्मा 4-0-36-1

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**206/5** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैकब बेथेल का शाहरूख बो सिराज | 14 |
| विराट कोहली बो होल्डर | 81 |
| देवदत्त पडीक्कल का राशिद खान | 55 |
| रजत पाटीदार का सुंदर बो सुथार | 08 |
| जितेश शर्मा का सुथार बो राशिद खान | 10 |
| टिम डेविड नाबाद | 10 |
| कृणाल पांड्या नाबाद | 23 |

**अतिरिक्त** : 05, **विकेट पतन** : 1-26, 2-141, 3-154, 4-171, 5-173

**गेंदबाजी** : सिराज 3-0-25-1, रबाडा 4-0-45-0, जेसन होल्डर 3.5-0-35-1, प्रसिद्ध कृष्णा 2-0-31-0, राशिद खान 4-0-49-2, मानव सुथार 2-0-19-1

इसके बाद क्रुणाल पंड्या और टिम डेविड की जोड़ी ने संभलकर खेलते हुए आरसीबी की जीत सुनिश्चित की। आरसीबी ने 18.5 ओवरों में पांच विकेट पर 206 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम कर लिया। क्रुणाल पंड्या ने 12 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 23 रनों की पारी खेली। वहीं टिम डेविड ने नौ गेंदों में नाबाद 10 रन बनाये। गुजरात टाइटंस के लिए राशिद खान ने दो विकेट लिये। मोहम्मद सिराज, जेसन होल्डर और मानव सुथार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले साई सुदर्शन (100) की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 205 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़कर अपनी टीम अच्छी शुरुआत दिलाई। 13वें ओवर में सुयश शर्मा ने शुभमन गिल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शुभमन गिल ने 32 रन बनाए। 16वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने शतक बना चुके साई सुदर्शन को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। साई सुदर्शन ने 58 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 100 रनों की पारी खेली। 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने जॉस बटलर को आउट कर आरसीबी को तीसरी सफलता दिलाई। जॉस बटलर ने 16 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 25 रन बनाये। जेसन होल्डर ने आखिरी ओवर में दो छक्के एक चौका जड़ गुजरात का स्कोर 200 रनों के पार पहुंचाया।

### ऑरेंज कैप






- विराट कोहली बेंगलुरु -328 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदराबाद -320

### पर्पल कैप






- अंशुल कंबोज चेन्नई - 14 विकेट
- प्रिंस यादव गुजरात - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 4. | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | 0.118 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.790 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

## संजू सैमसन की शतकीय पारी को कुंबले और हरभजन ने जमकर सराहा

**मुंबई, एजेंसी।** अनिल कुंबले और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गज स्पिनरों ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ संजू सैमसन के शतक की जमकर सराहना की। उन्होंने इसे परिस्थिति के हिसाब से सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। सैमसन की 54 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने छह विकेट पर 207 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को 104 रन पर आउट कर बड़ी जीत दर्ज की। मौजूदा सत्र में यह सैमसन का दूसरा शतक है। पूर्व स्पिनर कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहासीएसके की सफलता अक्सर उनके सलामी बल्लेबाजों की मजबूत शुरुआत पर टिकी रही है लेकिन पिछले कुछ सत्र में टीम को इस मामले में निराशा मिली है। सैमसन ने इस जिम्मेदारी को उठाने की कोशिश की है। सिर्फ सात मैचों में दो नाबाद शतक, और उन्होंने टीम को संभालने में अहम



भूमिका निभाई है। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस शतक को सैमसन की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा संजू सैमसन इसलिए अलग नजर आए क्योंकि उनकी खेल की समझ बहुत मजबूत थी। बहुत से खिलाड़ियों में प्रतिभा होती है, लेकिन बहुत कम खिलाड़ी यह समझ पाते हैं कि अलग-अलग परिस्थितियों में पारी को कैसे गति देनी है। उन्होंने यह समझा कि खासकर एक युवा टीम के साथ अंत तक टिके रहना कितना जरूरी है।

## रॉयल्स की नजरें सनराइजर्स के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने पर

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी।

यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है। टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी किसी भी टीम के लिए खतरा बनी हुई है। रॉयल्स को दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में हर विभाग (पावरप्ले, मध्य ओवर और आखिरी ओवर) में संघर्ष करना पड़ा था, और टीम इस बार माकूल जवाब देने के इरादे से उतरेगी। सनराइजर्स की बल्लेबाजी की ताकत उनके शीर्ष क्रम में है, जहां इशान किशन और हेनरिक क्लासेन पहले ही कई मौकों पर आक्रामक प्रदर्शन कर चुके हैं। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड भी तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। हिंगे और साकिब दोनों ने रॉयल्स के खिलाफ अपने आईपीएल पदार्पण में चार-चार विकेट लिए, लेकिन सनराइजर्स की गेंदबाजी अपेक्षाकृत अनुभवहीन है। टीम कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में संघर्ष कर रही है, हालांकि हाल के मैचों में कुछ सुधार देखने को मिला है। रॉयल्स की टीम मध्यक्रम की बल्लेबाजी को छोड़कर लगभग हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के नाम सात मैचों में पांच जीत हैं। उनकी बल्लेबाजी की रीढ़ युवा खिलाड़ियों पर टिकी है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद** : ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिम्रोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रविंद्र जड़ेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नंद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा।



अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स के बल्लेबाज अभिषक शर्मा। एजेंसी

## दिल्ली के सामने अपराजेय पंजाब की चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 47 रन से हार का सामना करने वाली दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या उसकी बल्लेबाजी में अस्थिरता रही है। केएल राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने कुछ पारियों में योगदान दिया है, लेकिन पूरी टीम एक साथ प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं, जिससे मध्यक्रम पर दबाव बढ़ गया है। कप्तान अक्षर पटेल से भी उम्मीद की जा रही है कि वह बल्ले और रणनीति दोनों में अधिक जिम्मेदारी निभाएं।



दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल और पथुम निसांका। एजेंसी

### टीम

**दिल्ली कैपिटल्स** : अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब नबी डार, नीतीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगिसानी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिचेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद।

## सचिन ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन

**मुंबई।** भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को अपना 53वां जन्मदिन अपने घर पर परिवार और विभिन्न आयु वर्ग के प्रशंसकों की मौजूदगी में मनाया। इस मौके पर उनकी पत्नी अंजलि भी उनके साथ मौजूद रहीं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने अपने आवास पर पहुंचे प्रशंसकों की तालियों और उत्साह के बीच केक काटा। उन्होंने इस दौरान अपनी तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनी एक छोटी बच्ची को देखकर उसे गोद में भी उठा लिया, जिससे माहौल और भावुक हो गया। तेंदुलकर ने इससे पहले दिन की शुरुआत में सोशल मीडिया पर अपनी मां, पत्नी अंजलि और अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा मेरी सुबह की परफेक्ट शुरुआत आई (मां), अंजलि और इस शरारती के साथ हुई। इससे बेहतर क्या हो सकता है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने तेंदुलकर के जन्मदिन के मौके पर आयोजित लीजेंड्स क्लब कार्यक्रम के दौरान उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।




पत्नी अंजलि तेंदुलकर और फैंस के साथ जन्मदिन मनाते सचिन तेंदुलकर। एजेंसी




### दी सफाई

**मुंबई इंडियंस की लगातार हार पर बोले मुख्य कोच महेला जयवर्धने, थकान की आशंकाओं को किया खारिज**

# मुंबई को आत्मविश्वास, एकाग्रता व अनुशासन की जरूरत

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप में खेलने के कारण लेकर थकान की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि टीम लय और आत्मविश्वास हासिल करने पर ध्यान दे रही है।

मुंबई इंडियंस की टीम में सूर्यकुमार और हार्दिक के अलावा जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा पिछले महीने आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि मिचेल सैंटनर ने इस विश्व कप में न्यूजीलैंड की अगुवाई की थी और अनुभवी क्विंटन डिकॉक दक्षिण अफ्रीका टीम के अहम सदस्य थे। मुंबई इंडियंस को बृहस्पतिवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 103 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है। यह टीम की सात मैचों में पांचवीं हार थी।

कप्तान हार्दिक पांड्या ने छह मैचों में केवल तीन विकेट लिए हैं और 97 रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव सात मैचों में 156 रन ही बना सके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह (2 विकेट) और तिलक वर्मा (181 रन) भी एक पारी को छोड़ दे तो खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

जयवर्धने ने मैच के बाद कहा, "मौजूदा दौर में सभी खिलाड़ी पेशेवर हैं। विश्व कप खेलने वाले कई खिलाड़ी ब्रेक के बाद आईपीएल में लौटे हैं। मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ी खुद भी थकान को कारण मानेंगे। हमें लय और निरंतरता हासिल करनी है। यही हमारी सबसे बड़ी कमी रही है। गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, लेकिन बल्लेबाजी भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा, "हमें वह संतुलन ढूंढना होगा जहां हम मुकाबला कर सकें। हम अगर अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें तो हमारे पास अच्छा मौका है, लेकिन अगले सात मैचों के लिए आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन जरूरी है।

इस बीच न्यूज़ीलैंड के टी20 कप्तान मिचेल सैंटनर को चोट के बाद स्कैन के लिए भेजा गया। उन्हें डाइव लगाकर कैच लेने के दौरान सिर, गर्दन और कंधे में चोट लगी थी। उनकी जगह कंकशन सब्स्टीट्यूट के रूप में शार्दुल ठाकुर को बल्लेबाजी के लिए उतारा गया। जयवर्धने ने कहा उसके सिर पर पहले चोट लगी, फिर गर्दन और कंधे पर। मैदान से वापस आने के बाद उसे चक्कर आने लगे, इसलिए उसने स्कैन करवाया। सैंटनर ने डगआउट में कंधे के लिए बर्फ रखी थी, लेकिन उसे लगा कि उसकी हालत स्थिर नहीं है, इसलिए हम उसे स्कैन के लिए ले गए।

### चेहरे पर हाथ रखकर अनोखे जश्न के पीछे कोई खास वजह नहीं : अकील हुसैन

चेन्नई सुपरकिंग्स की जीत में 17 रन पर चार विकेट लेकर अहम योगदान देने वाले अकील हुसैन ने कहा कि चेहरे पर हाथ रखकर उनके अनोखे जश्न के पीछे कोई खास वजह नहीं है। हर खिलाड़ी का अपना एक तरीका होता है। नूर अहमद का एक तरीका है, कुछ फुटबॉल खिलाड़ियों के भी अपने तरीके होते हैं, तो मैंने बस यही चुन लिया। इसके पीछे ज्यादा कुछ नहीं है, यह सिर्फ छोटी-छोटी सफलताओं का जश्न मनाने का तरीका है। हुसैन ने आगे कहा उन्हें पता था कि मुंबई के पास केवल पांच गेंदबाज हैं। उन्हें आखिरी ओवरों में एक ऐसे गेंदबाज का इस्तेमाल करना पड़ा, जिसका शुरू में ज्यादा उपयोग नहीं हुआ था।

